आषाढ़ शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 8 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 318, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

अभिषेक के शतक से जीता भारत 2

अक्षरा सिंह के नया गाना मोहिनी का टीजर रिलीज 16

एक नजर

पुरी रथ यात्रा में भगदड़ से एक की मौत, पांच घायल

पुरी। ओडिशा की तीर्थनगरी पुरी में रविवार को श्रीजगन्नाथ मंदिर से निकलने वाली वार्षिक रथ यात्रा के दौरान भगदड़ में एक श्रद्धालु की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। जिनमें से एक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना उस समय घटी जब भगवान बलभद्र के तालध्वज के रथ को खींचने के लिए भक्तों में होड़ मच गई। सूत्रों ने बताया कि भगदड़ हिंदी स्कूल के पास हुई, जहां एक 60 वर्षीय व्यक्ति बेहोश हो गया। उन्हें जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। भगदड़ में घायल पांच अन्य श्रद्धालुओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। इसके अलावा रथ यात्रा का तीन किलोमीटर लंबा बड़ाडांडा मार्ग में भारी जनसैलाब के चलते दम घुटने के कारण 300 से अधिक भक्तों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

एनसीडब्ल्यू प्रमुख पर टिप्पणी, महुआ पर केस

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा के खिलाफ राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा के बारे में सोशल मीडिया पर अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो पर टिप्पणी की, जिसमें शर्मा को उत्तर प्रदेश के हाथरस में भगदड़ वाली जगह पर पहुंचते हुए दिखाया गया था। मोइत्रा ने बाद में पोस्ट को डिलीट कर दिया था। मूल पोस्ट में एक व्यक्ति को छाता पकड़ कर राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) प्रमुख के पीछे चलते हुए दिखाया गया था।

बस्तर में नक्सलियों ने की अपने पूर्व साथी की हत्या

सुकमा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर में नक्सलियों ने इस बार अपने ही एक पूर्व साथी नक्सली को मौत के घाट उतार दिया। दिनदहाड़े हुई इस हत्या से इलाके में भय का वातावरण हैं। माओवादियों ने जिस साथी नक्सली की हत्या की है वह कोई और नहीं बल्कि आंध्र प्रदेश पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर चुका बारसे मासा हैं। किस्टाराम एरिया कमेटी के सदस्य बारसे मासा पर चार लाख रुपये का इनाम घोषित था। वह करीब तीन मुठभेड़ों में शामिल रह चुका था। उस पर कई थानों में मामले भी दर्ज थे।

जगन्नाथ रथ यात्रा

पुरी में जगन्नाथ रथ यात्रा शुरू हो गई है। जगन्नाथ मंदिर में तीन घंटे के पहांडी अनुष्ठान संपन्न होने के बाद भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा रथों पर सवार किया गया। इस दौरान भगवान के रथ को खींचने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

सोने की चमक बरकरार, 75 हजार रुपये पार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सहालग के पहले दिन से ही सोने की चमक बढ़ना शुरू हो गई है। पीली धातु के 24 कैरेट का भाव 75,200 रुपये प्रति दस ग्राम पहुंच गया है। वहीं सफेद धातु भी 94 हजार रुपये प्रति किलो के पार निकल गई है। बुलियन कारोबारियों का मानना है कि तेजी से चढ़ते भाव को देख कर कहा जा सकता है कि सोना रिकार्ड स्तर की ओर बढ़ रहा है। सहालग में ही रिकार्ड स्थापित कर देगा। चांदी अब तक के सबसे ज्यादा रेट पर है। इसमें तीन प्रतिशत जीएसटी शामिल है।

- 24 कैरेट सोने की कीमत 75,200 रुपये प्रति दस ग्राम

94 हजार रुपये प्रति किलो के पार चांदी भी पहुंची

कीमतें बढ़ने के तमाम कारण मान रहे कारोबारी

इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (इब्जा) के स्टेट हेड अनुराग रस्तोगी बताते हैं कि कीमत बढ़ने का कारण केवल सहालग ही नहीं है। वैश्विक पटल पर उथल-पुथल, देशों के बीच युद्ध की विभीषिका और भंडारण से सोने की चमक बढ़ रही है। भले ही आमजन की पकड़ से सोना दूर हो रहा है। निवेशकों के लिए भी सोना पसंदीदा धातु है। वर्षों की कौन कहे दशकों बाद पीली और सफेद धातु अपने सर्वोच्च ऊंचाई पर है। सर्राफा पटल पर इन दोनों धातुओं की बढ़ती चमक से आमजन और सर्राफ दोनों हैरान हैं।

लखनऊ में सोने का भाव

माह	सोने की कीमत (प्रति10 ग्राम)	चांदी (प्रति किग्रा.)
01 अप्रैल	71,100	78,200
01 मई	72, 800	82,000
01 जून	73,900	93,500
07 जुलाई	75,200	94, 200

नोट- यह आंकडे इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन इब्जा की ओर से दिए गए हैं। इनमें जीएसटी जुड़ी है।

नेपाल से छोड़ा पानी, 13 गांव खाली कराए

श्रावस्ती में बाढ़ में फंसे 11 और कुशीनगर जनपद में 76 लोगों को किया गया रेस्क्यू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : नेपाल में मूसलाधार बारिश के बाद शनिवार रात अचानक पांच लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने से श्रावस्ती और कुशीनगर में बाढ़ में फंसे 87 लोगों को रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सुरक्षित निकाला गया है। पानी छोड़े जाने की सूचना रात्रि 8 बजे राज्य सरकार को मिली इसके बाद बचाव कार्यों की तैयारी हुई और आधी रात से 3 बजे तक आपरेशन चला। 13 गांव खाली कराए गए। इस दौरान कुशीनगर में बाढ़ में फंसे 20 मवेशियों को भी बचाया गया। रविवार को भी बाढ़ प्रभावित 18 गांव के लगभग चार सौ लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि शनिवार रात लगभग आठ बजे राज्य स्तरीय इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर को श्रावस्ती के तहसील जमुनहा की ग्राम पंचायत गजोभरी के ग्राम मोहनपुर भरथा एवं केवटन पुरवा में नेपाल से अचानक छोड़े गए पानी में 11 लोगों के फंसे होने की सूचना मिली, जिसमें तीन बच्चे, पांच महिलाएं और 3 पुरुष थे। तत्काल श्रावस्ती के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी को जानकारी दी गई। वे अपनी टीम के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए मौके पर पहुंचे।

जिला प्रशासन एवं फ्लड पीएसी की टीमों ने ज्वॉइंट रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और लगभग सात-आठ घंटे में सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद राप्ती बैराज स्थित गेस्ट हाउस पहुंचाया गया। देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि लाल भूषण सुशील ने बताया कि सभी पीड़ितों का प्राथमिक उपचार और खाना खिलाने के बाद उन्हे उनके गांव में सुरक्षित भेज दिया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेपाल से छोड़े गए पानी से प्रभावित श्रावस्ती और कुशीनगर के जिलाधिकारियों से स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने क्षतिग्रस्त फसल का 24 घंटे के अंदर सर्वे कर रिपोर्ट शासन को देने के निर्देश दिए हैं। रिपोर्ट मिलते ही मुआवजा देने के भी आदेश हैं।

श्रावस्ती के रेहरा गांव में राहत व बचाव कार्य में लगे एनडीआरएफ के जवान।

नेपाल ने 5,71,850 क्यूसेक पानी छोड़ा

राहत आयुक्त ने बताया कि शनिवार रात नेपाल में मूसलाधार बारिश के बाद देवघाट बैराज से 5,71,850 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इस पर कुशीनगर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा को बड़ी गंडक में बाल्मीकि नगर बैराज द्वारा 3 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने की संभावना पर तहसील खड्डा के गांवों के प्रभावित होने की जानकारी दी। इसके बाद कुशीनगर जिलाधिकारी ने ही अपनी टीम के साथ तहसील खड्डा के प्रभावित 13 गांवों का निरीक्षण किया। साथ ही गांववासियों से गांव को खाली करने की अपील की।

- श्रावस्ती के 18 गांव के करीब 400 ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया
- मुख्यमंत्री के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में मुस्तैदी बढ़ाने के आदेश के बाद शुरू किया रेस्क्यू ऑपरेशन

राप्ती खतरे के निशान से ऊपर, दो की मौत

बलरामपुर संवाददाता के अनुसार नेपाल के सीमावर्ती इलाकों में हो रही भारी बारिश के चलते रविवार को जिले में राप्ती नदी ने लाल निशान पार कर लिया है। नदी का जलस्तर दो सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। राप्ती नदी में आई बाढ़ के चलते करीब 50 गांव में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। निचले इलाकों में पानी भरने से कई मार्गों पर आवागमन ठप है। सरयू नहर में डूबकर कलवारी गांव निवासी राजकिशोर और तालाब में डूबकर लौकहवा बालापुर निवासी मनीराम की मौत हो गई है।

टापू पर फंसे 76 लोगों को सुरक्षित निकाला

राहत आयुक्त के मुताबिक, निरीक्षण के दौरान तहसील खड्डा के नारायणपुर के एक टापू पर कुछ लोगों के साथ मवेशियों के फंसे होने की जानकारी मिली, जिसके बाद एनडीआरएफ और पीएसी की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। रेस्क्यू टीम ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद 76 लोगों को बचाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा। इस दौरान टीम ने 20 मवेशियों को भी सुरक्षित बचाया। बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को पौष्टिक और गरम खाने के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। मवेशियों के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

सत्संग में कुछ लोगों ने खोले थे जहरीले पदार्थ के डिब्बे

नई दिल्ली, एजेंसी

हाथरस हादसे के आरोपी साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा के अधिवक्ता एपी सिंह ने रविवार को दावा किया कि दो जुलाई को हाथरस में हुए सत्संग के दौरान भीड़ में कुछ लोगों ने जहरीले पदार्थ से भरे डिब्बे खोले थे, जिससे भगदड़ मच गई।

नई दिल्ली में आयोजित प्रेसवार्ता में अधिवक्ता ने भगदड़ के पीछे साजिश का आरोप लगाया। कहा कि यह साजिश भोले बाबा की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए रची गई। अधिवक्ता ने दावा किया कि प्रत्यक्षदर्शियों ने उनसे संपर्क किया और बताया कि वहां 15-16 लोग जहरीले पदार्थ के डिब्बे लेकर आए थे और भीड़ में खोल दिया। अधिवक्ता ने कहा कि मारे गए लोगों की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चला है कि उनकी मौत चोट के कारण नहीं, दम घुटने से हुई है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर लोगों को भागने में मदद करने के लिए वाहन खड़े थे। उनके पास सबूत हैं।

हाथरस हादसा

- भोले बाबा के अधिवक्ता का दावा इसी वजह से मची थी भगदड़

राहुल की योगी को चिट्ठी

लखनऊ। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाथरस भगदड़ मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने मुआवजा राशि बढ़ाने व समय पर उपलब्ध कराने की मांग की है। पत्र में राहुल गांधी ने हाथरस हादसा स्थल पर स्वयं के पहुंचने व यथास्थिति की जानकारी साझा की है।

न्यायिक आयोग ने की स्थानीय लोगों से पूछताछ

लखनऊ। हादसे की जांच कर रहे न्यायिक आयोग ने रविवार को घटना के प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों के अलावा अधिकारियों से पूछताछ की। लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह में पूछताछ के दौरान हाथरस के जिलाधिकारी आशीष कुमार और पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल भी मौजूद थे।

कार ने बाइक को टक्कर मारी, महिला की मौत

मुंबई, एजेंसी

मुंबई के वर्ली इलाके में रविवार सुबह बीएमडब्ल्यू कार ने एक दुपहिया वाहन को टक्कर मारी दी जिससे एक महिला की मौत हो गई। कार चालक राजेश शाह और सवार राजश्री राजेंद्रसिंह बिदावत पर मामला दर्ज कर कर उन्हें हिरासत में लिया गया है। वर्ली थाने के एक अधिकारी ने बताया कि कावेरी नखवा (45) सुबह करीब साढ़े पांच बजे एनी बेसेंट रोड पर पति प्रदीप के साथ बाइक से जा रही थीं तभी बीएमडब्ल्यू कार के चालक ने टक्कर मार दी जिससे कावेरी सड़क पर गिर गईं। कावेरी को सरकारी नायर हॉस्पिटल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दंपती मछुआरा समुदाय से हैं और वे कोलाबा में ससून डॉक से घर जा रहे थे।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि कानून सभी के लिए बराबर है और किसी को बख्शा नहीं जाएगा। यह पूछने पर कि क्या इस दुर्घटना में शामिल व्यक्ति शिवसेना के एक नेता का बेटा है, इस पर शिंदे ने कहा कि कानून सभी के लिए बराबर है और सरकार हर मामले को एक ही नजरिए से देखती है। यह मामला ऐसे वक्त में सामने आया है जब दो महीने से भी कम समय पहले 19 मई को पुणे के कल्याणी नगर में पोर्श कार दुर्घटना हुई थी जिसमें कथित तौर पर शराब के नशे में गाड़ी चला रहे नाबालिग ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी जिसमें दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी।

मुंबई में पुणे जैसा हादसा, शिवसेना नेता की बताई जा रही बीएमडब्ल्यू

इसी बीएमडब्ल्यू कार से हुआ हादसा।

नाबालिगों के वाहन चलाने के खिलाफ अभियान शुरू

लखनऊ। नाबालिग बच्चे अगर दोपहिया अथवा चार पहिया गाड़ी चलाते मिले तो उनके अभिभावकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। इतना ही नहीं अभिभावकों से 25 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला जाएगा। इस अभियान की शुरुआत पूरे प्रदेश में रविवार से हो गई है। जानकारी के मुताबिक ट्रैफिक पुलिस सुबह 11 बजे से चौराहों के आस-पास निरंतर यह चेकिंग अभियान चलाएगी। पुलिस उपायुक्त यातायात कमलेश दीक्षित ने बताया कि आए दिन हो रहे हादसों के मद्देनजर यह व्यवस्था की जा रही है। 18 साल के कम उम्र के बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाले बच्चे वाहन नियंत्रित नहीं कर पाते, इसलिए हादसे होते हैं।

नगर निकाय उप चुनाव के लिए मतदान आज

लखनऊ। प्रदेश में नगर निकायों के सदस्यों के रिक्त पड़ी सीटों पर चुनाव के लिए मतदान 8 जुलाई को होगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। आयोग के अधिकारियों ने बताया कि 29 जिलों में नगर पालिका परिषदों व नगर पंचायतों में खाली पड़े सदस्यों के पदों पर चुनाव होना हैं। इसमें देवरिया, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, हरदोई, रायबरेली, फतेहपुर, प्रतापगढ़, गोरखपुर आदि के जिलों के नगर निकाय शामिल हैं। इन सीटों पर मतगणना 10 जुलाई को सुबह आठ बजे से शुरू होगी।

तालाब में 7 बच्चे डूबे, 4 की मौत

संवाददाता, आगरा

अमृत विचार : खंदौली थाना क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस-वे इंटरचेंज के पास बने तालाब (गड्ढे) में रविवार सुबह नहाने गए सात बच्चे गहरे पानी में डूबने लगे। बच्चों को डूबते देख एक महिला भी तालाब में कूदी तो वह भी डूबने लगी। पता चलने पर पास ही खेल रहे कुछ युवक तत्काल तालाब पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद ग्रामीणों और पुलिसकर्मियों की मदद से पहले तीन बच्चों तथा एक महिला को बाहर निकाला गया। ये चारों गंभीर हालत में थे।

पुलिस ने इनको तत्काल एसएन अस्पताल भिजवाया। इसके साथ ही अन्य चार बच्चों की तालाब में तलाश जारी रही। कई घंटे की मशक्कत के बाद इन चारों बच्चों को भी बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सीडीओ प्रतिभा सिंह तथा सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने एसएन अस्पताल पहुंचकर वहां भर्ती महिला और तीनों बच्चों को उच्च स्तरीय इलाज सुनिश्चित कराया। ये बच्चे कानपुर और औरैया के रहने वाले थे। इनके परिजन एक्सप्रेस वे के इंटरचेंज के पास तंबू लगाकर रहते हैं।

मरने वालों में सभी बच्चियां हैं, जिनके नाम अनुराधा (9) व नेहा (11), पुत्री अजय व खुशी (10), पुत्री हरदौल निवासी मंगलपुर, जिला कानपुर देहात तथा चांदनी (14), पुत्री हरनाम निवासी नारायणपुर जिला औरैया हैं।

तालाब में बच्चों की तलाश करते गोताखोर।

- पुलिस ने एक महिला व तीन बच्चों को बचाया
- तंबू लगाकर रह रहे थे कानपुर औरैया के लोग
- खंदौली में यमुना एक्सप्रेस वे के निकट हादसा

राजौरी में सैन्य शिविर पर आतंकियों ने किया हमला, एक जवान घायल

- मंजाकोट इलाके में गोलीबारी का जवानों ने दिया करारा जवाब

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के मंजाकोट इलाके में सेना के शिविर पर संदिग्ध आतंकवादियों के हमले में एक जवान घायल हो गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संदिग्ध आतंकवादियों ने मंजाकोट इलाके में गलुथी गांव में सेना की चौकी पर रविवार तड़के गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि सेना के जवानों ने तेजी से कार्रवाई की और अपनी पोजीशन ले ली तथा गोलीबारी का करारा जवाब दिया। करीब आधा घंटे तक हुई गोलीबारी के दौरान एक जवान गोली लगने से घायल हो गया, उसे तुरंत वहां से निकाल लिया गया। जवानों के मोर्चा संभालने पर आतंकी निकट के जंगल में भाग गए। सेना ने पुलिस के साथ मिलकर आतंकवादियों को पकड़ने के लिए इलाके में व्यापक तलाश अभियान शुरू किया है।

कुलगाम में दो और आतंकी मार गिराए

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में हुई दो मुठभेड़ों में कुल छह आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि मोदरगाम मुठभेड़ स्थल से दो आतंकवादियों के शव बरामद किए गए जबकि चिन्नीगाम स्थल से चार शव बरामद किए गए थे। कुलगाम जिले के दो गांवों में शनिवार को आतंकियों से मुठभेड़ शुरू हुई थी। जिसमें एक पैरा कमांडो समेत दो सैन्यकर्मियों ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आतंकवादियों का सफाया एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि निस्संदेह सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में यह एक बड़ा मील का पत्थर है। ये सफलताएं वास्तविक रूप से और संदेश के लिहाज से भी बहुत सार्थक हैं। स्वैन ने कहा कि अभियान की सफलता इस बात का संकेत है कि जम्मू-कश्मीर में आतंक के खात्मे की लड़ाई अपने अंजाम तक पहुंचेगी।

भारी बारिश व भूस्खलन से मैदान से पहाड़ का संपर्क टूटा

- 13 स्टेट हाईवे समेत कुमाऊं में सौ से अधिक सड़कें अवरुद्ध

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : तीन दिन से लगातार हो रही बारिश व भूस्खलन के चलते कुमाऊं में मैदान का पहाड़ से संपर्क पूरी तरह कट गया है। नैनीताल व चंपावत जिले से पहाड़ को जाने वाले सभी रास्ते बंद हो गए हैं। हल्द्वानी-अल्मोड़ा हाईवे समेत कुमाऊं में सौ से अधिक सड़कें अवरुद्ध हैं। शनिवार रात को निहाल नदी में पानी के तेज बहाव से चकलुवा में पुलिया के नीचे की जमीन बह जाने से हल्द्वानी-कालाढूंगी-देहरादून मार्ग बंद हो गया। मलबा आने से बंद टनकपुर-तवाघाट हाईवे को रविवार देरशाम 24 घंटे बाद खोल दिया गया।

कुमाऊं में शुक्रवार रात से लगातार हो रही बारिश से रफ्तार थम गई है। हल्द्वानी-अल्मोड़ा हाईवे पर दोपाटी व क्वारब के पास भूस्खलन होने से आवाजाही ठप हो गई है। इस स्थान पर शनिवार रात भारी मात्रा में मलबा आने से हाईवे पर आवाजाही रविवार को ठप रही। धानाचूली-खुटानी मार्ग भी मलबा आने से बंद हो गया है। वाया रामगढ़ अल्मोड़ा जाने वाला मार्ग भी भूस्खलन की वजह से बंद है।

रामनगर-रानीखेत मार्ग शनिवार को मोहान के पास एक पुल ध्वस्त हो जाने से बंद हो गया था। इधर, शनिवार रात निहाल नदी में तेज बहाव की वजह से चकलुवा के पास स्थित पुलिया के नीचे का हिस्सा बह गया। जिससे हल्द्वानी से कालाढूंगी होकर देहरादून जाने वाला स्टेट हाईवे बंद हो गया। इस मार्ग के बंद होने से हल्द्वानी से रामनगर, देहरादून अब वाया रुद्रपुर आवाजाही हो रही है।

चकलुवा में पुलिया बहने से हल्द्वानी-देहरादून मार्ग बंद, मलबा आने से हल्द्वानी-अल्मोड़ा हाईवे ठप

चकलुवा में पुलिया के नीचे का हिस्सा बहने से हल्द्वानी-देहरादून मार्ग बंद हो गया।

अब रेड की जगह बारिश का येलो अलर्ट

हल्द्वानी। कुमाऊं मंडल में तीन दिनों में मूसलाधार बारिश हुई। सोमवार को भी बारिश होने के आसार हैं लेकिन रेड की जगह अब येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार सोमवार को नैनीताल और बागेश्वर जिलों में कहीं भारी तो कहीं अत्यंत भारी बारिश हो सकती है। देहरादून, पौड़ी, चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा, चम्पावत और पिथौरागढ़ जिलों में भी बारिश हो सकती है। रविवार को गदरपुर में 104 मिमी, नैनीताल में 87 मिमी, हल्द्वानी में 118 मिमी, लोहाघाट में 82.5 मिमी बारिश हुई है। देहरादून में अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री रहा यहां केवल दो मिमी बारिश दर्ज की गई।

रोहित जिताएंगे चैंपियंस ट्रॉफी और डब्ल्यूटीसी : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

फाइल फोटो ● एजेंसी

- बीसीसीआई सचिव बोले- भारत की टी20 विश्वकप जीत कोच राहुल विराट, रोहित और जडेजा को समर्पित
- चैंपियंस ट्रॉफी से पहले श्रीलंका और इंग्लैंड के खिलाफ खेलते दिखेंगे भारतीय दिग्गज

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने रविवार को कहा कि टी-20 विश्व चैंपियन टीम के कप्तान रोहित शर्मा एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट भारत की अगुआई जारी रखेंगे। उन्होंने साथ ही भरोसा जताया कि भारत उनकी कप्तानी में अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) जीतेगा।

कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी के बाद आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले तीसरे भारतीय कप्तान बने रोहित ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। शाह ने वीडियो संदेश में कहा अगले चरण में डब्ल्यूटीसी फाइनल और चैंपियंस ट्रॉफी है। मुझे रोहित शर्मा की कप्तानी पर पूरा भरोसा है कि हम इन दोनों टूर्नामेंट में चैंपियन बनेंगे। अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन 8 साल बाद (ब्रिटेन में 2017 के बाद से) किया जाएगा। इस टूर्नामेंट के कार्यक्रम का मसौदा आईसीसी को सौंपा जा चुका है लेकिन बीसीसीआई ने अब तक इसे हरी झंडी नहीं दी है। समझा जा रहा है कि बीसीसीआई 2023 एकदिवसीय एशिया कप की तरह हाईब्रिड मॉडल लागू करने पर जोर देगा। इस मॉडल के तहत भारत ने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले सहित अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे। शाह के इस संदेश ने इन अटकलों पर विराम लग गया है कि क्या रोहित अन्य प्रारूपों में कप्तान की भूमिका छोड़ेंगे?

रोहित की अगुआई में भारत ने पिछले साल डब्ल्यूटीसी और एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय विश्व कप के फाइनल में भी जगह बनाई थी। भारत लगातार 10 मैच जीतने के बाद एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया था। शाह ने कहा टी-20 विश्व कप की इस जीत को कोच राहुल द्रविड़, कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा को समर्पित करना चाहता हूं। यह पिछले एक साल में हमारा तीसरा फाइनल था। हम जून 2023 में डब्ल्यूटीसी फाइनल में हारे। नवंबर 2023 में हमने 10 जीत के साथ दिल जीता लेकिन खिताब नहीं जीत पाए। मैंने राजकोट में कहा था कि हम जून 2024 में दिल भी जीतेंगे और कप भी और अपना राष्ट्रीय ध्वज लहराएंगे, हमारा कप्तान भारतीय ध्वज लहराएगा। भारत चैंपियंस ट्रॉफी से पहले छह एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेलेगा जिसमें से तीन श्रीलंका के खिलाफ उसकी सरजमीं खेले जाएंगे जबकि फरवरी की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला घरेलू सरजमीं पर खेली जाएगी।

आईपीएल और टेस्ट के बीच टकराव से बचने के लिए कार्यक्रम सुव्यवस्थित हो

लंदन, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि टेस्ट मैचों के लिए एक विशेष विंडो की जरूरत है ताकि आईपीएल जैसी फ्रेंचाइजी आधारित लीग खेलने की इच्छा रखने वाले खिलाड़ी व्यक्तिगत कार्यक्रम तय कर सकें और उसके अनुसार तैयारी करें।

आईपीएल के लिए अब हर साल अप्रैल और मई में एक विशेष विंडो होती है जिस दौरान बहुत ज्यादा टेस्ट मैच नहीं होते। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने कमिंस के हवाले से कहा, कुछ देशों के लिए फ्रेंचाइजी क्रिकेट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से अधिक आकर्षक है। उन्होंने कहा अगर मैं जाकर फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलूं तो मैं शायद ऑस्ट्रेलिया के लिए जितना खेलता हूं, उसके आधे या एक तिहाई मैच में बाहर रहूंगा।

ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट नवंबर से जनवरी तक खेला जाता है तो इस समय में हमारे बीच कोई अन्य क्रिकेट नहीं आएगा। अगर हम आईपीएल के लिए विशेष विंडो बना सकते हैं तो टेस्ट के लिए भी विंडो हो सकती है। इससे खिलाड़ियों के लिए फैसला करना काफी आसान हो जाएगा।

किसी खिलाड़ी पर सवाल नहीं उठने चाहिए : गिलेस्पी

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी ने स्पष्ट किया कि वह फिटनेस से किसी भी तरह से समझौता नहीं करेंगे और यह साबित करना खिलाड़ियों की जिम्मेदारी होगी कि वे राष्ट्रीय टीम के लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं।

पाकिस्तान पहुंचने के कुछ देर बाद ही ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी ने कहा कि एक बार जब खिलाड़ी को राष्ट्रीय टीम के लिए चुना जाता है तो फिर उसकी फिटनेस, कौशल और मानसिक रवैये को लेकर सवाल नहीं उठने चाहिए। गिलेस्पी ने कहा राष्ट्रीय टीम वह जगह नहीं है जहां आप किसी खिलाड़ी के महत्व पर सवाल उठाएं। अगर किसी खिलाड़ी के स्थान को लेकर कोई धारणा है तो उसे अपने प्रदर्शन और रवैये से इसे बदलना होगा। मेरा मंत्र है कि टेस्ट टीम में फिट, मजबूत और सशक्त होने चाहिए क्योंकि क्रिकेट में किसी भी प्रारूप में फिटनेस महत्वपूर्ण होती है।

खेल डायरी

कोच पर छेड़छाड़ का आरोप, केसीए से मांगा जबाव

तिरुवनंतपुरम। केरल राज्य मानवाधिकार आयोग ने खुद ही संज्ञान लेकर रविवार को केरल क्रिकेट संघ (केसीए) के एक पूर्व कोच के खिलाफ युवा महिला खिलाड़ियों के साथ कथित छेड़छाड़ की घटना में मामला दर्ज किया। आयोग ने लड़कियों द्वारा लगाए गए आरोपों और ऐसी घटनाओं को लेकर केसीए को नोटिस भेज कर स्पष्टीकरण मांगा है। आधिकारिक बयान के अनुसार पैनल ने मीडिया रिपोर्ट के आधार पर इस मामले में खुद ही संज्ञान लिया और आरोपी कोच के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोपी मनु पिछले 10 वर्षों से केसीए में कोच था। बताया गया है कि उसे पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉस्को) अधिनियम के तहत रिमांड पर लिया है। आयोग ने बताया कि केसीए ने कहा कि उन्हें इन घटनाओं की जानकारी नहीं थी। एक पीड़िता द्वारा शिकायत दर्ज करने के बाद कई अन्य लड़कियों ने भी क्रिकेट कोच के खिलाफ इसी तरह के आरोप लगाए हैं।

राजावत कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में हारे

कैलगरी। भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत को कनाडा ओपन में पुरुष एकल के सेमीफाइनल मुकाबले में रविवार को फ्रांस के एलेक्स लैनियर से हार का सामना करना पड़ा। बैडमिंटन रैंकिंग में 39वें स्थान पर मौजूद प्रियांशु 45 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया के 37वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के एलेक्स लैनियर से सीधे गेम में 21-17, 21-10 से हार गए। इस हार के साथ टूर्नामेंट में भारत का अभियान समाप्त हो गया।

स्क्वाश चैंपियनशिप में अभय ने जीते दो स्वर्ण

जोहोर (मलेशिया)। प्रतिभाशाली स्क्वाश खिलाड़ी अभय सिंह ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई डबल्स स्क्वाश चैंपियनशिप में दोहरे खिताब हासिल किए। एशियाई खेलों में टीम चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता अभय ने वेलावन सेंथिलकुमार के साथ मिलकर पुरुष युगल खिताब जीता। अभय ने अनुभवी जोशना चिनप्पा के साथ मिलकर मिश्रित युगल फाइनल में फतह हासिल की। अभय और वेलावन की शीर्ष वरीय जोड़ी ने पुरुष युगल फाइनल में ओंग साई हुंग और सियाफिक को शिकस्त दी।

अविनाश साबले ने राष्ट्रीय स्टीपलचेस रिकॉर्ड तोड़ा

पेरिस। ओलंपिक दल के सदस्य अविनाश साबले ने रविवार को यहां पेरिस में डायमंड लीग प्रतियोगिता में आठ मिनट 9 .91 मिनट का समय निकालकर छठे स्थान पर रहकर 3000 मीटर स्टीपलचेस में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। साबले ने 8 :11 .20 सेकेंड का अपना पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया जो उन्होंने 2022 में बनाया था। इस तरह पेरिस में उन्होंने डेढ़ सेकेंड से बेहतर समय निकाला।

विनेश ने जीता ग्रां प्री ऑफ स्पेन का खिताब

मैड्रिड। पेरिस ओलंपिक 2024 से भारत की स्टार महिला पहलवान विनेश फोगाट ने एक बार फिर अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए स्पेन में आयोजित ग्रैंड प्रिक्स कुश्ती टूर्नामेंट में महिलाओं की 50 किग्रा वर्ग का खिताब जीत लिया हैं। विनेश ने शनिवार देर रात खेले गए टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में इंडिविजुअल नेचुरल एथलीट मारिया तिउमेरेकोवा को 10-5 से हराया। शुरुआती मुकाबले में विनेश ने मौजूदा पैन अमेरिकन चैंपियन क्यूबा की युस्नेलिस गुजमैन को 12-4 से हराकर जीत के साथ अभियान की शुरुआत की थी। भारतीय पहलवान ने क्वार्टरफाइनल में राष्ट्रमंडल खेल 2022 की रजत पदक विजेता कनाडा की मैडिसन पार्क्स को हराया। सेमीफाइनल में कनाडा की कैटी डचक को 9-4 से शिकस्त दी थी।

अभिषेक के शतक से जीता भारत

जिम्बाब्वे को 100 रन से हराकर श्रृंखला 1-1 से बराबर की, मुकेश-आवेश को 3-3 विकेट

सिकंदर रजा का विकेट लेने के बाद साथियों के साथ जश्न मनाते आवेश खान। ● एजेंसी

टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में अपना पहला शतक जड़ने के बाद अभिषेक ने कुछ इस अंदाज में मनाया जश्न। ● एजेंसी

हरारे, एजेंसी

भारतीय टीम ने युवा खिलाड़ी अभिषेक शर्मा की 47 गेंद में 100 रन की शानदार शतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रविवार को यहां दूसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे पर 100 रन की जीत से पांच मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण पहले मैच में मिली 13 रन की हार से वापसी करते हुए अभिषेक के आठ छक्के और सात चौके जड़ित शतक से रविवार को टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए भारत ने दो विकेट पर 234 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत का सर्वोच्च स्कोर है, इससे पहले सर्वोच्च स्कोर 186 रन का था।

इसके बाद भारत के मुकेश कुमार (37 रन देकर तीन विकेट), आवेश खान (15 रन देकर तीन विकट) और रवि बिश्नोई (11 रन देकर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी से जिम्बाब्वे को 18.4 ओवर में 134 रन पर समेट दिया। भारत ने इस तरह जिम्बाब्वे के खिलाफ सबसे बड़े अंतर से जीत हासिल की। जिम्बाब्वे के लिए सलामी बल्लेबाज वेस्ले माधेवेरे ने 43 रन, ल्यूक जोंगवे ने 33 रन और ब्रायन बेनेट ने 26 रन की पारी खेली। इनके अलावा जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कैंपबेल के बेटे जोनाथन कैंपबेल (10 रन) ही दोहरे अंक में पहुंचे। पिछले मैच में पदार्पण के दौरान चार गेंद में शून्य पर आउट होने वाले अभिषेक ने सूझबूझ से खेलते हुए रूतुराज गायकवाड़ (47 गेंद में नाबाद 77 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी निभाई। इन दोनों के अलावा रिंकू सिंह ने 22 गेंद में पांच छक्के जड़ित नाबाद 48 रन की पारी खेली। गायकवाड़ और रिंकू ने तीसरे विकेट के लिए नाबाद 87 रन की भागीदारी निभाई। वेलिंगटन मास्काद्जा और ब्लेसिंग मुजारबानी को एक एक विकेट मिला। भारत ने पहले 10 ओवर में एक विकेट पर 74 रन बनाए। फिर अगले पांच ओवर में टीम ने युवराज सिंह के शिष्य की बदौलत 78 रन जोड़े। खराब क्षेत्ररक्षण का भी जिम्बाब्वे को नुकसान पहुंचा जिन्होंने गायकवाड़ का कैच भी छोड़ दिया था। इसके बाद गायकवाड़ और रिंकू ने 36 गेंद में 87 रन की भागीदारी निभाई।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरूआत अच्छी नहीं रही जिसने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए। मुकेश और आवेश ने जिम्बाब्वे के शीर्ष क्रम को आउट किया जिससे जिम्बाब्वे ने पावरप्ले में अपने चार विकेट गंवा दिये थे। माधेवेरे एक छोर पर डटे थे लेकिन दूसरे छोर पर विकेट गिरते रहे और महज औपचारिकता बची थी। माधेवेरे ने 39 गेंद का सामना करते हुए तीन चौके और एक छक्का जड़ा। उन्होंने जोंगवे के साथ आठवें विकेट के लिए 32 गेंद में 41 रन जोड़े। इसके अलावा कोई महत्वपूर्ण भागीदारी नहीं बनी। पहले मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले स्पिनर रवि बिश्नोई ने दो और वाशिंगटन सुंदर ने एक विकेट झटका।

स्कोर बोर्ड

भारत 234/2 (20 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
शुभमन गिल का बेनेट बो मुजारबानी	2	4	0/0
अभिषेक शर्मा का मेयर्स बो मास्काद्जा	100	47	7/8
रूतुराज गायकवाड़ नाबाद	77	47	11/1
रिंकू सिंह नाबाद	48	22	2/5

अतिरिक्त : 7, **गेंदबाजी** : ब्रायन बेनेट 2-0-22-0, ब्लेसिंग मुजारबानी 4-1-30-1, टेंडाई चतारा 4-0-38-0, सिंकदर रजा 3-0-34-0, ल्यूक जोंग्वे 4-0-53-0, डायन मेयर्स 1-0-28-0, वेलिंगटन मास्काद्जा 2-0-29-1

जिम्बाब्वे 134/10 (18.4 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
इनोसेंट काइया बो मुकेश	4	3	1/0
वेस्ली माधेवेरे बो रवि बिश्नोई	43	39	3/1
ब्रायन बेनेट बो मुकेश	26	9	1/3
डायन मेयर्स का रिंकू बो आवेश	0	1	0/0
सिंकदर रजा का जुरेल बो आवेश	4	4	1/0
जोनाथन कैम्पबेल का बिश्नोई बो सुंदर	10	18	0/0
क्लाइव मडांडे पगबाधा बो रवि बिश्नोई	0	4	0/0
वेलिंगटन मास्काद्जा रन आउट	1	3	0/0
ल्यूक जोंगवे का गायकवाड़ बो मुकेश	33	26	4/0
ब्लेसिंग मुजारबानी का सुंदर बो आवेश	2	4	0/0
टेंडाई चतारा नाबाद	0	2	0/0

अतिरिक्त : 11, **गेंदबाजी** : मुकेश 3 .4-0-37-3, अभिषेक शर्मा 3-0-36-0, आवेश खान 3-0-15-3, रवि बिश्नोई 4-0-11-2, वाशिंगटन सुंदर 4-0-28-1, रियान पराग 1-0-5-0

द. अफ्रीका ने भारत को दिया 178 रन का लक्ष्य

चेन्नई, एजेंसी

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

दक्षिण अफ्रीका महिला : 177/6, 20 ओवर, लॉरा 22, बिट्स 52, बुच 40, काप 20, डर्कसन 12 नाबाद। **विकेट** : पूजा 2, दीप्ति 2, श्रेयंका पाटिल 1, राधा 1।

तेजमिन ब्रिट्स के लगातार दूसरे अर्धशतक की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद भारत के खिलाफ दूसरे महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में रविवार को यहां छह विकेट पर 177 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

ब्रिट्स ने शुरू में मिले जीवनदान का फायदा उठाकर 39 गेंद पर 52 रन बनाए जिसमें छह चौके और एक छक्का शामिल है। उनके अलावा अन्नेका बोश ने 32 गेंद पर छह चौकों की मदद से 40 रन का योगदान दिया। दीप्ति (20 रन देकर दो विकेट) और पूजा वस्त्राकर (37 रन देकर दो विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रही। ऑफ स्पिनर सजीवन सजना ने ब्रिट्स को टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पहला मैच खेल रही उमा छेत्री के हाथों स्टंप आउट करा दिया था लेकिन विकेटकीपर ने गेंद को स्टंप के आगे से पकड़ा था जिससे यह नोबॉल हो गई और बल्लेबाज को जीवनदान मिला। सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी की। पूजा ने वुलफार्ट को आउट किया। इसके बाद स्पिनरों ने लगाम कसी और अगले नौ ओवर में 55 रन ही बनाने दिए। दीप्ति ने मारिजान काप (20) को लंबी पारी नहीं खेलने दी। ब्रिट्स इस बीच रन बटोरती रहीं। उन्हें उमा ने दीप्ति की गेंद पर स्टंप आउट किया। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से क्लोई ट्राइऑन (12), नडीन डि क्लर्क (14) और अनरी डर्कसन (नाबाद 12) ने भी उपयोगी योगदान दिया।

विकेट लेने के बाद जश्न मनाती भारतीय महिला टीम। ● एजेंसी

उरूग्वे ने पेनल्टी शूटआउट में ब्राजील को 4-2 से हराया

कोपा अमेरिका 2024

लास वेगास, एजेंसी

जीत के बाद जश्न मनाती उरूग्वे की टीम ● एजेंसी

मैनुएल उगार्ते ने पांचवीं और अंतिम पेनल्टी किक पर गोल दागा जिससे उरूग्वे ने ब्राजील को 4-2 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। दोनों ही टीमें निर्धारित समय और फिर अतिरिक्त समय में भी गोल करने में नाकाम रहीं। इस मुकाबले में 41 फाउल हुए जो टूर्नामेंट के किसी मुकाबले में सर्वाधिक हैं। इस दौरान सिर्फ चार शॉट ही गोल की तरफ मारे गए।

उरूग्वे के नाहिटन नांदेज को रोड्रिगो के खिलाफ खतरनाक टैकल के लिए 74वें मिनट में लाल कार्ड दिखाकर बाहर किया लेकिन ब्राजील की टीम विरोधी टीम के 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने का फायदा नहीं उठा सकी। शूट आउट में गोलकीपर सर्जियो रोशेट ने एडेर मिलिताओ का शॉट रोका जबकि डगलस लुई की पेनल्टी किक गोल पोस्ट से टकराई जिससे उरूग्वे ने 3-1 की बढ़त दिलाई। गोलकीपर एलिसन बेकर ने चौथे प्रयास में उरूग्वे के जोस मारिया गिमिनेज की पेनल्टी किक रोककर ब्राजील को मुकाबले में बनाए रखा लेकिन अगले प्रयास में उगार्ते ने गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की। उरूग्वे की टीम बुधवार को सेमीफाइनल में कोलंबिया से भिड़ेगी। दूसरा सेमीफाइनल मंगलवार को अर्जेन्टीना और कनाडा के बीच खेला जाएगा।

कोलंबिया ने पनामा को 5-0 से हराया

ग्लेनडेल (एरिजोना)। कोलंबिया ने दबदबा बनाते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पनामा को 5-0 से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस जीत के साथ कोलंबिया ने अपने अजेय अभियान को 27 मैच तक पहुंचा दिया। जॉन कोरडोवा ने आठवें मिनट में जेम्स रोड्रिग्ज की कॉर्नर किक पर हैडर से गोल दागकर कोलंबिया को 1-0 की बढ़त दिलाई। रोड्रिग्ज ने 10 मिनट के भीतर पेनल्टी किक पर एक और गोल दागकर अपनी टीम को 2-0 से आगे किया। लुई डियाज ने रोड्रिग्ज के पास पर गोल दागकर कोलंबिया की बढ़त 3-0 की। मध्यांतर तक कोलंबिया की टीम 3-0 से आगे थी। दूसरे हाफ में 70वें मिनट में रिचर्ड रायोस और फिर मिगुएल बोर्जा ने इंजरी टाइम में पेनल्टी किक पर गोल करके कोलंबिया की 5-0 से जीत सुनिश्चित की। कोलंबिया बुधवार को सेमीफइनल में उरूग्वे से भिड़ेगा।

पेनल्टी शूट आउट में स्विट्जरलैंड को हराकर इंग्लैंड सेमीफाइनल में

यूरो कप 2024

डसेलडोर्फ (जर्मनी), एजेंसी

हेडर का प्रयास करते स्विट्जरलैंड और इंग्लैंड के खिलाड़ी। ● एजेंसी

इंग्लैंड ने पेनल्टी शूट आउट में स्विट्जरलैंड को हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अतिरिक्त समय के बाद भी मुकाबला 1-1 से बराबर रहने के बाद इंग्लैंड ने शूट आउट में 5-3 से जीत दर्ज की। ट्रेंट एलेक्जेंडर-आर्नोल्ड ने जैसे ही इंग्लैंड की ओर से पांचवीं और अंतिम पेनल्टी किक को गोल में पहुंचाया तो टीम के खिलाड़ी और प्रशंसक खुशी से झूम उठे।

बुकायो साका की ने 80वें मिनट में गोल दागकर मुकाबले को अतिरिक्त समय में खींचा था। एलेक्जेंडर-आर्नोल्ड और साका के अलावा पेनल्टी शूट आउट में इंग्लैंड के लिए कोल पाल्मर, ज्यूड बेलिंघम और इवान टोनी ने भी गोल किए। इंग्लैंड अब फाइनल में जगह बनाने के लिए बुधवार को डोर्टमंड में नीदरलैंड से भिड़ेगा।

तुर्की को हराकर नीदरलैंड सेमीफाइनल में पहुंचा

बर्लिन। नीदरलैंड ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए क्वार्टर फाइनल में तुर्की को 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। नीदरलैंड की टीम बुधवार को डोर्टमंड में दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगी। पहला सेमीफाइनल मंगलवार को स्पेन और फ्रांस के बीच खेला जाएगा।

नोवाक जोकोविच प्री क्वार्टर फाइनल में, स्वियातेक हारी

लंदन, एजेंसी


मैच के बाद एक-दूसरे का अभिवादन करते नोवाक और पोपिरिन। ● एजेंसी

सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए एलेक्सेई पोपिरिन को चार सेट में हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि महिला एकल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी ईगा स्वियातेक को शिकस्त का सामना करना पड़ा।

दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के जोकोविच ने पोपिरिन को 4-6, 6-3, 6-4, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। दूसरी तरफ स्वियातेक को पहला सेट जीतने के बावजूद ऑल इंग्लैंड क्लब पर तीसरे दौर के मुकाबले में गैर वरीय यूलिया पुतिंत्सेवा ने 3-6, 6-1, 6-2 से हराया। स्वियातेक का लगातार 21 मैच में जीत का अभियान भी थम गया। पांच बार की ग्रैंडस्लैम विजेता स्वियातेक को विंबलडन का ग्रास कोर्ट रास नहीं आता है। पुतिंत्सेवा अगले दौर में 2017 फ्रेंच ओपन चैंपियन और 13वीं वरीय येलेना ओस्टापेंका से भिड़ेंगी। महिला एकल में ही 21वीं वरीय एलेना स्वितोलिना ने 10वें नंबर की ओन्स जेब्युर को 6-1, 7-6 से हराया।

पुरुष एकल में चौथे वरीय एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने कैमरन नोरी को सीधे सेट में 6-4, 6-4, 7-6 से शिकस्त दी। अमेरिका के 14वें वरीय बेन शेल्टन ने स्थगित किए गए मुकाबले में डेनिस शापोवालोव को 6-7, 6-2, 6-4, 4-6, 6-2 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वह रविवार को दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से भिड़ेंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

आज का मौसम

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

31.4°	23.°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 22	सूर्यास्त 07 : 05

ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में शिक्षक संगठनों ने खोला मोर्चा

महानिदेशक ने 8 जुलाई से ऑनलाइन अटेंडेंस लगाने का जारी किया है फरमान

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। परिषदीय विद्यालयों को हाईटेक करने में महकमा जी जान से जुटा हुआ है और 8 जुलाई से सभी परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों और बच्चों की उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज करनी होगी, लेकिन अटेवा समेत कई शिक्षक संगठनों की तरफ से इसका विरोध भी किया जा रहा है।

परिषदीय स्कूलों को टैबलेट मुहैया कराए जा चुके हैं और विभाग द्वारा सिम कार्ड वितरण प्रक्रिया पूरी होने का दावा भी किया जा रहा है। सभी परिषदीय स्कूलों में 8 जुलाई से टैबलेट पर फेस रिकग्निशन सिस्टम के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने की तैयारी तेज कर दी गई है। स्कूलों में 12 तरह के रजिस्टर को डिजिटल किया जाना है। शिक्षकों और छात्रों की अटेंडेंस भी ऑनलाइन दर्ज

करनी है। इसके अलावा विद्यालयों में शिक्षक क्या पढ़ा रहे हैं। इसका पांच मिनट का वीडियो भी बनाकर भेजना होगा। निर्देश है कि वीडियो की गुणवत्ता अच्छी होने के साथ ही आवाज भी स्पष्ट होनी चाहिए। वीडियो लैंडस्केप मोड में बनाना होगा। वीडियो में सबसे पहले विद्यालय, फिर शिक्षक का नाम, संदर्भित विषय आदि का उल्लेख भी करना होगा। विद्यालय खुलने के समय से 15 मिनट पहले विद्यालय में प्रार्थना सभा का आयोजन किए जाने और इसकी फोटो बीईओ को भेजने के निर्देश हैं। इतना ही नहीं परिषदीय विद्यालयों की गुणवत्ता को सुधारने के लिए 32 बिंदुओं की गाइडलाइन जारी की गई है। जबकि अटेवा पेंशन बचाओ मंच, जूनियर शिक्षक संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन एवं अन्य शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी इस आदेश का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि परिषदीय स्कूल दूरस्थ एवं दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों मे अवस्थित है। जहां आवागमन एवं नेटवर्क आदि की समस्या हमेशा बनी रहती है। ऐसे में ऑनलाइन उपस्थिति व पंजिकाओं या डिजिटाइजेशन का आदेश पूरी तरह से अव्यावहारिक है।

शैक्षिक महासंघ कलेक्ट्रेट में आज देगा ज्ञापन

ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध शैक्षिक महासंघ आज ज्ञापन देगा। बेसिक शिक्षा विभाग में जबरन थोपे जा रहे डिजिटलाइजेशन और ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर जिला कार्यकारिणी द्वारा सोमवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया जाएगा। जिलाध्यक्ष मनोज कुमार शुक्ला ने बताया कि संगठन लगातार ऑनलाइन उपस्थिति प्रारंभ करने से पूर्व शिक्षकों की मूलभूत समस्याओं को दूर करने हेतु शासन को ज्ञापन दे रहा है। फिर भी शासन द्वारा शिक्षकों की समस्याओं को हल किए बिना ऑनलाइन उपस्थिति को जबरन थोपा जा रहा है। इसके विरोध में संगठन के बैनर तले सैकड़ों शिक्षक सोमवार को दोपहर ढाई बजे माती कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित होकर डीएम को ज्ञापन सौंपेंगे। जिला संगठन मंत्री अनंत त्रिवेदी ने अधिक से अधिक शिक्षकों से कलेक्ट्रेट पहुंचने का आवाहन किया है।

मनकी संपर्क मार्ग की बह गई पुलिया

संवाददाता मूसानगर

अमृत विचार। शनिवार देर रात हुई झमाझम बारिश से मनकी संपर्क मार्ग की सर्विस रोड पर बनी कच्ची पुलिया बह गई। दूरदराज का पानी इकट्ठा होकर इसी नाले से यमुना नदी में गिरता है। उक्त जगह में बन रहे ऊंची कोठी वाले बड़े पुल निर्माण के कारण आने जाने के लिए साइड से सर्विस रोड बनाया गया था। जिसमें पानी के निकासी के लिए पर्याप्त जगह न होने से बारिश का पानी ओवरफ्लो होने से मिट्टी कट कर बह गई। ऐसे में सैकड़ों लोगों का आवागमन प्रभावित है।

ग्रामीण महेश निषाद, संतोष, रामसनेही, अर्जुन सिंह, शिवपूजन आदि ने बताया कि मनकी संपर्क मार्ग में बन रहे ऊंची कोठी वाले पुल के कारण आने जाने के लिए सर्विस रोड बनाया गया था। उसी में पानी निकासी के लिए कच्ची पुलिया बनाई गई थी, लेकिन पुलिया छोटी होने की वजह से पानी पूरी तरह नहीं निकल पा रहा था और ओवरफ्लो हो जाता था। शनिवार देर रात हुई बारिश से पुलिया की मिट्टी बह गई। जिससे आवागमन प्रभावित हो

मनकी संपर्क मार्ग के सर्विस रोड ही बारिश से बही पुलिया व टूटने का लगा बोर्ड।

- बारिश का पानी ओवरफ्लो होने से मिट्टी का हुआ कटान, लोग परेशान

गया और वाहनों को भी निकालने में समस्या उत्पन्न हो गई है। ऊपर-नीचे ढालदार रास्ते में मिट्टी जमा होने के कारण फिसलन बढ़ गई है। ऐसे में कई दुपहिया वाहन फिसलकर चुटहिल हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि रिवाइन देवी मंदिर से मनकी संपर्क मार्ग में बन रहे ऊंची कोठी वाले पुल निर्माण में देरी के कारण आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त मार्ग में 3.60 करोड़ रुपये की लागत से तीन स्पैन वाले ऊंची कोठी पुल का निर्माण एक साल से अधिक से हो रहा है। पुल निर्माण इकाई ने पुरानी पुलिया के आसपास मिट्टी के ढेर लगा दिए हैं। जिससे मिट्टी बारिश के दिनों में नीची पुलिया में आकर जमा हो रही है और फिसलन के कारण लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। लोगों ने मांग की है कि जब तक ऊंची कोठी वाले पुल का निर्माण नहीं हो जाता। तब तक सर्विस रोड पर बड़े पाइप डाल कर पानी निकासी की व्यवस्था कर रास्ते में गिट्टी आदि डालकर मजबूत रास्ता बनाया जाए। जिससे लोगों को आने-जाने में असुविधा न हो।

एक नजर

शिविर में मोतियाबिंद के 21 मरीज चिन्हित

पुखरायां। कस्बा के सुआ बाबा मंदिर परिसर में श्रीओमर वैश्य सेवा समिति की ओर से 110वां निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे डॉक्टर रोहन, नीतू रावत, प्रिंसी पांडेय, शैलेंद्र कुमार, राम मोहन ने नेत्र शिविर में आए 81 मरीजों की आंखों की जांच की गई। साथ ही 21 मरीजों को मोतियाबिंद होने के कारण उन्हें ऑपरेशन के लिए कानपुर नगर के चौबेपुर अस्पताल भेजा गया।

भोगनीपुर में ट्रक से टकराकर मोर की मौत

पुखरायां। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के भोगनीपुर के समीप एक राष्ट्रीय पक्षी मोर ट्रक की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे विश्व हिंदू परिषद के जिला गौरक्षा प्रमुख मनन बजरंगी ने घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। उपनिरीक्षक आनंद कुमार ने सड़क पर मृत पड़े मोर को उठाकर एक तरफ रखवाया और जानकारी वन विभाग के कर्मियों को दी। मौके पर पहुंचे वन कर्मी राष्ट्रीय पक्षी को ले गए और कार्रवाई के बाद शव दफना दिया गया।

सफाई कर रही महिला को जहरीले कीड़े ने काटा

पुखरायां। जहरीला कीड़ा काटने से महिला की हालत बिगड़ गई। बिल्हापुर गांव के राशिद ने बताया कि पड़ोसी शफीकुल की पत्नी बानो (40) को घर में साफ-सफाई करते समय किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। परिजन उन्हें सीएचसी ले गए। जहां प्राथमिक उपचार किया गया।

सड़क पर अचानक गश खाकर गिरी वृद्धा

पुखरायां। मुख्य मार्ग पर वृद्धा गश खाकर गिर गई। अमरौधा कस्बा के बनियानी मोहल्ला निवासी शकीरा (65) रविवार को पुखरायां में किसी कार्य के लिए आई हुई थी। वह मुख्य मार्ग पर अचानक गश खाकर गिर गई। लोगों की सूचना पर कांस्टेबल भानु प्रताप वृद्धा को सीएचसी ले गए। जहां इलाज के बाद हालत में सुधार होने पर परिजन महिला को घर ले गए।

कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

रूरा। रसूलाबाद थाना क्षेत्र के पालनगर निवासी प्रदीप ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार की रात बाइक से अपनी ससुराल शिवराजपुर जा रहे थे। तभी रूरा क्षेत्र के जगनपुर गांव के पास पीपीएन डिग्री कालेज के समीप तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक सवार में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें सीएचसी भेजा और तहरीर मिलने पर कार्रवाई की बात कही है।

डीएफसीसी लाइन पर मिला अज्ञात युवक का शव

मंगलपुर। थाना क्षेत्र के नासरखेडा गांव के सामने डीएफसीसी लाइन पर एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस के काफी प्रयास के बावजूद मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।मंगलपुर क्षेत्र के नासरखेड़ा गांव के समीप खंभा नंबर 556/6 के बीच डीएफसीसी की अप रेल पटरी पर एक अज्ञात करीब 25 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। स्टेशन मास्टर के मेमो की सूचना पर मौके पर पहुंचे झींझक चौकी प्रभारी अनुज अवस्थी ने छानबीन की, मृतक के पास पहचान की कोई वस्तु नहीं मिली।

किशोरी ने फंदा लगाकर दी जान

संवाददाता शिवली

अमृत विचार। मुगरा जसवंतपुर गांव में एक किशोरी ने मकान के दूसरी मंजिल पर बने कमरे में छत के कुंडे में फंदा लगाकर जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए।

शिल्पी।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के मुगरा जसवंतपुर गांव में संजय कुमार राजपूत की सोलह वर्षीय बेटी शिल्पी देवी ने शनिवार की देर शाम संदिग्ध हालात में मकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में छत के कुंडे में दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। जानकारी पर मृतका की मां बबली देवी, बहन वंदना, भाई विवेक कुमार, अभिषेक, ऋषीकांत, अवनीश कुमार आदि का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। रविवार की सुबह मृतका के पिता की सूचना पर एसआई उमेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। साथ ही फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलित कराए।

मृतका के पिता ने पुलिस को बताया कि वह परिवार समेत अपने खेतों पर खड़ी मूंगफली फसल को काटने गए थे। बेटी शिल्पी वहां से खाना बनाने को कहकर घर चली आई थी। जबकि उसकी पत्नी बबली घर पहुंची तो दरवाजे खुले पड़े थे। नीचे की मंजिल पर बेटी जब दिखाई नहीं दी। इसपर दूसरी मंजिल पर बने कमरे में जाकर देखा तो वह फंदे पर लटक रही थी। मौके पर पहुंचे कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

किशोरी की मौत पर गमगीन परिजन। अमृत विचार

- पुलिस ने की छानबीन, फॉरेंसिक टीम ने मौके से जुटाए साक्ष्य

लगातार 3 दिन गायब ग्राम सचिव होंगे सस्पेंड

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के बाद अफसर अब विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त हो गए हैं। शनिवार को जलिहापुर गौशाला में खामियां व अनियमितता के बाद एक ग्राम विकास अधिकारी के निलंबन के साथ ही सीडीओ ने नियम विरुद्ध कार्य करने वाले सचिवों पर लगाम कसना शुरू कर दिया है।

जनपद के ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारी गांवों में नियमति एवं समय से उपस्थित न होने तथा बिना किसी पूर्व सूचना अनुपस्थित रहते हैं। इस कारण ग्रामवासी अपने विभिन्न कार्यों के लिए विकासखंड, तहसील एवं जनपद मुख्यालय की भागदौड़ करते हैं। इसका संज्ञान लेते हुए सीडीओ लक्ष्मी एन. ने जिला पंचायत राज अधिकारी को सख्त निर्देश दिए हैं कि सचिवों को सुबह 10 बजे क्लस्टर की ग्राम पंचायत में नियमित उपस्थिति जरूरी हो। 10 जुलाई से नियमित उपस्थिति के लिए स्वयं की जियोटैग फोटो प्रतिदिन व्हाट्सएप से डीपीआरओ कार्यालय में दी जाए। यदि किसी भी ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा बिना सूचना, अवकाश के बिना अनुपस्थित रहने पर, समय से जियोटैग फोटो उपलब्ध नहीं कराई जाती है, तो संबंधित सचिव का वेतन काटा जाएगा। साथ ही लगातार तीन दिनों तक अनुपस्थित रहने की स्थिति में निलंबन करते हुए विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

सीडीओ लक्ष्मी एन।

- सीडीओ ने सचिवों को क्लस्टर की ग्राम पंचायत में सुबह 10 बजे उपस्थित रहने के दिए निर्देश

तो कहीं किसी की जिंदगी न छीन ले 6 फीट का गड्ढा...

संवाददाता सिकंदरा

अमृत विचार। कस्बा के बिरहाना ओवरब्रिज के पास कानपुर से इटावा जाने वाले सर्विस रोड पर 6 फीट लंबा गड्ढा हादसों को दावत दे रहा है। थ्री-व्हीलर व दुपहिया सवार गड्ढे की चपेट में आकर आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

एनएचएआई की ओर से सड़क निर्माण में करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन एक वर्ष से सिकंदरा कस्बा के बिरहाना ओवरब्रिज के पास कानपुर से इटावा जाने वाली लेन पर गड्ढा जिम्मेदारों को दिखाई नहीं दे रहा है। कई बार वहां से गुजर रहे बाइक व साइकिल सवार लोग गड्ढे में गिरकर चुटहिल भी हो चुके हैं। छोटी-मोटी दुर्घटनाएं आए दिन होती रहती हैं। जबकि नेशनल हाईवे वाहन चालक कम से कम 50 से 60 की स्पीड में वाहन चलाते हैं। ऐसे में अचानक गड्ढा आने पर चालक को वाहन नियंत्रित करने में

सिकंदरा में इटावा जाने वाली सर्विस लेन के बीच गड्ढे में भरा बरसाती पानी।

दिक्कत होती है और हादसा हो जाता है। सबसे अधिक मौजूदा बरसात के मौसम में हो रही है। करीब छह फीट के गड्ढे में बरसाती पानी भरने से दिखाई नहीं देता है और रफ्तार से आने वाले वाहन चालक गिरकर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। इस संबंध में एनएचएआई के अवनीश तिवारी ने बताया कि गड्ढे के संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। जल्द ही गड्ढे की मरम्मत कराई जाएगी।

मेडिकल स्टोर से सामान व नकदी चोरी

संवाददाता राजपुर

अमृत विचार। कस्बे के मुगल मार्ग किनारे स्थित एक मेडिकल स्टोर में रात को चोरों ने ताला तोड़कर हजारों रुपये का कॉस्मेटिक का सामान पार कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

राजपुर कस्बे के सेवानिवृत शिक्षक नूर बख्श ने बताया कि उनकी कस्बे के गुलाब वाटिका गेस्ट हाउस के समीप नूर मेडिकल स्टोर के नाम से दुकान है। दुकान में दवाईयों के अलावा कॉस्मेटिक का सामान भी रखते है। शनिवार की शाम वह रोज की तरह दुकान बंद करके घर चले गए थे। रविवार की सुबह जब दुकान पर आए तो ताले टूटे पड़े थे और दुकान के अंदर जाकर देखा तो गुल्लक में रखे करीब 700 रुपये के अलावा कॉस्मेटिक सामान जिसकी कीमत करीब 26350 रुपये है चोरी कर ले गए। चौकी प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि तहरीर पर जांच की जा रही है।

चोरी हुए सामान के बावत जानकारी देता पीड़ित। अमृत विचार

रनियां में मेडिकल स्टोर से 90 हजार व दवाओं के दो गत्ते चोरी

रनियां। नगर पंचायत के बाजार रोड स्थित एक मेडिकल स्टोर से चोरों ने शटर तोड़कर 90 हजार की नकदी और दवा के गत्ते चोरी कर लिए। दुकानदार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज के सहारे छानबीन शुरू कर दी है। रनियां निवासी सूरज सिंह यादव की बाजार रोड पर सांई मेडिकल स्टोर के नाम से दुकान है। रात में गुजर रहे राहगीरों ने मेडिकल स्टोर का शटर खुला देख तो संचालक को सूचना दी। मौके पर पहुंचे सूरज ने दुकान के अंदर जाकर देखा तो वहां रखे 90 हजार रुपये व कानपुर से आए हुए दवा के दो गत्ते नदारद मिले। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। रविवार को पुलिस ने मेडिकल स्टोर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। थाना प्रभारी महेंद्र पटेल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

सार-संक्षेप

अकबरपुर रेंज में पौधरोपण करते वन कर्मी व क्षेत्रीय लोग। अमृत विचार

वन महोत्सव के अंतिम दिन सभी रेंज में किया गया पौधरोपण

कानपुर देहात। जिलाधिकारी के निर्देशन में वन महोत्सव के तहत जनपद के सभी रेंज में पौधरोपण कार्यक्रम किए गए। इस दौरान लोगों को पौधरोपण के बाद संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। डीएफओ एके द्विवेदी ने बताया रविवार को वन महोत्सव के समापन पर अकबरपुर रेंज के दुआरी गांव में ग्राम प्रधान रेखा सिंह व ग्रामीणों ने पौधरोपण किया। इसके बाद ग्राम वासियों को पर्यावरण व जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। रसूलाबाद रेंज अंतर्गत असालतगंज वन ब्लाक में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य विश्राम सिंह ने एक पौधा अपनी मां के नाम पर रोपित किया। भोगनीपुर रेंज के अमराहट में ग्राम प्रधान ने गांववासियों के साथ पौधरोपण किया। क्षेत्रीय वनाधिकारी अकबरपुर सर्वेश कुमार भदौरिया, क्षेत्रीय वनाअधिकारी रसूलाबाद एसएन सिंह, क्षेत्रीय वनाधिकारी भोगनीपुर स्वामीदीन समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

पौधरोपण करते संस्था के पदाधिकारी। अमृत विचार

ग्रीन गार्जियन फाउंडेशन ने शुरू की पेड़ लगाने की मुहिम

रूरा। कस्बे में नव युवकों द्वारा चलाए गए ग्रीन गार्जियन फाउंडेशन की तरफ से पौधरोपण शुरू किया गया है। जिसमे फाउंडेशन द्वारा जगह आप बताएं, पेड़ हम लगाएंगे की मुहिम चलाकर रविवार से पौधरोपण शुरू कर दिया गया। फाउंडेशन अध्यक्ष ने कहा पेड़ हमारे पर्यावरण के रक्षक हैं। थाना ग्राउंड में अलग-अलग प्रजाति के करीब 15 पौधे लगाए गए। इस दौरान इंस्पेक्टर रूरा एसएन सिंह, दरोगा राजकुमार, पुष्पेंद्र, विवेक, फाउंडेशन के अलकेश पांडेय, शुंभम शुक्ला, शीलेंद्र सविता, ओम त्रिपाठी, गौरव शुक्ला, अतुल आदि मौजूद रहे।

छात्रा का इंस्टाग्राम आईडी हैक कर वायरल की फोटो

मंगलपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव की छात्रा की इंस्टाग्राम आईडी हैक कर फोटो एडिट कर वायरल कर दी गई। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी नाबालिक पुत्री झींझक स्थित एक कॉलेज में इंटर की छात्रा है। आरोप है कि उसी कक्षा में पढ़ने वाला एक छात्र उसकी लड़की को आते-जाते रास्ते में पीछा कर परेशान कर रहा है। उसने पुत्री की इंस्टाग्राम आईडी हैक कर उसकी चैट वायरल कर दी। मुख्य आरोपी छात्र करियाझाला का आयुष है। उसने अपने साथी दीपक के सहयोग से पुत्री की फोटो एडिट कर वायरल की है। तहरीर पर पुलिस ने पाक्सो समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू की है।

रोस्टर के बाद शटडाउन लेकर फाल्ट की करते मरम्मत

कानपुर देहात। मानसूनी बारिश के बीच जहां एक ओर बिजली व्यवस्था औंधे मुंह है। वहीं विद्युत कर्मी रोस्टर के बाद शटडाउन लेकर फाल्ट की मरम्मत करते हैं। इससे घंटों बिजली कटौती होती है और लोगों को परेशान होना पड़ता है। बारिश शुरू होने के बाद से विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से बेपटरी है। हर रोज जर्जर तारों से फाल्ट होते हैं। ऐसे में घंटों बिजली गुल रहती है और लोगों को पेयजल समेत अन्य समस्याओं से जूझना पड़ता है। रविवार दोपहर रोस्टर के अनुसार करीब ढाई बजे अकबरपुर नगर की बिजली काट दी गई। दोबारा शाम करीब सवा चार बजे आपूर्ति शुरू हुई तो केवल आधे नगर की आपूर्ति की बहाल की गई। जबकि माती रोड, आंबेडकर नगर समेत कई जगहों पर बिजली नहीं आई। जानकारी पर बताया गया कि रोस्टर के बाद शट डाउन लेकर लाइनमैन फाल्ट की मरम्मत कर रहे हैं। जिससे बिजली काटी गई है।

सड़क हादसे में मृत युवक की दो दिन बाद शिनाख्त

रनियां। थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व हुए सड़क हादसे में घायल अज्ञात युवक के शव की पहचान मृतक के भाई ने की है। जिसके बाद पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है। रविवार को बरौर थाना क्षेत्र के मीनापुर गांव निवासी आयुष सचान अपनी मां बृजेंद्र कुमारी व ग्राम प्रधान रामलखन सचान के साथ रनियां थाने पहुंचे। जिसपर पुलिस ने उन्हें फोटो व मृतक के कपड़े दिखाए। जिन्हें देखकर आयुष ने मृतक की शिनाख्त अपने भाई इंद्रजीत सचान (32) के रूप में की। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताई है। एसओ रनियां महेंद्र सिंह ने बताया कि पीएम रिपोर्ट व तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

सगे भाइयों से मारपीट व धमकी देने में रिपोर्ट दर्ज

मंगलपुर। थाना क्षेत्र के हवासपुर गांव में तीन लोगों ने अपने साथियों के साथ किसान भाईयों के साथ मारपीट करते हुए कनपटी पर बंदूक लगाकर जान से मार देने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू की है। हवासपुर गांव निवासी शिवम बाजपेई ने पुलिस को बताया कि उसे लेखपाल रामजी चतुर्वेदी से सूचना मिली कि उसकी जमीन का सीमांकन किया जाएगा। जिसपर वह अपने खेतों पर भाई के साथ पहुंच गया। वहां जैसे ही नाप चालू हुई। तभी मौके पर मौजूद महेशपुर के साकेत पाल, सुरजीत, जयंत अपने बीस साथियों के साथ लाइसेंसी राइफल व रिवाल्वर लेकर आ अए। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके सिर पर रिवाल्वर व भाई की कनपटी पर राइफल लगाकर गालीगलौज करते हुए मारापीटा। किसी तरह दोनों भाईयों ने भागकर जान बचाई। मंगलपुर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जीवन बंधन | इस योजना में पहले 15 हजार रुपये का मिलता था लाभ, पात्र कर सकते आवेदन

कन्या सुमंगला में अब मिलेंगे 25 हजार रुपये

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की सभी छह श्रेणियों में प्राप्त होने वाली कुल धनराशि 15 हजार रुपये को बढ़ाकर वित्तीय वर्ष 24-25 से 25 हजार रुपये कर किया गया है। उक्त जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी रेनू यादव ने दी है।

उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत प्रथम श्रेणी के लिए बालिका का जन्म होने पर दो हजार रुपये के स्थान पर अब पांच हजार रुपये, द्वितीय श्रेणी बालिका के एक वर्ष तक के पूर्ण टीकाकरण के बाद एक



हजार के स्थान पर दो हजार रुपये, तृतीय श्रेणी कक्षा प्रथम में बालिका के प्रवेश के बाद दो हजार की जगह तीन हजार रुपये, चतुर्थ श्रेणी में कक्षा छह में बालिका के प्रवेश के बाद दो हजार के स्थान पर तीन हजार रुपये, पंचम श्रेणी कक्षा नौ में बालिका के प्रवेश के बाद तीन हजार की जगह पांच हजार रुपये व छठवीं श्रेणी की बालिकाएं जिन्होंने कक्षा दस या बारहवीं उत्तीर्ण करके स्नातक या दो वर्षीय कोर्स, अधिक अवधि के डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लिया हो, उन्हें पांच हजार के स्थान पर सात हजार रुपये एक मुश्त दी जाएगी। उन्होंने बताया कि लाभार्थी का परिवार उत्तर प्रदेश का निवासी होना चाहिए और पारिवारिक वार्षिक आय तीन लाख तक होनी चाहिए। किसी परिवार की अधिकतम दो ही बच्चियों को योजना का लाभ मिल सकेगा। लाभार्थी के परिवार में अधिकतम दो बच्चे हों, यह लाभ किसी महिला को द्वितीय प्रसव से जुड़वा बच्चे होने पर तीसरी संतान के रूप में लड़की को भी अनुमन्य होगा। यदि किसी महिला को पहले प्रसव से बालिका है और वह द्वितीय प्रसव से दो जुड़वा बालिकाएं होती हैं। तो तीनों बालिकाओं को लाभ अनुमन्य होगा। लाभार्थी को कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत देय धनराशि पीएफएमएस प्रणाली से उसके बैंक खाते में सीधे भेजी जाएगी। जनपद का कोई भी पात्र आवेदक योजना के वेब पोर्टल, नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र या जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय कमरा नंबर 105 कलेक्ट्रेट के माध्यम से आवेदन कर सकता है।

स्कूली बच्चों के साथ साझा कर सकेंगे जन्मदिन

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। समुदाय के लोग अब जन्मदिन, शादी व त्योहारों की खुशी परिषदीय स्कूलों में बच्चों के साथ साझा कर सकेंगे। शासन ने स्कूली बच्चों के लिए तिथि भोजन योजना लागू की है। इसके तहत कोई भी व्यक्ति बच्चों को पोषण भोजन करा सकेगा।

शासन ने परिषदीय स्कूलों के बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए समुदाय की भागीदारी तय करने के लिए नई पहल शुरू की है। जिसके तहत बच्चे या किसी व्यक्ति के जन्मदिन, विवाह की वर्षगांठ व त्योहार के मौके पर बाहरी लोग परिषदीय स्कूलों के बच्चों को भोजन करा सकेंगे। बच्चों को कराया जाने वाला भोजन स्कूल में ही बनाया जाएगा। लेकिन इस भोजन के लिए खाद्यान्न या कंवर्जन कास्ट का इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। बाहर से पका कर लाया भोजन बच्चों को नहीं दिया जाएगा। बीएसए अजय मिश्रा ने बताया कि एमडीएम योजना में तिथि भोजन को शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं।

- परिषदीय स्कूलों में तिथि भोजन योजना लागू, बच्चे करेंगे पोषण युक्त भोजन

रिश्ते तार-तार: छोटे भाई की कुल्हाड़ी मारकर की हत्या

मामूली विवाद के बाद दोनों भाइयों में हुई थी कहासुनी, मृतक की बेटी ने बताई सारी बात

संवाददाता औंग फतेहपुर

अमृत विचार। मामूली विवाद के चलते शनिवार की रात बड़े भाई ने छोटे भाई पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। रात में समय से इलाज न मिलने से रविवार सुबह घायल युवक ने दम तोड़ दिया। सुबह घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और पूछताछ करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

कल्यानपुर थाना क्षेत्र के बड़ौरी नहरिया के पास एक दिव्यांग महिला अपने दो बच्चों व नाती दीपांशू और पलक के साथ पॉलीथिन डालकर रह रही थी। बताया कि शनिवार की रात महिला के छोटे पुत्र जितेन्द ने बसेरा के पास रखे झांखर (जंगली कांटों का झुण्ड) को हटा दिया था। जिस पर बड़े भाई सत्य नारायण ने विरोध किया था। जिस पर कहासुनी बढ़ गई थी। बात इतनी बढ़ी कि बड़े भाई ने जितेन्द्र को कुल्हाड़ी से मारकर घायल कर दिया और भाग गया। इलाज न मिल पाने के कारण घायल जितेन्द्र की रविवार सुबह मौत हो गई। मृतक की दस साल की बेटी पलक ने पुलिस की पूछताछ में सारी बात बताई है। मामले में एएसपी विजय शंकर मिश्र ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

नशे का आदी है आरोपी: मृतक की मां किशन कुमारी ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि उनका बड़ा लड़का सत्यनारायण किसी नशे का आदी है। पूर्व में इसने मृतक की पत्नी को भी मार डाला था। शनिवार रात में भी वह नशे में था।

घटना स्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस अमृत विचार

ऐसा परिवार, जहां न घर न भोजन

परिवार नहर के पास पॉलीथिन तानकर किसी तरह से गुजर बसर कर रहे थे। यही इनका घर है। खाने के लिए दूसरे पहर में कोई इंतजाम नहीं दिख रहा था। बूढ़ी मां कमर से विकलांग है। रात भर अपने घायल पुत्र के साथ पड़े पड़े रोती रही। सुबह जब घायल पुत्र की सांसे थमी तब तक मां की आंखें पथरा चुकी थी। आंखों में आसूं खत्म हो चुके थे। बच्चे बिलख बिलख कर रो रहे थे। हर कोई देखने वाला यही कह रहा था कि इस डिजिटल युग में आज भी सत्तर साल पहले वाली गरीबी कायम है।

मोबाइल देखने से मना करने पर किशोर ने लगाई फांसी

संवाददाता बिंदकी अमृत विचार। अधिक मोबाइल देखने से मना करने पर किशोर ने अपने घर के दो मंजिल में बने कमरे के अंदर फांसी लगाकर जान दे दिया। जीवित रहने की आशंका पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के फरीदपुर गांव में अधिक मोबाइल देखने पर परिजनों ने रजनीश (12) पुत्र महेंद्र पाल को डांट दिया। इस बात से नाराज होकर किशोर अपने घर के दो मंजिल में बने कमरे में गया और कमरे के अंदर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजन ग्रामीणों की सहायता से स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

धूमधाम से निकली प्रभु श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा

जहानाबाद फतेहपुर। नगर में धूमधाम से प्रभु श्री जगन्नाथ जी रथ यात्रा निकाली गई। नगर में 450 वर्षो से लगातार निकलने वाली श्री जगन्नाथ रथ यात्रा अग्निहोत्री भवन हनुमानगंज बजरिया से रविवार को शाम 5 बजे कस्बे का भ्रमण किया।

आयोजक रमाकांत अग्निहोत्री ने बताया कि प्राचीन नगरी कोड़ा जहानाबाद में लगभग 450 वर्षों से लगातार आयोजित हो रही प्रभु श्री जगन्नाथ रथयात्रा जिसकी व्यवस्था संस्थापक अग्निहोत्री परिवार द्वारा की जाती है। डॉक्टर ओम प्रकाश पाल, राजा अग्निहोत्री, सर्वेश सोनकर, मुकेश कुमार, दीपू ओमर, शेष नारायण सचान सहित अन्य भक्त शोभा यात्रा में सम्मिलित होकर रथ यात्रा को भव्य रूप प्रदान किया। प्रभु जगन्नाथ के भक्तों के सहयोग द्वारा हर वर्ष आयोजित होने वाले प्रभु श्री जगन्नाथ रथयात्रा का कार्यक्रम इस वर्ष भी रविवार को आयोजित किया गया। यात्रा हनुमानगंज बजरिया, ठकुरनगली, राजभवन ड्योढ़ी मोड़, लालूगंज स्टेट बैंक साढ रोड, बाजार तिराहा, लालूगज, मूल चंद गली, बाजपेयी गली, बस स्टाप, टंकी रोड, चौक, थाना मोड़ से वापसी हुई।

करंट की चपेट में आए बुजुर्ग दंपति की मौत

संवाददाता थरियांव

- पड़ोसी के घर गई केबिल से उतरा करंट

अमृत विचार। बरसात का पानी कच्ची छत से घर के अंदर आ रहा था। तभी बुजुर्ग दंपति पानी रोकने के लिए छत पर गए थे। पड़ोस के घर में गई बिजली की तार से छत पर करंट उतर आया। जिससे दंपति की मौके पर ही मौत हो गई।

थरियांव थाना हसवा चौकी क्षेत्र के मोहम्मदपुर नेवादा गांव निवासी वासुदेव पासवान (60) पुत्र सुखदेव गांव में रहकर खेती किसानी का काम करता था। रविवार की दोपहर चार बजे बारिश होने के कारण कच्ची छत से घर के अंदर पानी आ रहा था। पानी रोकने के लिए पत्नी गुजरतिया (58) के साथ छत पर गया था। तभी पड़ोसी चंद्रपाल पुत्र बहादुर लाल के घर जा रही बिजली की तार से कच्ची छत पर करंट उतर आया। जैसे ही बुजुर्ग दंपति छत पर पहुंचे तो बिजली का करंट लग गया। करंट लगने से बुजुर्ग दंपति की मौके पर ही मौत हो गई।

वासुदेव, गुजरतिया। अमृत विचार

मृतक की दो बेटियां हैं जिनकी शादी कुछ वर्ष पूर्व हो चुकी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बिजली के करंट से बुजुर्ग दंपति की मौत हुई है।

रेप के आरोपी को किया गिरफ्तार

बिन्दकी। कुछ दिन पहले आरोपी युवक ने कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी को घर में अकेला देख उसके घर में घुस गया और उसके साथ रेप की घटना को अंजाम दिया थ। जब परिजन वापस घर आए तो किशोरी ने आपबीती बताई इस पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसी के चलते रविवार की सुबह आरोपी युवक को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

जवाबदेह गंभीर नहीं, मरीजों को लूट रहे झोलाछाप

फतेहपुर। ग्रामीणांचलों में स्थित सीएचसी-पीएचसी में समुचित इलाज न मिलना मरीजों को भारी पड़ रहा है। मरीजों को झोलाछाप लूट रहे हैं और गम्भीर अवस्था होने पर अपने सेटिंग वाले निजी अस्पतालों में भेज रहे हैं। जहां अक्सर डाक्टर बने लोगों की लापरवाही से मरीजों की मौत होने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। ग्रामीण इलाकों में झोलाछाप डाक्टरों की भरमार हैं और आए दिन वहां हंगामा होता रहता है। नाम न छापने की शर्त पर एक मरीज के तीमारदार ने बताया कि गाजीपुर क्षेत्र में झोलाछाप के इलाज से एक मरीज की हालत बिगड़ गई। उससे 25 हजार रुपए भी इलाज के नाम पर ऐंठ लिए। दरअसल चिकित्सकों की कमी का फायदा उठाकर झोलाछाप मरीजों की जान से खेल रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में माकूल इलाज नहीं मिल रहा है। डायरिया और बुखार के मरीज भी भर्ती नहीं हो रहे। उन्हें दवा देकर टाला जा रहा है। ऐसे में फायदा नहीं होता देख मरीज झोलाछापों के चंगुल में फंस रहे हैं। कई स्थानों पर खुले निजी नर्सिंग होम में भी अप्रशिक्षित लोगों द्वारा इलाज किया जा रहा है।

एक नजर

58 वाहनों का हुआ चालान

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर रविवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 58 वाहनों का चालान करते हुए एक वाहन से दो हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं चार लोगों के खिलाफ बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई है।

ई रिक्शा पर गिरा पेड़, चालक घायल

बिन्दकी। नगर के निकट मुगल रोड में नहर पुल के समीप रोड में रविवार की सुबह अचानक एक पेड़ सब्जी लाद कर बाजार आ रहे ई रिक्शा के ऊपर गिर गया, जिससे चालक घायल हो गया।

कुल्हाड़ी से हमला कर किया घायल

राजपुर कानपुर देहात। सटटी थाना क्षेत्र के जलालपुर निवासी छोटेलाल चौधरी खेतीबाड़ी करते हैं। रविवार शाम 8 बजे अपने घर के दरवाजे बैठे थे। तभी पीछे से आए किसी व्यक्ति ने कुल्हाड़ी से छोटेलाल पर ताबड़तोड़ हमला कर भाग गया। ग्रामीणों की सूचना पर सटटी थानाध्यक्ष शिवशंकर पुलिस बल के साथ घटनास्थल की जांच पड़ताल की।

सभी सीएचसी में बनेंगे डेंगू वार्ड

फतेहपुर। डेंगू रोधी माह में बचाव एवं नियंत्रण को जनसमुदाय की सहभागिता सुनिश्चित होगी। इसमें ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समितियों की भूमिका तय की गयी है। प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पांच पांच बेड का डेंगू वार्ड बनाया जाएगा। हर रविवार को मच्छर पर वार कार्यक्रम का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाएगा। डेंगू रोधी माह यूं तो एक जुलाई से ही शुरू होना था। मगर स्वास्थ्य विभाग ने अब सर्कुलर जारी कर डेंगू रोधी माह मनाए जाने को लेकर सीएचसी और पीएचसी के अलावा जिला अस्पताल के चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए हैं। अभियान 31 जुलाई तक चलना है। सीएमओ ने बताया कि जनपद और ब्लॉक स्तर पर अंर्तविभागीय समन्वय स्थापित करते हुए जनसमुदाय को डेंगू के बारे में जागरूक किया जाएगा। अभियान में सोशल मीडिया के माध्यम से जागरुक करें।

अस्पताल का हुआ उद्घाटन...

फतेहपुर। शहर के रानी कालोनी रोड में स्थित एसएन सुपर मल्टी हास्पिटल का उद्घाटन रविवार को स्वामी विज्ञानानंद द्वारा फीता काटकर किया गया। उन्होंने बताया कि अस्पताल में सभी तरह के रोगियों के इलाज की व्यवस्था है। गरीब तबके के लोगों को विशेष महत्व दिया जाएगा। इस मौके पर डा. सुरेश, डा. अभिषेक शर्मा, मयंक कुशवाहा, नागेन्द्र वर्मा, जीतेन्द्र वर्मा और दीपक वर्मा आदि मौजूद रहे। ● अमृत विचार

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में बड़े खेल

संवाददाता, औंग फतेहपुर

अमृत विचार। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत एफडीआर टेक्नोलॉजी के द्वारा तहसील बिन्दकी क्षेत्र में रामगंगा नहर की पटरी पर कुड़नी मोड़ से ग्राम जलाला तक 12.05 किलोमीटर पक्की सड़क का निर्माण गत वर्ष 11 सितम्बर 2023 को कार्यपूर्ति की रिपोर्टिंग कार्यदाई संस्था और विभाग के अधिकारियों के द्वारा की जा चुकी है। जबकि उक्त सड़क का निर्माण कार्य अभी पंद्रह दिन पहले शुरू हुआ है। जिसमें सर्वप्रथम ठेकेदार ने कुड़नी मोड़ से देवमई तक करीब दो दर्जन विशाल हरे वृक्ष काटकर उनके ठूंठ सहित गायब कर दिए गए हैं।

विभागीय इस्टीमेट के मुताबिक कानपुर से फतेहपुर की ओर कुल 12.05 किलोमीटर लम्बी, 7.50 मीटर चौड़ी सड़क में मिट्टी पुराई सामी लेयर के बाद डामरीकरण होना है। मिट्टी पुराई कार्य चल रहा है नहर की मिट्टी वहीं पर डालकर रोलर चलाया जा रहा है। निर्माण के लिए सरकार ने 762.18 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया था। क्षेत्र के लोगों का अनुमान है कि लोकसभा चुनाव से पूर्व बजट पास हुआ। संस्था पीआईयू ग्रामीण अभियंत्रण विकास फतेहपुर ने गोमती नगर लखनऊ निवासी सूरज बिल्डर ठेकेदार को जिम्मेदारी मिली फिर भी बिना कार्य शुरू किए नहर किनारे टूटी सड़क में निर्माण कार्य प्रारम्भ की तिथि 11 सितम्बर 2022 तथा पूर्ण की तिथि 12 सितम्बर 2023 का एक बोर्ड लगा दिया गया था।

क्या बोले लोग.....

पन्द्रह वर्ष पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती ने नहर किनारे 3.5 मीटर चौड़ी सड़के बनवाई थी। इसी सड़क का पीएमएसवाई के तहत निर्माण बजट पास होने के बाद शायद हड़पने की तैयारी थी। इसी कारण से पौने दो साल तक काम शुरू नहीं हुआ

–अखिलेश शुक्ला, नेता

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत बन रही सड़क में मिट्टी पुराई के बाद डामरीकरण की तैयारी चल रही है। जबकि गिट्टी सीमेंट और बालू के मिश्रण की एक लेयर के बाद डामरीकरण होना चाहिए।

–इंद्रपाल पासवान, वरिष्ठ नागरिक देवमई

लापरवाही: अढ़ौली बाजार में दो माह पहले लगे पोल झुके

संवाददाता, धाता फतेहपुर

- पोल झुकने से लोगों में दुर्घटना की आशंका
- स्थानीय लोगों ने विभाग पर लगाए लापरवाही के आरोप

अमृत विचार। क्षेत्र में धाता महेवा घाट मार्ग के चौड़ीकरण के दौरान हाल ही में अढ़ौली बाजार में लगाए गए लोहे के पोल झुक गए। जिसके कारण लोगों को खतरा महसूस हो रहा है। स्थानीय बाजार के दुकानदारों का कहना है कि भ्रष्टाचार के चलते कि इन्हें गाड़ते समय गिट्टी बालू नहीं डाला गया। जिस कारण खम्भों की यह स्थिति हुई है।

धाता महेवा घाट मार्ग का दोनों ओर एक एक मीटर चौड़ी की जा रही है। जिसमें चलते पुराने लगे सीमेंट से दूर लोहे के ऊंचे पोल गाड़े गए हैं। जिनमें 11 केवी की एचटी लाइन खींची गई। अढ़ौली बाजार में लगाए गए पोल में से दो पोल जो अढ़ौली इंटर कॉलेज गेट के पास इधर उधर हैं वे विपरीत दिशा में झुक गए हैं। जिनमें से एक पोल नीचे विद्यालय दीवार से एक मीटर से भी अधिक दूरी पर है लेकिन छत के पास लगभग एक फिट की दूरी पर है। विद्यालय की छत पर चढ़ने पर कभी भी दुर्घटना हो सकती है। वहीं दूसरा पोल सड़क की और झुका हुआ है। जिससे भी लोगों को खतरा महसूस हो रहा है क्षेत्रीय दुकानदार एवं ग्रामीण सत्येन्द्र सिंह, रिंकू सिंह, शिव सिंह, बबलू सिंह, समर्थ सिंह पटेल, अजय सिंह, दाऊ सिंह लौधना, मान सिंह सेठजी, ननका सिंह, वाले सहित अन्य दुकानदारों ने बताया कि बिजली का पोल गाड़ते समय गिट्टी सीमेंट बालू की बचत करने के चक्कर में इन्हें गड्ढा खकनार सीधा गढ़ दिया गया है। जिसके चलते दो माह के अंदर ही इनका झुकाव इधर-उधर होने लगा है। अभी इनमें 11 केवी एचटी लाइन चल रही है। ऐसे में कभी भी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

निरीक्षण | सम्पूर्णता अभियान को जमीनी स्तर पर लाने को दिया जा रहा जोर

हाईटच आंगनबाड़ी केंद्रों को जांचा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- पति नीति आयोग के प्रतिनिधि ने की जांच पड़ताल
- छह सूचकों में व्यापक संतृप्ति प्राप्त करना है

अमृत विचार। नीति आयोग के निर्देशन में चल रहे विकासात्मक कार्यक्रमों की निगरानी और उन्हें बढ़ावा देने के उद्देश्य से, नीति आयोग के प्रतिनिधि नीरज सिंह ने रविवार को हासिमपुर भेदपुर, ब्लॉक हसवा में हाई टच आंगनबाड़ी केंद्रों का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण नीति आयोग की आगामी सम्पूर्णता अभियान के शुभारंभ के साथ इस अभियान को जमीनी स्तर पर मजबूती के साथ क्रियान्वयित करने के मूल उद्देश्य के साथ किया गया है। जिसका उद्देश्य आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों में पहचाने गए छह सूचकों में व्यापक संतृप्ति प्राप्त करना है।

निरीक्षण के दौरान श्री सिंह ने विभिन्न हितधारकों, जिनमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और अन्य अधिकारी के साथ बातचीत की। चर्चा का केंद्र बिंदु संवेदनशील परवरिश और प्रारंभिक बाल्यावस्था में सीखने के अवसरों को बढ़ाना और जीवन के पहले 1000 दिन, परियोजना की वर्तमान प्रगति और परिणाम का आकलन करना था। उन्होंने कार्यकर्ताओं और जिला कार्यान्वयन टीम के साथ गुणवत्ता पूर्ण समय बिताया और कार्यक्रम की कार्यान्वयन, चुनौतियों और सफलताओं के बारे में विस्तृत चर्चा की।

आकांक्षी ब्लाक हथगाम में अनुपम शर्मा, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, राजू सिंह, ब्लॉक नोडल अधिकारी, नीति आयोग आकांक्षी ब्लॉक हथगाम विमला शर्मा, सेक्टर पर्यवेक्षक आदि कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर प्रभावी कार्यक्रम कार्यान्वयन सुनिश्चित करने का दम भरा गया और कहा कि आगे भी इस तरह की जांच होती रहेगी।

जब 4 लोगों को कुत्ता काटेगा तभी लगेगा इंजेक्शन

फतेहपुर। एआरवी (एंटी रेबीज वैक्सीन) लगवाने में अब स्वास्थ्य कर्मी आनाकानी नहीं कर पाएंगे। शासन ने स्वास्थ्य विभाग को पत्र जारी कर एक मरीज होने पर भी वैक्सीन लगाने के निर्देश दिए हैं। हालांकि शासन के इस आदेश का असर स्वास्थ्य कर्मियों पर होता नहीं दिख रहा है। कुत्ते और बंदर के काटने पर व्यक्ति रेबीज का शिकार हो सकता है। ऐसे में लोगों को 72 घंटे के भीतर एआरवी लगवाने की सलाह दी जाती है। लाइलाज बीमारी में रेबीज से बचाने के लिए सभी सरकारी अस्पतालों में रेबीज का टीका निःशुल्क लगाया जाता है। इसके बाद भी सीएचसी और ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी अस्पतालों में एआरवी लगवाना लोगों के लिए मुसीबत साबित होता है।

रानी कालोनी का नाला ओवरफ्लो होने से सड़क पर भरा गंदा पानी

बारिश से हुए जलभराव से लोगों को हुई परेशानी, घरों में कैद हुए लोग

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। शहर के नासिरपुर वार्ड का रानी कॉलोनी मुहल्ला सालों से जल भराव की समस्या से जूझ रहा है। नालियों का पानी खड़ंजे एवं सीसी रोड में उफनाकर लोगों के लिये परेशानी का सबब बनता है।

नालियों के उफनाने से गंदगी के साथ स्वास्थ्य पर संक्रामक रोगों का खतरा मंडरा रहा है। यहां पर रहने वाले लोगों का कहना है कि जब आम दिनों में यह हालात हैं तो अन्य दिनों के हालात क्या होंगे। भारी बरसात में पालिका के जिम्मेदारों की पोल खुलकर सामने आ जाएगी। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के चलते स्थानीय लोगों में वैमनस्य भी पैदा हो रहा है। जलभराव के समय आए दिन लड़ाई झगड़े की नौबत तक आ जाती है।

वहीं जब पूरी गली पानी से भर जाती है तो लोगों को रास्ता बदलना पड़ता है या फिर उसी गंदे पानी के बीच से आना जाना करना पड़ रहा है।

सीओ कार्यालय के सामने उफना रहे नाले से निकला पानी। अमृत विचार

तालाब में करवा दी गई प्लाटिंग

पूर्व में भी घरों से नालियों के द्वारा निकलने वाले पानी के निस्तारण की ठोस योजना नहीं थी। घरों से निकलने वाला पानी एक तालाब में जमा होता रहा है। यह तालाब सरकारी है कि किसी की खुद की संपत्ति है लेकिन गंदे पानी के जमा होने का साधन बना हुआ था। बीते दिनों इस तालाब को मिट्टी से भरवा कर प्लाटिंग कर दी गई है। जिससे घरों से निकलने वाला पानी व बारिश का पानी परेशानी का सबब बना हुआ है।

नाला निर्माण के बाद भी परेशानी

- सीओ सिटी आफिस रोड में जल निगम द्वारा नाला निर्माण कराया जा चुका है। दो सालों से नाला निर्माण सुस्त गति से चल रहा था कुछ ही महीने पहले नाला निर्माण का कार्य पूरा हुआ है। नाला निर्माण में सुस्ती के चलते काम पूरा नहीं हो पा रहा है, जिसके चलते स्थानीय लोगों को समस्याएं झेलनी पड़ रहीं थी। निर्माण पूरा होने के बाद मोहल्लेवासियों को कुछ राहत दिखने की उम्मीद हुई लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। नाला बनने के बाद भी यहां की स्थिति जस की तस है। कई बार लोगों ने जिला प्रशासन को शिकायती पत्र देकर जलभराव की समस्या से अवगत कराया लेकिन इस ओर किसी ने सुध नहीं ली।

परिषदीय छात्रों के सिर पर हाईटेंशन लाइनें

फतेहपुर। जिले के दो सैकड़ा से अधिक परिषदीय विद्यालयों के बच्चों पर करंट का खतरा मंडरा रहा है। बेसिक शिक्षा विभाग से संचालित नगर समेत 13 ब्लाकों में करीब 203 स्कूल ऐसे हैं जिनके परिसर से बिजली की लाइन निकली हैं। इन स्कूलों में शिक्षा ले रहे हजारों छात्र-छात्राओं की जान खतरे में रहती है।

इस समस्या के समाधान के लिए बिजली विभाग व बेसिक शिक्षा विभाग की खींचतान के कारण स्थिति जस की तस है। बेसिक शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर तत्कालीन बीएसए ने ऐसे स्कूलों का बीईओ स्तर से सर्वे कराया था। चिह्नित विद्यालयों का ब्योरा बिजली विभाग के पास भेजा गया था। बिजली विभाग ने कुछ विद्यालयों में तार शिफ्टिंग कराई लेकिन अन्य के लिए बजट की मांग की। खजुहा विकास खंड के गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में गांव के एक किसान के नलकूप में लाइन पहुंचाने के लिए बिजली विभाग ने विद्यालय परिसर में ही ट्रांसफार्मर रख दिया है जिससे कभी भी कोई बड़ी घटना या दुर्घटना हो सकती है।

कार्यक्रम के बाद ग्रुप में खड़ी छात्राएं अमृत विचार

प्रोफेशनल कोर्स के बारे में दी जानकारी

संवाददाता, खागा फतेहपुर

- साधु शरण सिंह कालेज में मिडाक हेल्प फाउंडेशन ने कार्यक्रम का किया आयोजन

अमृत विचार। क्षेत्र के बरयेपुर साधु शरण सिंह इंटर कालेज में शनिवार को मिडाक हेल्प फाउंडेशन द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हायर एजुकेशन के क्षेत्र में जीरो कॉलेज फीस पर प्रोफेशनल कोर्स करके अपने सपनों को साकार करने की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में संस्था के प्रदेश अध्यक्ष जावेद खान ने मीडाक हेल्प फाउंडेशन के बारे में जानकारी साझा की। इन्होंने बताया कि फाउंडेशन के माध्यम से जीरो कॉलेज फीस पर प्रोफेशनल कोर्स में प्रवेश करके आगे की मंजिल पाई जा सकती है। वहीं साधू शरण सिंह इंटर कॉलेज फ्री कोर्स के लिए रजिस्ट्रेशन कराया गया। फ्री कोर्स के लिए बीएससी नर्सिंग, फार्मा-डी, कोर्स में सायदा बानो, दीक्षा देवी, रिया सिंह, अंजली सिंह, आरती सिंह, सारिका सिंह ने रजिस्ट्रेशन कराया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जावेद खान, साधू शरण सिंह, शैलेश कुमार सिंह, इसाक खान, प्रदीप सिंह, मोईद अहमद खान, लवकुश कुमार समेत अन्य तमाम छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक भी मौजूद रहे।

पौधरोपण के बाद संरक्षण की भी अपील

अमौली फतेहपुर। एक पेड़ अपनी मां के नाम, मुहिम के लिए बच्चों एवं अभिभावकों को 101 पौधे बांट कर उन्हें रोपित करने को प्रेरित किया गया। साथ पौधों के संरक्षण पर भी जोर दिया गया। क्षेत्र के परिषदीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुलखेड़ा में प्रधानमंत्री के विश्व पर्यावरण दिवस को समर्पित पर्यावरण संरक्षण के संकल्प की मुहिम, एक पेड़ अपनी मां के नाम, के तहत शिक्षक उमेश कुमार द्वारा पौध वितरण एवं पौधरोपण समारोह का आयोजन किया। जहां खंड शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह कमल एवं ग्राम विकास अधिकारी योगेंद्र सिंह एवं प्रधान प्रतिनिधि सुरेश त्रिपाठी ने विद्यालय में अध्यनरत बच्चों एवं अभिभावकों को 101 पौधे प्रदान किए गए। वहीं एक दर्जन पौधों का पौधरोपण भी किया गया।

चौथे चरण में 44 बच्चों का फिर निःशुल्क प्रवेश हुआ

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- आरटीई के तहत इस वर्ष कुल 624 बच्चों को मिला लाभ
- लॉटरी प्रक्रिया से लाभार्थी बच्चों का प्रवेश के लिए चयन हुआ

अमृत विचार। नए शिक्षण सत्र में आरटीई के तहत चार चरणों में आवेदन लेकर 624 बच्चों को निजी स्कूलों में प्री प्राइमरी और कक्षा एक में प्रवेश दिलाया जा रहा है। चौथे चरण की प्रक्रिया भी पूरी हो गई। अंतिम चरण में 44 बच्चों की प्रवेश प्रक्रिया चल रही है।

आरटीई के अंतर्गत अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को कक्षा एक एवं प्री प्राइमरी कक्षा में निजी स्कूलों में मुफ्त प्रवेश दिलाया जाता है। बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया जनपद में चार चरणों में संपन्न कराई गई। इसमें बच्चों के अभिभावकों से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। इसके बाद लॉटरी प्रक्रिया से लाभार्थी बच्चों का प्रवेश के लिए चयन किया गया।

प्रथम चरण में बेसिक शिक्षा विभाग ने 303, वहीं दूसरे चरण में कुल 186, तीसरे चरण में 91 बच्चों को स्कूलों में दाखिला दिलाया गया। चौथे चरण में कुल 64 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें सत्यापन के बाद 18 आवेदनों को विभिन्न त्रुटियों के कारण रिजेक्ट कर दिया गया। शेष 44 बच्चों को चयन कर उनके द्वारा चुने गए पब्लिक स्कूलों में दाखिला कराया जा रहा है।

ग्राम पंचायत की भूमि कब्जाने की शिकायत

किशनपुर। थाना क्षेत्र के गिरधरपुर मजरे गढ़ा गांव में ग्राम समाज की जमीन में अवैध कब्जा करने की शिकायत सम्पूर्ण समाधान दिवस में की है। शिकायत कर्ता ने शिकायती पत्र देते हुए अवैध तरीके से हो रहे निर्माण कार्य को रुकवाने व जमीन को कब्जा मुक्त कराने की गुहार लगाई है। गांव के रहने वाले क्षेत्र पंचायत सदस्य रमेश चंद्र ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में ग्राम पंचायत की जमीन को भूमाफियाओं द्वारा कब्जाने की शिकायत की हैं। आरोप है कि ग्राम पंचायत की सरकारी बेशकीमती जमीन में गांव के ही कुछ अराजकतत्व जबरन निर्माण करा रहे हैं। जमीन कब्जाने की नियत से काफी दिनों से लोगों द्वारा उस पर धीरे धीरे कब्जा किया जा रहा है।

रोजगार परक निःशुल्क प्रशिक्षण को करें आवेदन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- उद्यमिता विकास केन्द्र प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा

अमृत विचार। उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त ने बताया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के व्यक्तियों में औद्योगिक रोजगार सृजन के उद्देश्य से व्यवहारिक सामूहिक प्रशिक्षण योजना के तहत जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना है।

निदेशालय द्वारा निर्धारित ट्रेंडों में पुरुष अभ्यथियों के लिए ट्रैक्टर रिपेरिंग एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए मेडिकल नर्सिंग (आया) ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आंमत्रित किए गए हैं। बताया कि प्रशिक्षण अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उन पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए है जिनकी आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष के मध्य हो तथा कम से कम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण हों। इस प्रशिक्षण के लिए चयनित अभ्यर्थियों को 1250 रुपये प्रतिमाह यातायात एवं स्वल्पाहार के रूप में दिया जाएगा। आवेदन पत्र विभाग की वेबसाइट पर 25 जुलाई तक आनलाइन किए जा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ फोटो, हस्ताक्षर नमूना, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, आयु व जाति प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा।

सार-संक्षेप

रिटायर महिला स्वास्थ्यकर्मी से हुई टप्पेबाजी

पीड़ित महिला

फतेहपुर। बाजार गई एक रिटायर्ड महिला स्वास्थ्यकर्मी को टप्पेबाजों ने अपना शिकार बना लिया। महिला से नकदी और जेवरात लेकर फरार हो गए। टप्पेबाजी का अहसास होने पर पीड़ित महिला ने कोतवाली पहुंचकर मामले की तहरीर पुलिस को दी है। सदर कोतवाली क्षेत्र के वर्मा चौराहे के पास रहने वाली विमलेश त्रिपाठी रिटायर्ड स्वास्थ्यकर्मी हैं। उन्होंने बताया कि वह रविवार सुबह वह सब्जी लेने चौराहे तक गई थीं। उसी दौरान दो लोग उनके पास आए और बातों में उलझा दिया। इसके बाद उन्हें कुछ याद नहीं रहा। जब उन्हें कुछ होश आया तब देखा तो उनके पहने हुए जेवरात उनके शरीर पर नहीं थे और पर्स में पड़े 15 सौ रुपये भी नहीं थे। पीड़ित महिला ने तत्काल परिजनों को घटना की जानकारी दी और उनके साथ कोतवाली पहुंचकर मामले की तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बता दें कि यह शहर का पहला मामला नहीं है। इससे पूर्व 25 जून को दो महिलाओं के साथ हुई लूट की घटनाओं के खुलासों में भी पुलिस अब तक नाकाम है।

सरकारी जमीन पर कब्जे की रिपोर्ट दर्ज

औंग। मलवां थाना क्षेत्र के ओखरा कुंवरपुर निवासी संगीता देवी ने गांव के रामचन्द्र, अंकित व अनुज पुत्रगण रामचन्द्र और प्रेमा देवी पत्नी रामचन्द्र के खिलाफ सरकारी जमीन पर कब्जे के उद्देश्य से खूंटा गाड़ने, कब्र बनाने, ईंटें जमा करने व अवैध कब्जा रोकने पर गाली गलौज मारपीट करने के आरोप में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जेठ पर लगाया छेड़खानी का आरोप

औंग। मलवां थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने अपने जेठ के खिलाफ छेड़खानी करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें उसने बताया कि पति यदि घर में कुछ कहता या एक्शन लेता है तो जेठ उसे बरगला कर मामले को रफा दफा कर देता है। पुलिस आरोपी जेठ को तलाश कर रही है।

मारपीट कर बहू को घर से निकाला

औंग। मलवां थाना क्षेत्र के उमरगहना की ललिता देवी पत्नी कमलाकान्त शर्मा को उसके ससुराल वालों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया है, अब पीड़ित महिला अपने रिश्तेदार के यहां दरवेशाबाद में रह रही है। पुलिस को दी तहरीर में बताया कि महिला ने पति कमलकांत पुत्र अंगद, जेठ भईयन पुत्र शीतल, ससुर अंगद के विरुद्ध मारपीट करने के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई है।

चार के खिलाफ लिखाई एफआईआर

औंग। मलवां थाना क्षेत्र के दिवानीपुर निवासी ओमप्रकाश के पुत्र अतुल को शनिवार को गांव के लोगों ने घात लगाकर लाठी, डंडे व सरिया से पिटाई की थी। जिसे घायल अवस्था में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घायल के पिता ने गांव के जयसिंह पुत्र स्व जियालाल, अमर व रणबीर पुत्रगण रामसरन व महेन्द्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

एन्टी रोमियो टीम ने चलाया ऑपरेशन जागृति

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर रविवार को सभी थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज-4 अभियान व ऑपरेशन जागृति चलाया गया। महिलाओं व बालिकाओं से वार्ता कर ऑडियो, वीडियो, पंपलेट के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए स्वयं की सुरक्षा के लिए जागरूक किया।

मार्गों को दुरुस्त कराना भूल गया जलनिगम

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- बारिश के दिनों में ग्रामीणों के लिए मुसीबत बने मार्ग
- कई बार आवाज उठाने के बाद समस्या से नहीं मिली निजात

अमृत विचार। जल जीवन मिशन के तहत गांवों में पाइप लाइन बिछाने के बाद खोदी गई सड़कों को संवारने में जल निगम ने गंभीरता नहीं दिखाई। जो बारिश में लोगों के लिए मुसीबत बने हुए हैं।

जिले की सभी 824 ग्राम पंचायतों से जुड़े राजस्व गांवों में हर घर में नल से जल पहुंचाने की योजना ग्रामीणों को राहत कम तकलीफ ज्यादा दे रही है। हर घर तक पानी पहुंचाने के लिए भूमिगत पाइप लाइनें बिछाई जा रही हैं। इसके लिए सड़कों की खोदाई कराई गई है। नियमानुसार, सड़कों की खोदाई के बाद उसकी मरम्मत भी करने की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था की है लेकिन अधिकांश जगहों पर पाइप लाइन तो बिछा दी गई लेकिन सड़कें जस की तस छोड़ दी गईं। करीब छह सौ रास्ते खोदे गए लेकिन मरम्मत मात्र चार सौ की ही हुई। शेष दो सौ रास्ते अभी भी क्षतिग्रस्त हैं। जो बारिश में लोगों को आवागमन में दर्द दे रहे हैं। जलनिगम के जेई ने बताया कि पाइप लाइन बिछाने के लिए जो रास्ते खोदे गए हैं, उनमें 60 फीसदी को तो मरम्मत करके पाट दिया गया है लेकिन शेष ऐसे ही पड़े हैं। इसलिए सम्बंधित ठेकेदारों को विभाग के उच्चाधिकारियों ने निर्देश दिए गए हैं।

पानी भरने के विवाद में जमकर हुई मारपीट

फतेहपुर। कुएं से पानी भरने के विवाद में एक किशोरी को पड़ोसियों ने मिलकर जमकर पिटाई कर दी। मारपीट का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। पीड़ित के परिजनों ने थाना पुलिस से मिलकर न्याय की गुहार लगाई।

हुसेनगंज थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव के रहने वाले दीपू ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया कि एक जुलाई की सुबह मेरी छोटी बहन काजल 15 वर्ष घर के पास कुएं से पानी भरने गई तो पड़ोस के रहने शिव चंद्र और उसके परिवार के लोगों ने मिलकर मेरी बहन को पानी भरने से मना कर दिया था। जब बहन ने विरोध किया तो पड़ोसियों ने मेरी बहन को पकड़कर अपने घर के दरवाजे ले जाकर मारपीट शुरू कर दी।

आजादी से अब तक नहीं मिला पक्का मार्ग

संवाददाता, किशनपुर फतेहपुर

अमृत विचार। देश में जहां आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है वहीं विजयीपुर ब्लाक के कई ऐसे गांव एवं मजरे हैं जहां अभी तक एक अदद पक्का रास्ता तक नहीं नसीब हो पा रहा है।

विजयीपुर विकास खण्ड में कई ऐसे गांव हैं जो आजादी से लेकर आज तक मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। जहां वाशिंदो को आज भी बिजली, पानी, सड़क जैसी सुविधाएं नहीं मिल सकी हैं। ग्रामीण बदहाल सड़कों को लेकर चिंतित रहते हैं। बरसात के दिनों में उन्हें वहीं कैद रहना पड़ता है। क्षेत्र का एक ऐसा ही गांव हैं, जहां आज तक ग्रामीणों को दलदल भरे मार्ग से छुटकारा नहीं मिल सका है। क्षेत्र के ग्राम पंचायत कछरा से भीकमपुर व खेरवा गांव का मार्ग आज भी कच्चा पड़ा है। मार्ग कच्चा होने की वजह से बरसात के दिनों में लोगों को घरों में कैद रहना पड़ता हैं। बरसात के दिनों में यह मार्ग दलदल में तब्दील हो जाता है। जिससे आवागमन पूरी तरह से ठप हो जाता है। मुख्य मार्ग होने की वजह से मजबूरी में लोगों को इसी दलदल भरें मार्ग से गुजरना पड़ता है। यदि गांव में कोई बीमार पड़ जाए जाए तो गांव तक एम्बुलेंस भी नहीं पहुंच पाती है। बरसात के दिनों में सबसे ज्यादा समस्या स्कूली छात्रों को होती है। स्कूल जाने के लिए बच्चों को कीचड़ में घुसकर विद्यालय जाना पड़ता है।

कीचड़ भरे रास्ते से निकलते स्कूली बच्चे अमृत विचार

- मूलभूत सुविधाओं से अभी भी अछूते हैं कई गांव-मजरों के वाशिंदे

मुसीबत | परसिद्धपुर, टेकारी के पास बदहाल मार्ग में हो चुकी हैं दर्जन भर से अधिक मौतें, चारपहिया वाहनों के छींटों से भीग जाते हैं दोपहिया वाहन

गड्ढों में तब्दील हुई सड़क, दुर्घटनाओं में लोग गवां रहे जान

संवाददाता, खागा फतेहपुर

अमृत विचार। गड्ढा मुक्त सड़कों का फरमान खागा तहसील के अंतर्गत धाता क्षेत्र पर नहीं हुआ। धाता से हिनौता मोड़ धाता कस्बे तक सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे होने से लोगों को आवाजाही में बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गड्ढों में भरे बरसाती पानी से समस्या और भी विकराल हो की गई है।

धाता से हिनौता तक सड़क की हालत दयनीय है। वर्षों से यह मार्ग चलने योग्य नहीं है लेकिन और कोई दूसरा विकल्प न होने के कारण राहगीर इस मार्ग से निकलने को मजबूर हैं। वर्षो के इंतजार के बाद सड़क बनना प्रारंभ हुई तो पहले सड़क वहां बनाई गई जहां सड़क चलने लायक थी। उत्तर से महेवा तक इस मार्ग की सबसे अधिक दुर्दशा थी। इस मार्ग में दर्जनों की संख्या में बसें भी चलती हैं। विकास खंड मुख्यालय एवं स्थानीय बाजार होने के कारण क्षेत्रीय लोगों का भी अपने निजी वाहनों से आवागमन बना रहता है। यह मार्ग आधा दर्जन से अधिक शहरों को जोड़ता है। कुछ दिन पहले गड्ढों में ईंट व बोल्डर डाले गए थे लेकिन रात दिन की बड़े साधनों की आवाजाही से फिर एक बार सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई। वहीं बरसात होने पर चार पहिया वाहनों के बगल से निकलने वाले दो पहिया वाहन सवार कीचड़ से सन जाते हैं।

सड़क बनने की शुरुआत हुई भी तो गलेहरा गांव की तरफ, जहां साधनों के निकलने में किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं थी। लोगों को उम्मीद थी कि धाता से महेवा के बीच सड़क बहुत खराब है तो सड़क बनने की शुरुआत इधर से होगी तो कम से कम बरसात के सीजन में निकलने में कुछ आसानी होगी।

टेकारी के पास ऐसी है सड़क। अमृत विचार

डेढ़ माह में बनी तीन किमी. सड़क

धाता से महेवा की ओर बन रही सड़क का काम अत्यंत धीमा है। यदि इसी रफ्तार से सड़क बनाने का काम चलता है तो बरसात के बाद ही हिनौता तक सड़क बन पाएगी। दो-तीन दिन तक सड़क में काम चला तो 15 दिन के लिए रुक जाता है। लोगों का अनुमान था की चुनाव से पहले सड़क बन जाएगी। लगभग डेढ़ माह से धाता बाईपास से हिनौता की ओर बन रही सड़क अब तक मात्र तीन किलोमीटर ही बन पाई है।

क्या बोले स्थानीय लोग...

ननका सिंह निवासी गोपालपुर ने बताया कि कई वर्ष हो गए आज तक गांव की सड़क बदहाल पड़ी है। बारिश के समय हर वर्ष लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सड़क में पानी व कीचड होने के कारण लोगों का निकलना दुसवार हो जाता है।

राकेश सिंह निवासी ग्राम टेकारी का कहना रहा की हम ग्राम वासियों का यह दुर्भाग्य की आज भी क्षेत्र में विकास के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है क्षेत्र की सड़कें बदहाल हैं पता ही नहीं चलता की सड़क गड्ढे में है या गड्ढा सड़क में है।

सुमन सिंह निवासी ग्राम प्रसिद्धपुर ने बताया की कई गांव को जोड़ने वाली यह सड़क अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। कार्य करने वाली संस्था मात्र लीपापोती करके बैंक बैलेंस को मजबूत करते हैं। सड़क में निम्न किस्म का मैटेरियल डालकर सरकार की क्षवि ख़राब कर रहे हैं।

सागर सिंह, निवासी प्रसिद्धपुर का कहना था की गांव की सड़क सही न होने के कारण ग्राम वासियों को कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ता है। जैसे स्कूली बच्चों को धाता जाना मरीजों के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था, यह सारी समस्या ग्राम वासियों के लिए मुसीबत है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

एक नजर

बिजली गिरने से दो लोग झुलसे

तिर्वा, कन्नौज। मवेशी चरा रहे दो लोगों पर बिजली गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गए। परिजनों ने उन्हें डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती कराया है। थाना ठठिया क्षेत्र के भुलभुलियापुर गांव निवासी 15 वर्षीय करन सिंह पुत्र पूरनलाल व केहरीपुर्वा गांव निवासी 45 वर्षीय श्याम सिंह पुत्र भइयालाल गांव के बाहर मवेशी चराने गए थे। शनिवार की शाम को हुई बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से दोनों लोग झुलस गए। बिजली गिरने की आवाज को सुनकर आसपास के ग्रामीण दौड़े। परिजनों ने गंभीर हालत में उन्हें मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है।

करंट की चपेट में आए युवक की मौत

तिर्वा, कन्नौज। भदौसी गांव निवासी 25 वर्षीय सुनील 25 देवी प्रसाद शनिवार की रात को अपने घर पर बिजली सप्लाई सही कर रहा था। उसी दौरान करंट लगने से उसकी मौत हो गई। मौत की जानकारी होते ही परिजनो में कोहराम मच गया।

ईयरफोन से जा सकती है सुनने की क्षमता

कन्नौज। प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने डीएम को पत्र भेजा है। उसमें कहा है कि ब्लूटूथ इयर प्लग, हेडफोन के अनावश्यक उपयोग से सुनने की क्षमता खत्म हो सकती है। इसको रोका जाना जरूरी है। जरूरत होने पर 50 डेसिबल वॉल्यूम सहित ईयर फोन जैसे व्यक्तिगत ऑडियो उपकरणों का प्रयोग किया जा सकता है। प्रतिदिन दो घंटे से अधिक ईयर फोन का लंबे समय तक उपयोग करने से सुनने की क्षमता तक खत्म हो सकती है।

पोस्टर प्रतियोगिता में दिव्यांशी प्रथम

कन्नौज। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि शहर के गोमती देवी बालिका इंटर कॉलेज मकरंदनगर में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत पोस्टर प्रतियोगिता हुई। पहले स्थान पर छात्रा दिव्यांशी, दूसरे पर अन्नू व तीसरे पर आयुषी रहीं। इसी तरह लाला श्याम लाल इंटर कॉलेज में छात्रों के बीच अंताक्षरी प्रतियोगिता हुई। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फुलवारी उमर्दा में भी पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई।

लोडर की टक्कर से बालक घायल, गंभीर

सौरिख, कन्नौज। बहादुरपुर गांव निवासी अमोद कुमार का 13 वर्षीय पुत्र अनुज रविवार सुबह समय 11 बजे के करीब खेतों से काम करने के बाद वापस घर आ रहा था, तभी नादेमऊ की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

उदैतापुर आ सकते हैं आयुक्त

कन्नौज। ब्लॉक सदर क्षेत्र के उदैतापुर ग्राम पंचायत में कानपुर मंडलायुक्त अमित गुप्ता का दौरा लग सकता है। इस गांव को वर्ष 2022-23 में ओडीएफ घोषित किया गया है। ग्राम में 989 परिवार हैं। नोडल अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई है।

करंट से मवेशी की मौत

कन्नौज। ब्लॉक सदर क्षेत्र के मलिकापुर आंटी निवासी संतोष कुशवाहा ने बताया कि गांव में लगे बिजली के पोल में करंट उतरने से उसकी भैंस मर गई। जानकारी अधिकारियों को दी गई है।

बच्चों के साथ दवा लेने गई विवाहिता लापता

कन्नौज। गांव सतवारी निवासी राहुल ने सदर कोतवाली में शिकायत की कि शनिवार को पत्नी रश्मि पाल बच्चों को दवा दिलाने गांव जसोदा गई थी। तबसे उसका कोई पता नहीं चल रहा है।

पाखंडी विचारधाराओं को विवेक से दूर करो

संवाददाता, तेराजाकेट-कन्नौज

- शांति यज्ञ, पौधरोपण के बाद हुआ कवि सम्मेलन

अमृत विचार। रविवार को सरस्वती देवी सत्यराम सिंह ट्रस्ट के द्वारा ग्राम मिश्रापुर स्थित चौधरी जयवीर सिंह महाविद्यालय में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार यश भारती मैनपुरी डॉ. दीन मुहम्मद दीन ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कवि सम्मेलन में कवि वदन सिंह मस्ताना, विनोद राजयोगी, पूरन सिंह, लाल सिंह, धर्मेश अविचल, महेश मंगल, सतेंद्र निर्झर, सन्तोष निर्झर, उपेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, कुमार विवेक ने पढ़े-लिखे वो नहीं होते, जो काले अक्षर पढ़ लेते है। अपने अंदर की बुराई को चुन-चुन कर दूर करो। पाखंडी विचारधाराओं को विवेक से दूर करो। इससे पहले शांति यज्ञ व पौधरोपण का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थापक जयवीर सिंह यादव, प्रबंधक प्रशांत सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह यादव, महिपाल सिंह आदि रहे।

विशुनगढ़ में भाजपा नेता के भाई को थानाध्यक्ष ने सरेआम पीटा

संवाददाता, छिबरामऊ-कन्नौज

अमृत विचार। वाहन चेकिंग का कारण पूछने पर थानाध्यक्ष का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया और भाजपा नेता के भाई को सरेबाजार पीट दिया। पुलिस की पिटाई से उसकी नाक की हड्डी टूट गई और आंख व कान में भी गंभीर चोटें आईं हैं। जानकारी पर पहुंचीं भाजपा विधायक ने थानाध्यक्ष को जमकर फटकार लगाई और पुलिस अधीक्षक से शिकायत की।

रविवार को विशुनगढ़ कस्बे में थानाध्यक्ष देवेश कुमार पाल बिना वर्दी में चेकिंग कर रहे थे। उसी समय उधर से गुजर रहे भाजपा

अस्पताल में भर्ती नीलेश द्विवेदी।

- पुलिस की पिटाई से आंख और कान में गंभीर चोटें, नाक की हड्डी भी टूटी
- भाजपा विधायक ने थानाध्यक्ष को फटकारा, पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

विशुनगढ़ मंडल अध्यक्ष के भाई नीलेश द्विवेदी उर्फ नीलू ने चेकिंग का कारण पूछा। बस इसी बात पर थानाध्यक्ष भड़क गए और नीलू को गाली देने लगे। जब गाली देने से मना किया तो थानाध्यक्ष का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया और उन्होंने नीलू को पकड़ लिया। इसके बाद सरेबाजार उनकी लात-घूसों से पिटाई शुरू कर दी। आसपास मौजूद लोग और दुकानदार तमाशबीन बने रहे। चीख-पुकार सुनकर नीलेश के बड़े भाई मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधान सुधीर द्विवेदी उर्फ कल्लू मौके पर पहुंचे और भाई को बचाया। थानाध्यक्ष की पिटाई से नीलेश के नाक की हड्डी टूट गई और एक आंख भी बंद हो गई। एक कान का पर्दा फट गया, जिससे सुनाई देना भी बंद हो गया। सुधीर ने घटना की जानकारी विधायक अर्चना पांडेय को दी, जिस पर वह विशुनगढ़ पहुंच गईं। उन्होंने थानाध्यक्ष को जमकर फटकार लगाई और पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। घायल नीलेश को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, थानाध्यक्ष देवेश कुमार पाल ने बताया कि उन्होंने कोई मारपीट नहीं की है और न ही किसी नीलेश को जानते हैं।

सीओ छिबरामऊ को दी गई जांच : पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि विशुनगढ़ थानाध्यक्ष देवेश पाल शराब ठेकों के आसपास अराजकतत्वों की धरपकड़ को दुकानों पर चेकिंग कर रहे थे। उसी समय नीलेश नाम का युवक विरोध करने लगा, जिसको लेकर विवाद हुआ था। प्रकरण की जांच छिबरामऊ सीओ ओंकारनाथ शर्मा को दी गई है। यदि जांच में थानाध्यक्ष दोषी पाए गए तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

कंटेनर ने बाइक सवारों को रौंदा, दो की मौत

बाइक से केक लेकर जा रहे थे युवक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जीटी रोड जेवां टोल प्लाजा के निकट अनियंत्रित कंटेनर ने बाइक सवारों को कुचल दिया, इससे दोनों युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों की शिनाख्त कराने का प्रयास किया पर नहीं हो सका। दोनों दिल्ली नंबर की बाइक से केक लेकर कहीं जा रहे थे।

दिल्ली नंबर की बाइक पर सवार होकर केक लेकर जा रहे युवकों की बाइक में जीटी रोड जेवां टोल प्लाजा के निकट कंटेनर ने शनिवार की रात आठ बजे के करीब टक्कर मार दी, इससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल भेजा, जहां डाक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों युवकों के शवों को पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया।

जलालपुर चौकी प्रभारी दीपक कुमार ने दोनों युवकों के शवों की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शाम तक पता नहीं चल सका। लोग दिल्ली की बाइक होने से युवक दिल्ली के ही होने की बात कह रहे हैं। वहीं, पुलिस यह मान

- घटना के बाद से पुलिस युवकों की शिनाख्त में जुटी

कर चल रही है कि दोनों युवक केक लेकर कहीं जा रहे थे। इसलिए उन युवकों को संबंध स्थानीय किसी गांव से हैं। इसीलिये पुलिस आसपास के गांव में खोज कर रही है कि किसी का रिश्तेदार किसी के जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने आ रहा हो और वह गुरसहायगंज या कन्नौज से केक खरीद कर रिश्तेदारी जा रहे हों और रास्ते में हादसे का शिकार हो गये हों।

इन सभी पहलुओं पर पुलिस जांच कर मृतकों की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि बाइक के नंबर के आधार पर दोनों युवकों की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

नशेबाजों ने युवक पर चढ़ाई कार, पैर टूटा

कन्नौज। सरायमीरा में नशेबाजों ने युवक पर कार चढ़ा दी, जिससे उसका पैर टूट गया। जीटी रोड पर लहराती हुई चल रही कार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस कार की तलाश में जुट गई है। दो दिन पहले जीटी रोड सरायमीरा में शाम के समय टहलने निकले डाक बंगला रोड निवासी रंजीत पाल को नशेबाज कार सवारों ने टक्कर मार दी थी। हादसे में रंजीत की टांग टूट गई। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। हादसे के दो दिन बाद दुर्घटना कर भाग रही कार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पीड़ित ने हादसे की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस कार की तलाश कर रही है। बताया जाता है कि रंजीत पाल को टक्कर मारने के दौरान कुछ बाइक सवार युवकों ने कार के पीछे चलते हुए वीडियो मोबाइल से बना लिया था। बाइक सवार युवक कार का पीछा करते हुए चले गये। इसके बाद कार देविन टोला मोहल्ले में चली गई, पर बाइक सवार युवकों ने



जीटी रोड पर दंपति के निकट से गुजरती कार। अमृत विचार

उसका पीछा करना बंद नहीं किया। इस पर कार सवार युवकों ने नशे का हालत में बाइक सवार युवकों को धमकी देकर भगा दिया था। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोग इस वीडियो को अपने मोबाइलों पर देख रहे हैं। लोग अंदाजा लगा रहे हैं कि उक्त कार को शराब के नशे में चालक चला रहा था। कार इसीलिये जीटी रोड पर इधर-उधर जा रही थी। कार की चपेट में आने एक दंपति के अलावा एंबुलेंस भी बची थी। इस वीडियो के आधार पर पुलिस कार की तलाश करने में लग गई है। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि हादसे की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वायरल वीडियो के आधार कार सवारों की तलाश की जा रही है।

मानीमऊ में कार की टक्कर से युवक की मौत

- कन्नौज : मानीमऊ में जीटी रोड पर शनिवार की देर शाम अनियंत्रित कार ने युवक को टक्कर मार दी, इससे उसकी मौत हो गई। मामले में भाई ने कार चालक के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। कानपुर नगर जनपद के थाना शिवराजपुर के गांव कुंवरपुर कुकरी निवासी प्रमोद कुमार पुत्र राम सनेही ने बताया कि उसका छोटा भाई राजेश कटियार छह जून को शाम आठ बजे के करीब नेरा रोड क्रॉसिंग के निकट था, इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उसको टक्कर मार दी। इससे राजेश की मौके पर ही मौत हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। पुलिस ने कार की तलाश कर रही है।

आफताब हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से आक्रोश

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। ग्राम मझपुर्वा के मोहल्ला प्लाट निवासी दिव्यांग आफताब का शव दो जुलाई की सुबह बाग की हौद में पड़ा मिला था। मामले में मृतक के पिता ने हत्या का आरोप लगाते हुए कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी लेकिन घटना के पांच दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस हत्यारों तक नहीं पहुंच पाई है। इससे परिवार सहित स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है।

रविवार को पूर्व सपा विधायक अरविंद सिंह यादव ने ग्राम मझपुर्वा में आफताब के घर पहुंचकर परिजनों से घटना की जानकारी की। इसके बाद परिजनों को शोक संवेदना व्यक्त कर ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन हत्याकांड के आरोपितों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त सजा दिलवाने का कार्य करें। उन्होंने ने दुखी

ग्राम मझपुर्वा में मृतक आफताब के परिजनों से मुलाकात करते पूर्व विधायक।

परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया और घटना की निंदा कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पुलिस प्रशासन से की। इस दौरान पूर्व प्रधान हारून अहमद सिद्दीकी, एडवोकेट जावेद सिद्दीकी, सपा नेता फिरदौस आलम, मुकीम खान, अमन खान, अजीम खान, शादाब खान, गोलू शुक्ला, भोला यादव, राजन यादव आदि मौजूद रहे।

पूर्व विधायक ने किया पौधरोपण

गुरसहायगंज, कन्नौज। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाहन पर एक से सात जुलाई तक पीडीए पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने नंगापुर्वा रोड स्थित सपा नेता राज सिंह चौहान के प्रतिष्ठान पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान मुकीम खान, अंकुर सिंह यादव, अर्पित शुक्ला, बबलू यादव, शकील खान, गोपाल, सौरभ आदि मौजूद रहे।

वृद्ध दंपति सहित पुत्र को मारपीट कर दी धमकी

संवाददाता, गुरसहायगंज-कन्नौज

अमृत विचार। रंजिश के चलते गांव के लोगों ने गाली गलौज की और बुजुर्ग दंपती सहित पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम गुगरापुर निवासी रिटायर शिक्षक की पत्नी विनोद कुमार ने बताया कि एक जुलाई की शाम 8.30 बजे रंजिश को लेकर गांव के राजीव उर्फ पप्पू, अवनीश, प्रवीण उर्फ नीटू, गोविंद व रचना उसके दरवाजे पर आए और घर में घुसकर गाली गलौज की। मना करने पर उसे व बीच बचाव में आए उसके रिटायर शिक्षक पति वीरपाल और पुत्र सौरभ को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट के दौरान गांव के रनवीर, राजीव, रोहित ने बीच बचाव कर वृद्ध दंपति को बचाया। पीड़ित के पुत्र ने डॉयल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी तो राजीव उर्फ पप्पू ने फोन पर जान से मारने और गांव में न रहने देने की धमकी दी। पुलिस ने पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

युवक को मारपीट कर दी धमकी, रिपोर्ट दर्ज

गुरसहायगंज, कन्नौज। ग्राम नौधना निवासी राहुल पुत्र भगवत शरण कटियार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मामूली विवाद को लेकर गांव के वीरेंद्र पुत्र रामेश्वर दयाल कटियार, पंकज पुत्र वीरेंद्र कटियार, संजय पुत्र राजेंद्र सिंह कटियार ने गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बल्व निकालने के विवाद में पीटा

कन्नौज। सदर कोतवाली क्षेत्रके गांव बक्सपुर्वा में बल्ब निकाल लेने को लेकर विवाद हो गया। इसी के चलते ग्रामीण को मारपीट कर घायल कर दिया। रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

सार-संक्षेप

स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

स्वास्थ्य शिविर में 101 मरीजों का हुआ परीक्षण

छिबरामऊ, कन्नौज। रविवार को नगर के मोहल्ला लाहौरी टोला स्थित गौसिया मस्जिद के पास फातहे बिलग्राम मिशन की तरफ से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 101 मरीजों का परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गईं। स्वास्थ्य शिविर में फर्रुखाबाद से आए डॉ. अफनान अली, बलरामपुर हास्पिटल लखनऊ से डॉ. आरिफ खान, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अंकित कटियार, डॉ. शिखा राजपूत व हिना खान ने मरीजों का परीक्षण कर दवाइयां दीं। इस दौरान फैसल खान, दिल नमाज खान, सलीम मंसूरी, आमिर रजा, जाहिद चिस्ती, फरजान मंसूरी, फैसल खान, हारुन, अमन, महमूद मंसूरी, आमिर अत्तारी मौजूद रहे।

मोहम्मद अकरम बने जिला कारागार अधीक्षक

जलालाबाद, कन्नौज। जिला कारागार कन्नौज में तैनात अधीक्षक पीके त्रिपाठी का स्थानांतरण फतेहपुर कर दिया गया था। उनके स्थान पर मोहम्मद अकरम को जिला कारागार फतेहपुर से जिला कारागार कन्नौज स्थानांतरित किया गया है। हालांकि पहले उनका स्थानांतरण जिला कारागार ज्ञानपुर कर दिया गया था, इसे स्थगित कर उन्हें जिला कारागार कन्नौज का पद भार सौंपा गया है। रविवार को उन्होंने पद भार ग्रहण कर जेल कर्मियों के साथ बैठक की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जेल अधीक्षक मोहम्मद अकरम।

स्कूल गए छात्रों का नहीं लग रहा सुराग, गुमशुदगी दर्ज

गुरसहायगंज, कन्नौज। घर से स्कूल गए छात्रों का 04 दिनों से पता नहीं लग रहा है। काफी खोजबीन के बाद भी छात्रों का सुराग न लगने पर पीड़ित भाई ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। ग्राम सहतेपुरवा निवासी अमित कुमार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि तीन जुलाई की सुबह 7.30 बजे भाई आलोक कुमार व उसका दोस्त रजनीश कुमार (15) नगर के मोहल्ला सीमांत नगर स्थित डॉ. जाकिर हुसैन इंटर कॉलेज में पढ़ने गए थे, जब दोनों छात्र घर वापस नहीं पहुंचे तो परिवार के लोगों को चिंता हुई। परिजनों ने रिश्तेदारी व आसपास के क्षेत्र में काफी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर छात्रों की खोजबीन शुरू कर दी है।

आज से निःशुल्क राशन वितरण शुरू

कन्नौज। डीएसओ राजीव मिश्र ने बताया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत निशुल्क राशन वितरण आठ से 20 जुलाई तक होगा। अंत्योदय कार्डधारकों को 14 किलोग्राम गेहूं व 21 किलो चावल कुल 35 किलो खाद्यान्न मिलेगा। पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट दो किलोग्राम गेहूं व तीन किलो चावल कुल पांच किलो राशन एक यूनिट पर बांटा जाएगा। मोबाइल ओटीपी के माध्यम से वितरण 20 जुलाई को होगा। कार्डधारकों को वितरण के दौरान पोर्टेबिलिटी सुविधा भी मिलेगी। डीएसओ का कहना है कि प्रत्येक उचित दर दुकान पर पर्यवेक्षक व नोडल अधिकारियों की तैनाती है। ई-पॉस मशीनों से वितरण प्रत्येक दिवस सुबह छह से रात नौ बजे तक होगा।

पौधरोपण करते समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता। अमृत विचार

पौधरोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

छिबरामऊ, कन्नौज। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कन्नौज सांसद के आह्वान पर एक से सात जुलाई तक वृहद पीडीए पौधरोपण अभियान चलाया गया। रविवार को पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने कई स्थानों पर पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। विधायक ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखना हम सभी की जिम्मेदारी है, इसलिए सभी लोग पौधरोपण करें तथा उनकी देखभाल करें। इस मौके पर मुकीम खान, अर्पित शुक्ला, बबलू यादव, अंकुर सिंह यादव मीडिया प्रभारी, शकील खान, गोपाल व सौरभ सहित कई सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सत्संग में मौजूद सत्संगी, इनसेट में महात्मा अशोक कुमार। अमृत विचार

सद्गुरु की शरण में जाने से होगी परमात्मा की प्राप्ति

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार की सुबह संत निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें महात्मा अशोक कुमार ने गीत के माध्यम से कहा कि परमात्मा की जानकारी न जप से, न तप से, न हवन से, न यज्ञ से बल्कि सदगुरू के चरणों में जाने से ही होती है। महात्मा ने कहा कि संत मिलन को जाइए, तजि माया अभिमान, ज्यो-ज्यो पग आगे बढे, कोटपि यज्ञ समान। संत की शरण में जाते समय माया और अभिमान को त्याग कर जाना चाहिए, तभी आपकी मंजिल यज्ञ के समान सार्थक होगी। कहा कि कलयुग में सदगुरू और सत्संग ही जीवन को कल्याण के मार्ग पर ले जाने में सहायक है। संत्संग में मुखी महात्मा विपिन कुमार, विश्राम सागर, देवेन्द्र, सुशील, रामऔतार, मिथलेश, पुष्पा देवी आदि रहीं।

25 मिमी हुई बारिश | दक्षिण-पश्चिमी मानसून से दिन में हुई वर्षा, मिली गर्मी से राहत

मानसून ठहरा, मौसम विभाग ने 12 तक जारी किया अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। दक्षिण-पश्चिमी मॉनसून अब ठहर गया है, जिस कारण प्रतिदिन बारिश हो रही है। रविवार को भी जिले में 25 मिमी बारिश हुई है। मौसम विभाग ने 12 जुलाई तक अलर्ट जारी किया है तो जिला प्रशासन की तरफ से आपदा प्रबंधन विभाग ने भी एडवाइजरी जारी की है। लगातार हो रही बारिश से निचले स्थानों पर जलभराव हो गया है तो खेतों में फसलें डूबने से किसानों को नुकसान भी हो रहा है।

रविवार को सुबह से ही वातावरण में गर्मी व उमस थी। सुबह कुछ देर के लिए बारिश हुई तो दोपहर में उमस का प्रकोप और बढ़ गया। शाम को आसमान के काले बादल घिरे और अंधेरा छा गया। इसके बाद करीब दो घंटे तक बारिश हुई। बारिश के बाद जो नजारा सामने आया तो वह देखने लायक था। शहर की अधिकांश गलियों में घुटनों तक पानी भरा था। ऐसे में लोगों के घरों में पानी घुस गया तो वह गृहस्थी को बचाते नजर आए। कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. अमरेंद्र कुमार ने बताया कि मॉनसून अब पूर्ण रूप से सक्रिय हुआ है और ठहरा है। दक्षिणी-पश्चिमी मॉनसून के कारण आगामी 12 जुलाई तक भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया गया है। रविवार को में 25 मिमी बारिश दर्ज की गई है। दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। हवा में नमी की मात्रा 94 प्रतिशत तक होने से उमस का प्रकोप रहा।

शहर के फतुआंपुर जाने वाली रोड पर जलभराव से निकलते बाइक सवार। अमृत विचार

आपदा प्रबंधन विभाग ने जारी की एडवाइजरी

- टेलीविजन, रेडियो व सोशल मीडिया से जानकारी प्राप्त करते रहें।
- पुराने जर्जर भवनों व कच्ची दीवारों से सावधान रहें।
- अत्यंत आवश्यक कार्य होने पर ही घर से निकलें।
- धातु की डंडी वाले छाते का उपयोग न करें।
- विद्युत तार व पोल के आसपास न खड़े हों।
- खेतों में पहले से कटी फसल को सुरक्षित स्थान पर ढक कर रखें।
- किसान भारी बारिश के दौरान खेतों पर न जाएं।
- चिकित्सीय सहायता के लिए 108 नंबर पर कॉल करें।

इन नंबरों पर दें सूचना
टोल फ्री : 1077
कंट्रोल रूम : 05694-235606
मोबाइल नंबर : 9454465005

आज से चेहरा दिखाने पर लगेगी शिक्षकों की हाजिरी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जिलेभर के परिषदीय स्कूलों में प्रधानाध्यापक, शिक्षक व कर्मियों की हाजिरी आठ जुलाई से टैबलेट पर चेहरा दिखाकर ऑनलाइन लगेगी। प्रेरणा पोर्टल पर डिजिटल हाजिरी के अलावा बचे हुए नौ अन्य कार्य भी 15 जुलाई से ऑनलाइन शुरू होने हैं।

जिले में 2,291 शिक्षकों को टैबलेट व सिम कार्ड वितरित किए गए हैं। इन दिनों परिषदीय स्कूलों में कक्षाएं शुरू करने का समय सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक है। शिक्षकों को स्कूल पहुंचने व वहां से छुट्टी के दौरान निकलने पर फेस दिखाकर उपस्थिति दर्ज करनी होगी। इस दायरे में प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, अनुदेशक व शिक्षामित्र और कर्मी सभी आएंगे। कल यानि सोमवार से शिक्षकों की उपस्थिति पर खास जोर रहेगा।

हालांकि बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से शिक्षकों को मुहैया कराए गए सिमकार्ड व टैबलेट ले जाने के बाद भी कई अध्यापक ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे हैं। 15 जुलाई से सभी 12 तरह के रजिस्टरों को डिजिटल पंजिका के तहत शुरू करने का पत्र राज्य परियोजना निदेशक कंचन वर्मा ने जारी किया है। हालांकि किसी स्कूल में एक तो कई विद्यालयों में दो-दो टैबलेट भी मुहैया कराए गए हैं।

- टैबलेट व सिमकार्ड ले जाने के बाद भी कई अध्यापक कर रहे विरोध
- 12 डिजिटल पंजिका के लिए जिलेभर के 2,291 लोगों को दी गई है सुविधा

अध्यापकों के समायोजन को साफ्टवेयर तैयार

कन्नौज। बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि शिक्षकों के समायोजन के लिए साफ्टवेयर तैयार हो चुका है। अंत: जनपदीय तबादला यानि समायोजन की प्रक्रिया चल रही है। अभी यह तय नहीं हुआ है कि किन स्कूलों से शिक्षक हटेंगे और किस स्कूलों में अध्यापकों की कमी है।

निपुण भारत में प्रधानाध्यापक को मिलेगा चैंपियन पुरस्कार

एक्सक्लूसिव

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- हेडटीचर के प्रदर्शन का वार्षिक मूल्यांकन करने के बाद 25 हजार का इनाम
- निपुण चैंपियन घोषित किए जाएंगे हेड मास्टर ऑफ दि डिस्ट्रिक्ट

अमृत विचार। परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में बाल वाटिका से कक्षा दो तक निपुण लक्ष्य को समय से प्राप्त करने पर निपुण भारत चैंपियन पुरस्कार मिलेगा। इसमें प्रधानाध्यापकों के प्रदर्शन का वार्षिक मूल्यांकन करने के बाद 25 हजार रुपये की धनराशि दी जाएगी। प्रमुख सचिव डॉ. एमके शन्मुगा सुन्दरम ने गाइड लाइन जारी की है।

प्रमुख सचिव ने पत्र में कहा है कि बेहतर कार्य करने वाले शिक्षक, अधिकारियों आदि का मनोबल बढ़ाने के लिए पुरस्कार योजना शुरू हुई है। सम्मानित होने से दूसरे शिक्षक भी प्रेरित होंगे। शिक्षक-विद्यार्थी का आत्मीय संबंध अच्छे रूप में प्रदर्शित होगा।

पियर लर्निंग के लिए सकारात्मक वातावरण का सृजन करना व सीखने की प्रक्रिया को गति मिलेगी। पत्र में उल्लेख किया गया है कि शैक्षिक सत्र 2024-25, 2025-26 व 2026-27 में निपुण भारत मिशन के मानकों के तहत पुरस्कार दिए जाएंगे।

फरवरी 2025 तक सभी प्राथमिक स्कूल 100 फीसदी निपुण घोषित करने हैं। इसमें शिक्षकों ने जो अच्छा काम किया है वह मिसाल बनेंगे। प्रमुख सचिव ने सम्मानित करने का जो निर्णय लिया है उससे अन्य अध्यापकों को भी सीख मिलेगी। सभी विभागीय अधिकारियों व शिक्षकों को मिलकर यह लक्ष्य पूरा करना है।

–संदीप कुमार, बीएसए

यह हैं पुरस्कार के मानक

- निपुण लक्ष्य व सूची के अनुरूप किसी परिषदीय प्राथमिक विद्यालय के नामांकन के सापेक्ष 80 फीसदी बच्चों की ओर से निर्धारित दक्षताएं प्राप्त की जाएं। बीते तीन शैक्षिक सत्रों में प्राथमिक स्कूलों में कक्षा एक से पांच में बच्चों के नामांकन में निरंतर बढ़ोत्तरी हुई हो व किसी भी शैक्षिक सत्र में छात्र नामांकन 100 से कम नहीं होना चाहिए। शैक्षिक सत्र में प्राथमिक स्कूलों में बच्चों की औसत उपस्थिति 90 फीसदी से अधिक हो। यह लक्ष्य मिलने पर विद्यालय का स्वतंत्र वाह्य मूल्यांकन किया जाएगा। उसके बाद स्कूल को निपुण विद्यालय व प्रधानाध्यापक को 'निपुण चैंपियन हेड मास्टर ऑफ दि डिस्ट्रिक्ट' घोषित किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ 400 चयनित प्रधानाध्यापकों को प्रदेश में यह पुरस्कार मिलेगा।

सम्मानित होंगे विद्यालय के सभी शिक्षक

- विद्यालय को 25 हजार रुपये, प्रशस्ति पत्र मिलेगा। इसके साथ निपुण स्कूलों के प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापकों को कई अवसरों जैसे राज्य, जिला व विकास खंड स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। ऐसे शिक्षकों की कहानियां प्रेरणा पत्रिका में प्रकाशित होंगी।

18 करोड़ से होंगे विकास कार्य, मिली मंजूरी

जिला पंचायत की बैठक में वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना पर चर्चा, फर्रुखाबाद की तर्ज पर दुकानों का किराया बढ़ेगा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। विकास भवन सभागार में जिला पंचायत की बैठक हुई। इसमें 18 करोड़ रुपये के निर्माण कार्य व अन्य विकास कार्यों के प्रस्ताव पर मुहर लगी। वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना पर भी चर्चा हुई। बताया गया है कि दुकानों के लाइसेंस दरों को रिवाइज किया गया है। इससे शुल्क में बढ़ोत्तरी हो जाएगी।

शनिवार को विकास भवन में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, विधायक छिबरामऊ अर्चना पांडेय व तिर्वा के कैलाश राजपूत की मौजूदगी में बैठक शुरू हुई। कुछ जिला पंचायत सदस्यों ने कई जिलास्तरीय विभागों के अफसरों से पिछड़ गए कार्यों का कारण भी पूछा गया। कई विभागों व योजनाओं पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। अपर मुख्य अधिकारी जग प्रसाद मौर्य ने बताया कि सर्वसम्मति से 18 करोड़ के बजट से विकास कार्य कराने के प्रस्ताव पास हुए हैं। अभी प्रस्ताव लिए जा रहे हैं। मार्च तक धनराशि आती रहती है। उन्होंने बताया कि अब फर्रुखाबाद की तर्ज पर कन्नौज में भी जिला पंचायत के अधीन दुकानों के लाइसेंस का शुल्क रिवाइज होगा। इससे शुल्क बढ़ जाएगा। करीब 1500 दुकानें जिला पंचायत के तहत आती हैं। इसमें ईंट भट्टा, कोल्ड स्टोरेज, कोल्हू व ग्रामीण अंचलों की दुकानें शामिल हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि ओमकार शाक्य ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र के चुनाव की आदर्श आचार संहिता की वजह से जो काम रुके रहे उनको पूरा करने के लिए कहा गया है। सड़क, नाला व पानी की टंकी निर्माण को जल्द पूरा करने की बात कही गई है। इस मौके पर सीडीओ रामकृपाल चौधरी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय व समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह मौजूद रहे।

विकास भवन सभागार में बैठीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी व अन्य। अमृत विचार

नाला व मार्ग बनवाने की मांग

- दिगंबर सिंह यादव ने बताया कि पीडब्ल्यूडी की ओर से इंदरगढ़ तिराहा के निकट 150 मीटर की सीसी रोड बनाई गई है। इसमें इंटरलॉकिंग नहीं है इससे वाहनों के टायरों में कट लग रहा है। कमियों को दूर किया जाए। जवाब में बताया गया कि मामला विचाराधीन है। इसके अलावा इंदरगढ़ क्षेत्र में कुटपपुरा गांव में करीब ढाई किमी नाला निर्माण की बात कही गई। इस पर बताया गया कि बजट डेढ़ किमी का ही है। दिगंबर सिंह यादव ने बांड के नियम का हवाला देकर पूरा करने की बात कही। साथ ही कहा कि उस पर गिट्टी भी डाल दी गई है। सदस्य श्याम सिंह यादव ने भी जोरदारी से कई विकास कार्य कराने की मांग रखी। खामियों पर भी आरोप लगाए। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख उमर्दा अजय वर्मा, अमिता उर्फ नेहा त्रिपाठी व प्रमोद राजपूत मौजूद रहे।

नहीं आए सांसद अखिलेश यादव, मंत्री असीम अरुण

- जिला पंचायत में सांसद पदेन सदस्य होते हैं। अब तक की तकरीबन सभी बैठकों में भाजपा सांसद की हैसियत से सुब्रत पाठक शामिल होते रहे हैं। कई बार उनकी सपा समर्थित सदस्यों से नोकझोंक भी हुई। इस बार का वह चुनाव हार गए। अब सांसद अखिलेश यादव को इसमें आना चाहिए था, लेकिन वह नहीं आए। दूसरी ओर समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण भी नहीं दिखे।

- कई जिलास्तरीय अफसरों से पिछड़ गए कार्यों का कारण पूछा गया

सपा समर्थित सदस्यों की विधायक से नोकझोंक

बैठक में सपा समर्थित सदस्यों की विधायक छिबरामऊ अर्चना पांडेय से नोकझोंक हुई। पिछली बैठक में जिला पंचायत सदस्य इंद्रेश यादव ने सीएचसी उमर्दा आदि में डॉक्टरों के न आने व अन्य समस्याओं पर बात रखी थी। उस दौरान मौजूद एसीएमओ ने सीएचसी शुरू कराने का आश्वासन दिया था। सदस्य ने आरोप लगाया कि इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सपा समर्थित सदस्य दिगंबर सिंह यादव ने आरोप लगाया कि सीएमओ डॉ. विनोद कुमार हाथ उठाकर बात करने लगे, इसे सदस्यों की तौहीन माना। दूसरी ओर पिछली बैठक की पुष्टि होने की बात जब एएमए ने कही तो इंद्रेश यादव नाराज हो गए। उन्होंने कहा कि पूरा बजट ही खर्च नहीं हुआ है। इसके अलावा विधायक अर्चना पांडेय ने कहा कि सपा सरकार में कार्यकर्ता गुंडई करते थे। दिगंबर सिंह यादव पर आरोप लगाया कि विकास भवन में कर्मी पर पानी का गिलास फेंक दिया था। इसके बाद दोनों में गर्मा-गर्मी हो गई। दिगंबर व इंद्रेश ने कहा कि भाजपा की सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। अधिकारी ईमानदारी से काम नहीं कर रहे हैं। सपा समर्थित सदस्यों ने पिछली बैठक पर चर्चा करने पर भी जोर दिया।

धूमधाम से निकली जगन्नाथ रथयात्रा, लगाए गए जयकारे

- आशीर्वाद पाने के लिए आसपास से भक्त बड़ी संख्या में आए

कीचड़ से यात्रा के रथ को निकलवाती पुलिस। अमृत विचार

कीचड़ से निकलवाया रथ

- कई वर्षों से टूटी सड़क पर जगन्नाथ यात्रा का रथ फंस गया। यह देख प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने अपने सह कर्मियों के साथ रथ को कीचड़ से निकाल कर गंतव्य पर पहुंचाने में मदद की। गौरतलब है कि खैरनगर मार्ग पर स्थित मंडी समित के पास कई बरसों से टूटी सड़क होने के कारण जलभराव रहता है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में कांस्टेबिल गजेंद्र सिंह, राजीव कुमार, दुष्यंत शर्मा ने खुद रथ खींचकर कीचड़ से निकाला।

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया को निकलने वाली जगन्नाथ यात्रा का श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर जगह जगह स्वागत किया। इस दौरान भक्तों ने जयकारे लगाए। वहीं, पुलिस भी सुरक्षा के लिए मुस्तैद रही।

हिंदू पंचांग के अनुसार आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि से जगन्नाथ यात्रा का शुभारंभ किया जाता है। यह यात्रा प्रतिदिन रामजानकी ठाकुर द्वारा से शुरू होकर मुख्य मार्ग गांधी चौराहा से धारा नगर शिवमंदिर तक जाती है। यह यात्रा प्रतिदिन शाम के समय दशमी तक निकाली जाती है। जानकर बताते है कि रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ विराजमान होते हैं और इनके साथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा भी होते हैं। इस रथ को देखने के लिए और भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद पाने के लिए आसपास से भक्त बड़ी संख्या में आए। इस मौके पर बाबा गोविंद दास, अखिलेश यादव, नरेंद्र कुमार गुप्ता मालिक, दिनेश शर्मा, महेश पांडे, प्रभारी निरीक्षक जे पी सिंह, उप निरीक्षक दिनेश सिंह, महिला उप निरीक्षक सुप्रिया गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

यात्रा से पहले पुलिस अधीक्षक ने देखा रूट

कन्नौज। शहर से रविवार को निकली जगन्नाथ यात्रा से पहले एसपी ने यात्रा के रास्ते का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस को सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कोतवाली प्रभारी जय प्रकाश शर्मा के साथ प्रस्तावित जगन्नाथ यात्रा के गुजरने वाले मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने रास्ते में ने वाले अतिक्रमण को तत्काल हटवाने के निर्देश पुलिस को दिये। कहा कि यात्रा के पहले रास्ता पूरी तरह से खाली कर दिया जाये।

यात्रा मार्ग को देखते एसपी अमित कुमार आनंद व कोतवाली प्रभारी जय प्रकाश शर्मा। अमृत विचार

ऑटो व टेंपो में अश्लील गाना बजाने वालों की अब खैर नहीं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। अब ऑटो, टेंपो पर अश्लील गाना बजता मिला तो कार्रवाई तय है। इसी तरह नाबालिग ऑटो चलाते मिले तो चालान काटा जायेगा। रविवार को यातायात प्रभारी ने चेकिंग अभियान में इस तरह के ऑटो पर कार्रवाई की।

क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. प्रियंका वाजपेई के नेतृत्व में यातायात प्रभारी आफाक खां ने रेलवे स्टेशन मोड़ से लेकर मकरंद नगर तिराहे तक विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इसमें नाबालिग़ वाहन चालकों को रोककर उनके अभिभावकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। वहीं ऑटो, टेंपो में म्यूजिक सिस्टम लगाकर अश्लील गाना बजाने वाले एवं ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसमें कई ऑटो से म्यूजिक सिस्टम निकलवाए गए, साथ ही चालान भी काटे गए। एक ऑटो में आपत्तिजनक शब्दों को लिखा पाया गया। इस पर यातायात प्रभारी ने मौके पर ही हटवाया। दो पहिया वाहनों में तीन सवारी चलने वाले वाहन चालकों के भी चालान किए गए। यातायात प्रभारी ने बताया गया कि ऑटो, टेंपो में म्यूजिक सिस्टम लगवाना पूर्ण रूप से अवैध है। इसका जुर्माना दस हजार रुपये है। जिन ऑटो, टेंपो मे म्यूजिक सिस्टम लगाकर अश्लील गाना बजाते हुए पाया जाएगा या ऑटो टेंपो में डेग लगा हुआ पाया जाएगा उन पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। प्रभारी द्वारा बताया गया कि रोडवेज बस स्टैंड के बाहर जीटी रोड में मुख्य सड़क पर एक रोडवेज बस चालक ने बस को खड़ा करके सवारियां बैठाते पकड़ा गया। उसे मना किया पर नहीं माना इस पर उस का चालान किया गया। अभियान के दौरान 35 चालान किए गए।

ऑटो से म्यूजिक सिस्टम निकलवाते यातायात प्रभारी आफाक खां।

चिकित्सक का पता पूछने पर मरीज को मारा थप्पड़

संवाददाता, गुरसहायगंज-कन्नौज

- स्वास्थ्य कर्मी के नशे में होने का आरोप
- सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

अमृत विचार। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुगरापुर में दवा लेने गए मरीज के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आरोप है कि डॉक्टर का पता पूछने पर शराब के नशे में धुत स्वास्थ्य कर्मी ने मरीज के साथ मारपीट कर दी। अमृत विचार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

ग्राम गुगरापुर निवासी सौरभ सिंह वैश्य उर्फ वीटू ने बताया कि वह रविवार को दोपहर लगभग एक बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुगरापुर में दवा लेने गया था। अस्पताल में कोई स्टाफ दिखाई न देने पर वह गेट के बाहर रखे खोखे के पास जाकर खड़ा हो गया। जहां उसने देखा कि स्वास्थ्य कर्मी शराब का सेवन कर रहा है। जब उसने स्वास्थ्य कर्मी से डॉक्टर के बारे में जानकारी की। तो उसने अभद्रता करते हुए मरीज के थप्पड़ मार दिया और धमकी दी। घटना को देख गुजर रहे राहगीर मौके पर एकत्र हो गए।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद वर्मा से फोन पर मामले की शिकायत कर नशे में धुत स्वास्थ्य कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

कार्यालय नगर पंचायत तिर्वागंज – कन्नौज

पत्रांक:–211/ /न0प0ति0 / पार्किंग पड़ाव (2023–24) दिनांक: 03.7.2024

अल्पकालीन ई – निविदा सूचना

नगर पंचायत तिर्वागंज कन्नौज की वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए पाकिंग पड़ाव ठेका उठाये जाने हेतु निविदायें http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न कार्यक्रम के अनुसार आमंत्रित की जाती है ।

टेण्डर शेडयूल (www.etender.upnic.in)

क्र0	नगर पंचायत तिर्वागंज / ANN Stage	Vendor Stage	प्रारम्भ तिथि व समय	अन्तिम तिथि व समय
1	Tender Release		09.07. 2024 11.00AM	
		Tender Download	09.07. 2024 11.00AM	15.07. 2024 11.00AM
		Bid Submission	09.07. 2024 11.00AM	15.07. 2024 12.00AM
	Close of Bid			15.07. 2024 01.00PM
	Bid Opening			15.07. 2024 02.00PM

क0सं0	कार्य का विवरण	जमानत धनराशि	निविदा मूल्य	समयावधि
1	2	3	4	5
1	पार्किंग पड़ाव का ठेका	600000.00	30000.00	2024–25

नियम व शर्तें :–

1 – नगर पंचायत के पूर्व / वर्तमान बकायेदार ठेकेदार ई–निविदा प्रक्रिया में भाग लेने हेतु अर्ह नही है।
2 – ई – निविदा के साथ जमानत धनराशि नियामानुसार एफ0डी0आर0/ एन0एस0सी0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत तिर्वागंज के नाम बंधक हो, जमा करना अनिवार्य होगा। जिसकी स्कैन प्रति टेक्निकल बिड के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा ।
3– ठेका के सामने अंकित निविदा मूल्य की धराशि नगर पंचायत तिर्वागंज के खाता सं0–30822819160, भारतीय स्टेट बैंक (आई0एफ0एस0सी0, कोड) में जमा करके रसीद की स्कैन प्रति टेक्निकल बिड के साथ उपलोड करनी होगी एंव निविदा के साथ संलग्न करना होगा, बिना निविदा मूल्य के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा ।प्रत्येक कार्य हेतु अलग–अलग निविदा मूल्य जमा करना होगा।
4– यह कि नगर पंचायत तिर्वागंज का पार्किंग पड़ाव ठेका वित्तीय वर्ष–2024–25 में / 2024 से / 2025 तक वैध होगें ।
5– यह कि ई–निविदा प्रक्रिया में भाग लेने वाले इच्छुक ठेकेदारों को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण–पत्र, चरित्र प्रमाण–पत्र, निवास प्रमाण पत्र नगर पंचायत तिर्वागंज द्वारा निर्गत अदेय प्रमाण पत्र एंव आधार कार्ड टेक्निकल बिड के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।
6– यह कि नवीनतम शासनादेश के आधार पर स्वीकृत टेण्डर की धनराशि पर नगर पंचायत हित में निर्धारित 04 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क पर अनुबन्ध पत्र वसूली करने से पूर्व जमा करना होगा ।
7 – यह कि पार्किंग पड़ाव ठेका को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकारी अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पंचायत तिर्वागंज को होगा।जिसमें किसी प्रकार का कोई कारण बताया नहीं जायेगा।
8–यह कि स्वीकृत ठेका की धनराशि को तुरन्त जमा करना होगा, ऐसा न करने पर ठेकेदार की धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी ।
9– यह कि ठेकेदार नगर पंचायत निर्धारित रेट पर ही वसूली करेगा, यदि ऐसा संज्ञान में आता है तो ठेकेदार के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर ठेका निरस्त कर दिया जायेगा ।
10– अपलोड किये गये समस्त वांछित दस्तावेजों की टेक्निकल बिड नगर पंचायत तिर्वागंज में दिनांक– 2024 को 01.00 बजे अनिवार्य होगा।
11 – निविदा दाता को शासन के आदेशा अनुसार यदि कोई भी अतिरिक्त टैक्स लगाया जाता है तो ठेकेदार को देय होगा ।
12 – यह कि शर्त को शंसोधन करने का अधिकारी अधिशासी अधिकारी / अध्यक्ष नगर पंचायत तिर्वागंज को होगा।?
13 – यह कि सम्बन्धित ठेका स्वीकृत होने पर ठेकेदार को नियामानुसार शपथ–पत्र देय होगा।जिसका प्रारूप कार्यालय से प्राप्त करना होगा।
14 – निविदा पार्किंग पडाव ठेका रू0– से अधिकतम 10 प्रतिशत अधिक ही मान्य होगा ।
15 – एकल निविदा मान्य नही होगी ।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत
तिर्वागंज–कन्नौज।

अध्यक्ष
नगर पंचायत
तिर्वागंज–कन्नौज।

अमृत भारत योजना | कन्नौज रेलवे स्टेशन का साढ़े सात करोड़ से हो रहा कायाकल्प

जगह–जगह बिखरी निर्माण सामग्री, कार्य की गति धीमी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन के कायाकल्प की गति धीमी है, जिसके चलते इस साल भी करर्य पूरा होने की उम्मीद नहीं है। रेलवे के आला अधिकारियों ने पहले निर्माण की गुणवत्ता खराब मिलने पर कार्यदायी संस्था को हटा दिया था। इसके बाद दूसरा टेंडर कर बलिया की एक कंपनी को जिम्मेदारी दी गई है, लेकिन यह कंपनी भी कछुआ चाल से काम कर रही है। इससे रेलवे के कर्मचारियों समेत यात्रियों को परेशानी हो रही है।

कन्नौज रेलवे स्टेशन का अमृत भारत योजना के तहत साढ़े सात करोड़ रुपये से कायाकल्प किया जा रहा है। पहले जिस कंपनी को ठेका दिया गया था, उसने घटिया सामग्री का प्रयोग किया। पिछले साल निरीक्षण करने आए अपर मंडल रेल प्रबंधक राजीव अग्रवाल ने उस कंपनी को ब्लैक लिस्टेड कर हटा दिया था। इसके बाद बलिया की एक कार्यदायी संस्था को ठेका दिया गया। इस कंपनी ने प्लेटफार्म नंबर एक पर पार्सल रूम व सार्वजनिक शौचालयों को तोड़ दिया, जिससे अब वहां यात्रियों को दिक्कत हो रही है। यह कंपनी भी धीमी गति से काम कर रही है, जिससे रेलवे के कर्मचारी और यात्री सभी परेशान हैं। ठेकेदार की लापरवाही से जगह-जगह बिल्डिंग मैटेरियल फैला हुआ है, जिससे यात्रियों को दिक्कत हो रही है। आए दिन कोई न कोई यात्री गिरकर चुटहिल हो जाता है। सबसे ज्यादा दिक्कत उस वक्त होती है, जब कोई ट्रेन प्लेटफार्म पर आकर खड़ी हो जाती है और यात्रियों को जल्दबाजी में ट्रेन पकड़नी होती है। बता दें कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पूरे स्टेशन को तोड़कर नई स्टेशन बनाई जाएगी और उसे आधुनिक स्वरूप दिया जाएगा।

कन्नौज रेलवे स्टेशन के बाहर बिखरी पड़ी निर्माण सामग्री। अमृत विचार

- बलिया की कार्यदायी संस्था को दी गई जिम्मेदारी, शौचालय न होने से परेशानी

अमृत भारत योजना में कार्यदायी संस्था को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं और समय-समय पर गुणवत्ता की जांच की जा रही है। यदि कार्य में लापरवाही मिलेगी तो उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

–मुन्ना सिंह
मुख्य कार्य निरीक्षक (रेलवे)

यत् सुखं सेवमानोपि धर्मार्थाभ्यां न हीयते।
कामं तदुपसेवेत न मूढव्रतमाचरेत्। ॥

व्यक्ति को यह छूट है कि वह न्यायपूर्वक ओर धर्म के मार्ग पर चलकर इच्छानुसार सुखों का भरपूर उपभोग करें ,लेकिन उनमें इतना आसक्त न हो जाए कि अधर्म का मार्ग पकड़ ले।

संपादकीय

पीएम का महत्वपूर्ण दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार व मंगलवार को मास्को में रहेंगे। वे वहां भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री की यात्रा को रूस-भारत संबंधों के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। फरवरी 2022 में रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद से यह भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली रूस यात्रा है। उम्मीद है कि शिखर सम्मेलन में रूस-यूक्रेन संघर्ष पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है। खास बात है कि रूस-यूक्रेन संघर्ष पर भारत की स्थिति लगातार बातचीत, कूटनीति और दोनों पक्षों को शामिल करने वाले समझौते के पक्ष में है। जानकारों के मुतबिक बातचीत में रक्षा, तेल और गैस प्रमुख एजेंडा होंगे। रूस के साथ अपने संबंधों को लेकर भारत पश्चिमी देशों के दबाव के आगे झुका नहीं है और घरेलू हितों का हवाला देते हुए रियायती दरों पर रूस से तेल खरीद रहा है। ऐसे में दोनों देशों के बीच व्यापार घाटे को हल करना भी नेताओं के एजेंडे में प्राथमिकता में होगा। यूक्रेन युद्ध के बाद से तेल खरीद में वृद्धि के कारण रूस से भारत का आयात लगभग 60 बिलियन डॉलर था, जबकि रूस को भारत का निर्यात लगभग 4 बिलियन डॉलर है। गौरतलब है कि भारत और रूस के संबंध काफी पुराने हैं। शीत युद्ध के दौरान, भारत और सोवियत संघ के बीच एक मजबूत रणनीतिक, सैन्य, आर्थिक और राजनयिक संबंध थे। सोवियत संघ के विघटन के बाद, रूस को भारत के साथ अपने घनिष्ठ संबंध विरासत में मिले, जिसके परिणामस्वरूप दोनों देशों ने एक विशेष सामरिक संबंध साझा किया। रूस ने कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र भारत में बनाया है। जबकि भारत ने कई देशों के साथ कई असैन्य परमाणु समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, रूस अब तक भारत में परमाणु ऊर्जा संयंत्र संचालित करने वाला एकमात्र विदेशी देश है। रूस भारत के लिए सबसे बड़े हथियार निर्यातकों में से एक रहा है। पूर्वी लद्दाख के सीमावर्ती क्षेत्रों में चीनी आक्रमण ने भारत-चीन संबंधों को एक मोड़ पर ला दिया, इससे यह भी प्रदर्शित हुआ कि रूस चीन के साथ तनाव को कम करने में योगदान दे सकता है। यानि रूस और अमेरिका के बीच बिगड़ते संबंध और रूस की चीन के प्रति बढ़ती निर्भरता के दौर में पीए मोदी का दौरा रूस के चीन की ओर आ रहे झुकाव को संतुलित करना है। दौरे का सीधा संदेश है कि भारत के अपने हित सर्वोपरि है और वह किसी के दबाव में आने वाला नहीं है। कहा जा सकता है यह दौरा अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को मजबूत करने और वैश्विक स्तर पर भारत की स्थिति को और मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा।

भारत के नजरिए से ब्रिटेन का सत्ता परिवर्तन

डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

बहरहाल, ब्रिटेन की नई हुकूमत के साथ हमारे संबंध कैसे होंगे? इस सवाल के अलावा बड़ा सवाल यह खड़ा हो चुका है कि आखिर भारतीयों का सुनक के प्रति मोहभंग हुआ क्यों? ऋषि के भारतीय मूल के होने पर प्रवासी भारतीयों को उन पर गर्व होता था। पर, जब वोटिंग का समय आया, तो ऐसा प्रतीत हुआ कि भारतीयों ने इमोशनल एंगल की जगह बदलने के लिए मतदान किया।

ब्रिटेन में बेशक कड़ाके की ठंड पड़ रही हो, लेकिन आम चुनावों के परिणामों ने अचानक मौसम को गर्मा दिया है। वहां राजनीति में इतिहास का नया पन्ना लिखा जाएगा, क्योंकि सियासत की नई सुबह का आगाज हुआ है। चुनाव का ऐसा रिजल्ट, जिसकी कल्पना तक किसी ने नहीं की थी। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने भी नहीं सोचा होगा। ब्रिटेन वासियों ने तकरीबन-तकरीबन एक तरफा फैसला विपक्ष के हक में सुना डाला। चुनाव में विजय हासिल करने वाली 'लेबर पार्टी' ने ब्रिटेन के सियासी इतिहास में पूर्व में जीत के सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं। रिजल्ट देखकर 'कीर स्टार्मर' फूले नहीं समा रहे। समाना चाहिए भी नहीं? आखिर उनका सपना जो सच हो रहा है। ब्रिटेनी नेशनल असेंबली में अभी तक वह नेता विपक्ष की भूमिका में थे। विपक्ष के तौर पर उन्होंने जो जनकल्याणी मुद्दे कुरेदे। उनको देशवासियों ने पसंद किया, काफी प्रभावित और आकर्षित भी हुए। चुनावी समर में उन्होंने जनता से जो जमीनी वादे किए, उन्हें लंदन के मतदाताओं ने सिर आंखों पर उठाया। जनता ने आंख मूंदकर विश्वास किया। फिलहाल उन सभी वादों को पूरा करने की जिम्मेदारी अब नए सरताज के कंधों पर है। चुनौतियां हजार हैं, लेकिन उन्हें खुद पर उम्मीद है कि चुनौतियों का सामना कर लेंगे।

भारत के लिहाज से ऋषि सुनक की हार अच्छी नहीं है। क्योंकि प्रधानमंत्री रहते उनका मंदिरों में जाना, पूजा-अर्चना करना, हिंदू-हिंदुत्व की बातें करना, ये सब सनातनी प्रचार का हिस्सा माना जाता था। शायद ऐसा करना उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ हो। ब्रिटेन में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। अफसोस इस बात का है कि उन्होंने भी ऋषि सुनक से किनारा कर लेबर पार्टी को वोट किया। भारतीयों ने ऋषि सुनक को क्यों नकारा इसकी समीक्षा लंदन से लेकर भारत में खूब हो रही है। प्रधान मंत्री ऋषि सुनक बेशक अपनी संसदीय'नॉर्थलेरटन'सीट से जीते हों। पर, बहुत कम अंतर से? उनकी समूची पार्टी बुरी तरह से हारी है। विपक्ष की ऐसी सुनामी जिसमें मानो सत्तापक्ष असहाय होकर बह गया हो। ऋषि सुनक भी मात्र 23,059 वोटों से ही जीते हैं। वरना, शुरुआती रुझानों में उनकी भी हालत पतली थी। दो राउंड तक पीछे रहे।

> भारत के लिहाज से ऋषि सुनक की हार अच्छी नहीं है। क्योंकि प्रधानमंत्री रहते उनका मंदिरों में जाना, पूजा-अर्चना करना, हिंदू-हिंदुत्व की बातें करना, ये सब सनातनी प्रचार का हिस्सा माना जाता था। शायद ऐसा करना उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ हो। ब्रिटेन में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। अफसोस इस बात का है कि उन्होंने भी ऋषि सुनक से किनारा कर लेबर पार्टी को वोट किया। भारतीयों ने ऋषि सुनक को क्यों नकारा इसकी समीक्षा लंदन से लेकर भारत में खूब हो रही है। प्रधान मंत्री ऋषि सुनक बेशक अपनी संसदीय' नॉर्थलेरटन 'सीट से जीते हों। पर, बहुत कम अंतर से? उनकी समूची पार्टी बुरी तरह से हारी है। विपक्ष की ऐसी सुनामी जिसमें मानो सत्तापक्ष असहाय होकर बह गया हो।

ताज्जुब वाली बात ये है कि 'नॉर्थलेरटन' वह क्षेत्र है, जहां सुनक स्वयं रहते हैं और भारतीयों की संख्या भी अच्छी-खासी है। बकायदा उनके घर मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ होता है, लोग शामिल होते हैं। इसके अलावा भारतीय तीज-त्यौहारों पर लोगों को जुटना होता हैं। ऐसे मौकों पर तरह-तरह के भारतीय व्यंजन पकते हैं। पर वो लोग-समर्थक भी उनसे झिटक गए। ऋषि के ज्यादातर मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ प्रमुख नेता भी चुनाव में चित हो गए। कईयों की तो जमानतें भी जब्त हुई हैं। लंदन और भारत के मौजूदा चुनावों ने एक बात ये बता दी है कि मतदाताओं के मिजाज को पढ़ना अब आसान नहीं? कोई नेता या दल इस मुगालते में न रहे हैं कि फला समुदाय या मतदाता उनका है?

बहरहाल, ब्रिटेन में आए चुनाव नतीजे एग्जिट पोल के मुताबिक ही रहे। कुल सीटें 650 हैं जिनमें एग्जिट पोल में लेबर पार्टी को 410 सीट मिलने का अनुमान था। कमोबेश, फाइनल नतीजे उसके आसपास ही रहे हैं। आए नतीजों को देखकर लेबर पार्टी चमत्कार मान रही है। जैसे दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों को देखकर खुद अरविंद केजरीवाल हक्के-बक्के रह गए थे। ब्रिटेन चुनावों की सूनामी में ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी की एकदम उड़ गई। लेबर पार्टी ने 650 सीटों में से 400 पार के साथ 14 साल बाद प्रचंड वापसी की है। ब्रिटेन में 4 जुलाई को आम चुनाव हुए थे। चुनावी मुद्दे कुछ ऐसे थे, जिनमें ऋषि सुनक घिर गए थे। दो प्रमुख मसले जिसमें पहला कोरोना में व्यवस्थाओं का चरमराना, वहीं दूसरा देश की अर्थव्यवस्था का ग्राफ नीचे खिसक जाना? इन दोनों मुद्दों को लेबर पार्टी ने अपना चुनावी कैंपेन बनाया था। भारत के साथ मित्रता और देशवासियों के हितों की अनदेखी करने का मुद्दा भी लंदन के चुनाव में खूब उछला।

बहरहाल, ब्रिटेन की नई हुकूमत के साथ हमारे संबंध कैसे होंगे? इस सवाल के अलावा बड़ा सवाल यह खड़ा हो चुका है कि आखिर भारतीयों का सुनक के प्रति मोहभंग हुआ क्यों? ऋषि के भारतीय मूल के होने पर प्रवासी भारतीयों को उन पर गर्व होता था। पर, जब वोटिंग का समय आया, तो ऐसा प्रतीत हुआ कि भारतीयों ने इमोशनल एंगल की जगह बदलने के लिए मतदान किया। दरअसल इसे कंजर्वेटिव पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के 14 साल के शासन से उपजी निराशा मानी जा रही है। वैसे, दिल पर लेने की जरूरत इसलिए भी नहीं है, राजनीति में हार-जीत कोई बड़ी बात नहीं? बदलाव होते रहते हैं और होने भी चाहिए? किसी एक व्यक्ति या दल के पास सत्ता की चाबी ज्यादा समय तक जनता रखना भी नहीं चाहती। हमारे यहां संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में भी दुनिया ने चमत्कारी बदलाव देखें? हालांकि, प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हार स्वीकार करते हुए लंदन वासियों से माफी मांगते हुए लेबर पार्टी के नेता 'कीर स्टार्मर ब्रिटेन' के अगले शासक बनने के लिए दिल खोलकर बधाई दी है।राजनीतिक लोगों में ऐसे नैतिकता हमेशा रहनी चाहिए।

निसंदेह लेबर पार्टी के लिए ये जीत करिश्माई है। उम्मीदों को सच करने वाली, अभिलाषाओं को जीवित करने वाली और नए इतिहास और संविधान को स्थापित करने वाली है। नई सरकार पर उम्मीदों का पहाड़ है। चरमराई अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने की चुनौती के अलावा विभिन्न देशों के साथ संबंध सुधारने की परीक्षा। पनपते नए किस्म के आतंकवाद से निपटना, अमेरिका की बिलावजह दखलदांजी को रोकना, उर्जा स्रोतों को स्थानीय स्तर पर खोजना, गैस और प्राकृतिक संसाधनों का उत्सर्जन करना, यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद बिगड़े कई मुल्कों से संबंधों को फिर से नई धार देना। भारत के साथ मधुर हुए संबंधों को यथावत रखना किसी चुनौती से कम नहीं होगा। हालांकि स्टॉर्मर ने अपने पहले विजयी भाषण में सिर्फ अपने मुल्कवासियों को संदेश दिया है जिसमें उन्होंने कहा है कि 'मैं आपकी आवाज बनूंगा, आपका साथ दूंगा, हर दिन आपके लिए लड़ूंगा। उनके कहे उन शब्दों पर जनता ने खूब तालियां बजाई हैं। लंदन का एक तिहाई समर्थन उनके पक्ष में है। इस जनादेश और जनसमर्थन को सहेजना भी कठिन परीक्षा जैसा रहेगा।

प्रसंगवश

लुप्त न हो जाए यह शब्दावली

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

राजधानी की पाश कालोनी में अपने 'विला'के द्वार पर बैठे रिमझिम बारिश का आनंद ले रहा था, तो अपनी गांव वाली बरसातें सहसा याद आ गईं। जाहिर है कि तब उससे जुड़ी तमाम चीज़ें और शब्दावली भी जेहन में गूंजेंगे ही। तत्समय इला बिला नहीं, कच्चा घर था और पोर्टिको की जगह अपना छप्पर। छप्पर का सृजन बांस, फूस और अरहर की लगों से होता था। लगों की छोटी टहनियों को भिगोकर उनसे बॉधने का काम लिया जाता था;इन्हें फलसा कहते थे। ऊपर तो छप्पर दीवाल पर रखकर खूंटों से बांध दिया जाता,किंतु चौड़ाई अधिक होने के कारण आगे की ओर जिन लकड़ी के दुबग्घे लट्ठों को गाड़कर उन पर छप्पर रोका जाता था,उन्हें थुनकी कहा जाता था। पानी बरसते में उसकी ढलान से जो जल धाराएं नीचे आती थीं,उन्हें 'ओरौती'कहते थे। हालांकि कवि नरेन्द्र शर्मा ने उसे परिष्कृत करके अपनी कविता में "औलाती"लिखा है-दीवारों से लगे खड़े होंगे चुप छान और छप्पर।/ झरती होगी खामोशी से औलाती भी किनमिन कर।।

कच्चे घर के अग्रभाग के अलावा अन्य खुली दीवालों की रक्षार्थ लगों का एक छोटे आकार का छाजन तैयार किया जाता था,जिसे 'लदुवा'कहते थे। अंग्रेज़ लेखकों ने अपने वर्णनों में इसे कोपिंग'कहा है। वे लदुवा क्या जाने! घर की पटान में जो लकड़ी के मोटे लट्ठे इस्तेमाल होते थे,उन्हें धन्नी और कुछ पतले बेड़े रखे जाने वाले काष्ठ खंड बेड़का कहे जाते थे। छतों का पानी नीचे गिराने के लिए पनारी होती थी और वर्तमान ड्रेनेज तब का 'नर्दवां है। यह साहित्य में भी स्थान पा चुका है।"तुलसी बुरा न मानिए जो गॅवार कहि जाय।जै से घर का नरदवां भला बुरा बहि जाय"।। छोटे लाल मखमली पीठ वाले कीड़े 'राम की बिलैयां'कही जातीं,जो बरसात की शोभा बढ़ातीं। साहित्यकार इन्हें 'वीर बधूटी'नाम देते हैं। थोड़ी देर का तेज पानी 'झाला'और देर तक रुक जाय तो 'भरनि'कही जाती।'पद्मावत'में नागमती कहती है,"सावन बरस मेह अति पानी भरनि परी हौं विरह झुरानी"।। लगातार बरसे तो 'झड़ी'। यह पसंद नहीं की जाती थी। अगली पीढ़ियां यह लोक शब्दावली विस्मृत न करने पाएं। इसे सम्हाल कर रखना होगा। हमारी पुरातन और मूल संस्कृति का हिस्सा है यह सब।

अग्निवीर का पुनर्निरीक्षण करने की आवश्यकता

ग्रुप कैप्टन प्रमोद गुप्ता
भारतीय वायु सेना (वेटरन)
शाहजहांपुर

भारतीय रक्षा सेनाओं के लिए कुछ वर्ष पूर्व घोषित अग्निवीर योजना लीक से हट कर कही जा सकती है। इस योजना का उद्देश्य साढ़े सत्तरह से 21 वर्ष की उम्र तक शारीरिक रूप से सक्षम युवकों को 4 साल की अवधि के लिए (शॉर्ट टर्म करियर) भारतीय सशस्त्र सेनाओं में विशेष टर्म्स एंड कंडीशंस के अंतर्गत रोजगार उपलब्ध कराना था। ऐसा माना गया था कि इस योजना से भारतीय सेनाओं में युवाओं की संख्या बढ़ेगी, सरकारी खजाने पर पेंशन का बोझ कम होगा तथा 4 वर्ष के पश्चात जब ये अग्निवीर सेवा निवृत्त होंगे तो वे अपनी तकनीकी दक्षता व सेना के प्रशिक्षण का सदुपयोग भविष्य में नौकरी या स्वरोज़गार के लिए कर सकेंगे।

इस योजना की मंशा तो अच्छी थी परंतु अपने देश की सामरिक, भौगोलिक व सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए योजना में व्यावहारिकता की कमी थी। हमारी स्थितियां उन देशों से भिन्न हैं जैसे कि इज़राइल , ब्रिटेन, अमेरिका व अन्य छोटे यूरोपीय देश जहां इस प्रकार की योजनाएं सफल रही हैं। इन देशों की आबादी कम होने के कारण सैन्य सेवाएं अनिवार्य है, उनके पड़ोसी देश शत्रुवत व्यवहार नहीं करते, कोई सीमा विवाद नहीं है और वहां रोजगार के अन्य विकल्प भी उपलब्ध है। अतः ऐसे देशों के इस शॉर्ट-टर्म मॉडल को भारतीय परिप्रेक्ष्य में उतारना व्यावहारिक नहीं कहा जा सकता।

योजना के चार साल बीत जाने व फील्ड अनुभव के पश्चात इस योजना की समीक्षा आवश्यक प्रतीत होती है। राजनीतिक या सामाजिक दृष्टिकोण से हटकर विशुद्ध सैनिक दृष्टिकोण से योजना पर व्यावहारिक मंथन होना चाहिए। ऐसे हजारों पूर्व एवं वर्तमान सैन्य कर्मी व आम नागरिक हैं जिनका मानना है कि यह योजना अपने वर्तमान स्वरुप में सेना के मानकों पर पूर्णरूप से खरी नहीं उतरती। यह एक शॉर्ट-कट है जो आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक कारणों से अपनाया गया था और सुरक्षा की दृष्टि से यह एक कमजोर कड़ी है जो देशहित में नहीं है। यहां यह स्पष्ट करने की आवश्यकता है कि अग्निवीर सेवा इस उद्देश्य से नहीं है कि उनको चार साल बाद सिविल सेक्टर में पुनर्वास के लिए तैयार किया जाए। मूल उद्देश्य यह है कि वे एक हार्ड-कोर, प्रोफेशनल सिपाही बन सके जो छह महीने की ट्रेनिंग या चार साल की सेवा अवधि में संभव नहीं है।

> इस योजना की मंशा तो अच्छी थी परंतु अपने देश की सामरिक, भौगोलिक व सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए योजना में व्यावहारिकता की कमी थी।

आज का युद्ध जमीन से आसमान तक तकनीकी एवं बहुआयामी है। कुछ देशों द्वारा अंतरिक्ष में स्थाई स्टेशन बना लेना एक सच्चाई है जिससे आने वाले समय में युद्ध की विभीषिका का अनुमान लगाया जा सकता है । अतः यह कैसे संभव है कि हमारे अग्निवीर मात्र 4 साल की सेवा व 6 महीने की ट्रेनिंग में इतने प्रशिक्षित हो जाएंगे कि वे आज के युद्ध को सफलतापूर्वक लड़ सकेंगे। यही नहीं, वैश्विक परिपेक्ष में युद्ध अब देश की सीमाओं के पार अंतर्राष्ट्रीय सैन्य गठबंधनों के द्वारा लड़ा जा रहा है जिसके लिए अनुभवी व पूर्णतया प्रशिक्षित सैनिक होना आवश्यक है।

इसलिए अग्निवीर योजना का पुनर्निरीक्षण करने की त्वरित आवश्यकता है ताकि देश का सुरक्षा ढांचा प्रभावित न हो। कुछ मूलभूत सुझाव निम्नवत हैं: अग्नि वीर की पात्रता आयु 18 वर्ष से 23 वर्ष तक किया जाना व्यावहारिक होगा।, कार्यकाल की अवधि कम से कम 8 वर्ष और प्रारंभिक प्रशिक्षण 10 महीने का किया जाए। इससे न सिर्फ मिलिट्री कौशल में दक्षता आएगी बल्कि काफी हद तक सेनाओं में सैनिक संख्या की कमी पर विराम लग सकेगा। साथ ही अग्निवीर अपने को सैन्य सेवा की मुख्य धारा में महसूस करेंगे, उनके मनोबल में वृद्धि होगी और वे अपने को दोयम दर्जे का सैनिक नहीं समझेंगे। सैनिक/युद्ध दक्षता के लिए समय-समय पर भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार रेगुलर सैनिक की भांति अग्निवीर को भी रिफ्रेशर या सप्लीमेंट्री ट्रेनिंग दी जाए। सेना में तकनीकी ट्रेड की भारी कमी है और इसका प्रशिक्षण भी महंगा व समय लेने वाला है, अतः अग्निवीर का रेगुलर सैनिक के रूप में 100 प्रतिशत समायोजन किया जाए। इसी प्रकार गैर-तकनीकी ट्रेड में भी कम से कम 50 प्रतिशत सैनिकों को रेगुलर किया जाय । अग्निवीर को पूर्ण सैनिक का दर्जा मिले । सरकारी नौकरियों में भी अग्निवीर के लिए आरक्षण का प्रावधान किया जाए। साथ ही युद्ध अपंगता या बलिदान की स्थिति में अग्निवीर व उनके आश्रितों को वही सहायता, वही मान-सम्मान प्राप्त हो जो सरकारी, अर्धसरकारी या प्राइवेट क्षेत्र में एक रेगुलर सैनिक को मिलता है।

सोशल फोरम

जिंदगी जीने का दर्शन

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हर व्यक्ति अलग है और अपने लिहाज से उसे एक जीवन दर्शन बनाना और उसे जीना चाहिए। जिंदगी जीना ही ज़िंदगी का मुख्य मक़सद मानता हूं। पूरी तरह होश में रहते, एक किरदार की तरह , बिना किसी अवांछित प्रतिक्रिया के जीवन के हर मोड़ का लुत्फ लेना ही असली जीवन जीना है।

मैं यह नहीं मानता कि दर्शन को जीना कठिन होता है वरन मेरे लिहाज़ से दर्शन जिंदगी को बहुत आसान बना देता है। कुछ भी ऐसा पढ़ना लिखना नहीं चाहता जो मुझे जीने में मदद न करे , मुझे समृद्ध न करे।

बुद्ध और बौद्ध दर्शन से प्रभावित हूं। प्रभावित इसलिए हूं कि मुझे लगा कि यही तो मेरा पसंदीदा दर्शन है और ऐसा ही कुछ मैं भी सोचता था, होश में जीने का शुरू से प्रयास कर रहा था।

मैं बुद्ध को दुनिया का सबसे बड़ा शिक्षक मानता हूं। मानता हूं कि उनके बताए रास्ते पर चलना ही बहुत महत्वपूर्ण है। जिंदगी में कोई कामना, कोई अपेक्षा, कोई तृष्णा भी सामने नहीं दिखती है। बुद्ध ने इसे ही दुख का कारण बताया था। बुद्ध की शिक्षा कि संसार अनित्य है, संसार दुःखमय है, इसे पूरी तरह मानता समझता हूं। बुद्ध की बतायी सम्यक् दृष्टि बहुत महत्वपूर्ण है। दृष्टि सम्यक होनी चाहिए।

वही देखना है जो सम्यक है, सत्य है ।

कोई बात/ तथ्य समस्या बनती है तो आपकी प्रतिक्रिया से। आपकी प्रतिक्रिया ही उसे समस्या बनाती है। प्रेम तो स्वाभाविक है। आनर किलिंग प्रतिक्रिया स्वरूप ही तो हो रही है। अब कम हो रही है , मतलब कम प्रतिक्रियाएं हो रही है। उन्हें स्वीकृतियां मिल रही हैं। साफ है प्रतिक्रिया समस्या है। बदलते समय के साथ बहने में यक़ीन रखता हूं। स्वीकृतियों का पक्षधर हूं। ज़िंदगी जीने का दर्शन है : मर मर कर जीना छोड़ दिया / बंधन में बंधना छोड़ दिया। / हर क़दम रहा सोचा समझा ,/ अफ़सोस मनाना छोड़ दिय । / जिस बीज से पैदा दुख होता ,/ उस बीज का बोना छोड़ दिया।

-फेसबुक वॉल से

चीटियों ने जटिल व्यवहार कैसे विकसित किया होगा

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

मानव को अपनी उपलब्धियों पर सर्वथा उचित ही गर्व रहता है। किंतु जीव जगत में के कई ऐसे दृष्टांत कभी कभार सामने आते हैं कि आश्चर्यचकित होना पड़ता है। दरअसल कुदरत ने अपनी सृष्टि में किसी भी जीव के साथ भेदभाव नहीं किया है। सभी को अपने अस्तित्व रक्षा और उत्तरजीविता के साजो सामान और युक्तियां दी हैं। किसी से कुछ छीना है तो उसे कुछ और देने का वरदान भी दिया है।

ताजा उद्घाटित घटना फ्लोरिडा की कारपेंटर (बढ़ई) चींटियों का है जिनका जीवन बहुत संघर्षमय है।'द न्यूयार्क टाईम्स' के हाल के अंक में शल्य चिकित्सक चीटियों की हैरतअंगेज गाथा छपी है जिसने मेरा ध्यान इसलिए भी आकर्षित किया कि इस रिपोर्ट को मशहूर ब्रितानी आनलाइन विज्ञान जर्नल 'नेचर ब्रीफिंग' ने विगत सप्ताह छापा है। आधे इंच की बढ़ई चींटियां प्रतिद्वंद्वी कॉलोनियों की चींटियों के साथ हिंसक मुठभेड़ करने के लिए कुख्यात हैं । किंतु अनवरत चलने वाली लड़ाईयों के कारण चींटियों के पैर में चोट लगती रहती है। लेकिन जैसा कि वैज्ञानिकों ने हाल ही में पाया है, इन चींटियों ने चोट को ठीक करने के लिए एक प्रभावी उपचार विकसित किया है यानि ये शल्यक्रिया अपनाती हैं। यानि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की शल्य चिकित्सा केवल मनुष्य की ही कुशलता नहीं है। चीटियां भी एक दक्ष शल्य चिकित्सक हैं। सबसे पहले यह शोधपत्र करंट बायोलॉजी पत्रिका में विगत 2 जुलाई को प्रकाशित हुआ जिसमें शोधकर्ताओं ने बताया कि चींटियां संक्रमण को रोकने के लिए अपने घोसले के साथियों के घायल अंगों को काट देती हैं। हालांकि अन्य चींटियों की प्रजातियां भी अपने घायलों के घावों की देखभाल करने के लिए जानी जाती हैं और आमतौर पर उन्हें चाटकर साफ करती हैं, लेकिन यह पहली बार देखा गया कि फ्लोरिडा की चींटियों की बढ़ई प्रजाति अपने साथियों के चोट के उपचार के लिए शल्य क्रिया - विच्छेदन का तरीका अपनाती हैं।

> अध्ययन में चींटियों ने केवल कुछ चोटिल पैरों का विच्छेदन किया बल्कि यह भी देखा गया कि उनकी शल्य चिकित्सा पद्धति काफी व्यवस्थित है।

अध्ययन में चींटियों ने केवल कुछ चोटिल पैरों का विच्छेदन किया बल्कि यह भी देखा गया कि उनकी शल्य चिकित्सा पद्धति काफी व्यवस्थित है। मनुष्यों के इतर किसी अन्य जानवर को इस तरह के विच्छेदन करने के कौशल के लिए नहीं जाना जाता है। यह व्यवहार फ्लोरिडा की बढ़ई चींटियों के बीच सामाजिक व्यवहार की श्रेष्ठता, उनकी बुद्धिमत्ता और दर्द महसूस करने की उनकी क्षमता का भी संकेत करता है ।

वर्ष 2020 की शुरुआत में, जर्मनी के वुर्जबर्ग विश्वविद्यालय में स्नातक छात्र डैनी बफ़ैट अपनी प्रयोगशाला में फ़्लोरिडा बढ़ई चींटियों की एक कॉलोनी का निरीक्षण कर रहे थे, जब उन्होंने कुछ अजीब नज़ारा देखा। बफ़ैट अब स्विटज़रलैंड के लॉज़ेन विश्वविद्यालय में जीव विज्ञानी हैं और इस अध्ययन के लेखक हैं। उनके अनुसार वे यह देखकर विचित्र सा लगा कि एक चींटी दूसरी चींटी के पैर को काट रही थी। फिर शुरु हुआ अंग-भंग चींटियों के जीवित रहने की दर पर नज़र रखना। अप्रत्याशित रूप से, कटे हुए अंग वाली चींटियां 90 प्रतिशत समय तक जीवित रहीं। इससे भी अधिक आश्चर्य की बात यह पाई गई कि रुग्ण चींटियों के अंग-विच्छेदन उनकी सहमति से किए गए थे। डॉ. फ्रैंक ने बताया कि रुग्ण चींटी पहले तो अपने घायल पैर को साथियों को दिखाती है और शांति से वहीं बैठ जाती है, फिर कोई शल्य चिकित्सक चींटी उसे कुतर डालती है। जैसे ही कटा पैर गिरता है घायल चींटी नए कटे हुए घाव को परिचारक चीटियों को दिखाती है और वे उसे साफ करके काम पूरा करती है। ऐसे दर्जनों अंग-विच्छेदन की घटनाओं को देखने के बाद, शोधकर्ताओं ने पाया कि चींटियां केवल जांघ की चोटों वाले साथियों पर ही यह प्रक्रिया अपनाती हैं। यह आश्वस्त होने के लिए कि चींटियां केवल घायल जांघों वाली चींटियों पर ही अंग-विच्छेदन क्यों करती हैं, शोधकर्ताओं ने अन्य पैरों का प्रायोगिक अंग-विच्छेदन किया। प्रायोगिक अंग-विच्छेदित चींटियों की जीवित रहने की दर केवल मात्र 20 प्रतिशत पाई गयी । डॉ. फ्रैंक इस नतीजे पर पहुंचे कि जब घाव शरीर से दूर होता है तो अंग-विच्छेदन की शल्य चिकित्सा काम नहीं करती, लेकिन जब यह शरीर के करीब होता है, तो कारगर है। अनुमान यह लगाया गया कि मुठभेड़ों में जांघ के हिस्से वाले पैर ही ज्यादा चोटिल होते हैं।

किंतु क्या सचमुच ऐसा ही था? डॉ. फ्रैंक और उनकी टीम द्वारा घायल विकलांग चीटियों पर माइक्रो-सीटी स्कैन किया। पाया गया कि चींटियों के शरीर में कई मांसपेशियां होती हैं जो हीमोलिम्फ - उनके रक्त को प्रवाहित करती हैं। कारपेंटर चींटियों की जांघों में ऐसी कई मांसपेशियां होती हैं। जब उनकी जांघ में चोट लगती है, तो हीमोलिम्फ का प्रवाह कम हो जाता है, जिससे बैक्टीरिया के लिए घाव से शरीर में जाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे मामलों में, यदि पूरा पैर जल्दी से काट दिया जाता है, तो संक्रमण की संभावना बहुत कम होती है।

नतीजतन, सफल विच्छेदन के लिए समय सीमा कम होती है और इसके सफल होने की संभावना भी बहुत कम होती है। डॉ. फ्रैंक कहते हैं कि चींटियाँ, किसी न किसी स्तर पर, इस बात से भिज्ञ रहती हैं। न्यूयॉर्क में रॉकफेलर यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर डैनियल क्रोनॉयर भी चींटियों और अन्य सामाजिक जीवों का अध्ययन करते हैं। उनकी टिप्पणी कि यह सोचना बहुत ही अजीब है कि चींटियों जैसे क्षुद्र जानवरों ने इतना जटिल व्यवहार कैसे विकसित किया होगा।

रामानुजाचार्य से क्या सीखें

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

रामानुजाचार्य का जन्म दक्षिण भारत के कांचीपुरम् के निकट श्रीपेरूपुथुर नामक स्थान में ग्यारहवीं शताब्दी के मध्य में हुआ। जिस समय शंकराचार्य के विचारों की चारों धूम मची हुई थी उस समय रामानुजाचार्य ने उनके मूल विचारों को अपनी आलोचना के निशाने पर रखा।

शंकर का ब्रह्म निर्गुण था,उ समें कोई विशिष्ट गुण नहीं था, इसके विपरीत रामानुजाचार्य ने ब्रह्म की जो धारणा पेश की उसमें वह विशिष्ट गुणों से युक्त था, वह सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान और सर्वव्यापी था। उसमें ज्ञान, कल्याण, दीप्ति आदि गुणों की मौजूदगी को माना। साथ ही रामानुजाचार्य ने दार्शनिक भौतिकवाद की धारणा का प्रतिपादन किया। रामानुजाचार्य की सबसे प्रमुख धारणा यह थी कि भौतिक जगत ही एकमात्र यथार्थ है। साथ ही तांत्रिक आदर्शवाद की इस धारणा को एकसिरे से ठुकरा दिया कि चेतना से परे किसी भी यथार्थ का अस्तित्व नहीं है। उनके लिए ब्रह्म यथार्थ था साथ ही जगत भी उतना ही मूल्यवान यथार्थ था जैसाकि ब्रह्म। शंकर के लिए जगत मिथ्या था लेकिन रामानुजाचार्य के लिए जगत मिथ्या नहीं था। उनके लिए ब्रह्म और जगत दोनों ही यथार्थ थे। इसके अलावा रामानुजाचार्य का मानना था कि ज्ञाता और ज्ञात, ज्ञान और यथार्थ के बीच कोई ऐसा अन्तर्विरोध नहीं है जिसे सुलझाया न जा सके। लेकिन वे यह नहीं मानते थे कि यथार्थ का पूर्ण ज्ञान हो सकता है। वे मानते थे कि यथार्थ के कुछ ही पहलुओं का ज्ञान हो सकता है। जबकि अन्य पहलू संज्ञान से परे हैं। उन्होंने भक्ति पर जोर दिया। ज्ञान,कर्म और भक्ति में वे भक्ति को सर्वोपरि मानते थे। वैदिक सूक्तों, मंत्रों और उपनिषदों के रट लेने से ज्ञान प्राप्त नहीं होता। बल्कि ईश्वर भक्ति से ज्ञान प्राप्त होता है। भक्ति के जरिए उन्होंने जातिभेदों पर हमला किया। उनके अनुसार भक्ति सभी जातिभेदों से ऊपर है। सभी भक्त समान हैं।

एक नजर

नसबंदी को लेकर बढ़ा पुरुषों का रुझान

अमृत विचार, लखनऊ : परिवार नियोजन सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ने से प्रदेश में परिवार नियोजन साधनों के उपयोग में भी वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2022-23 से 2023-24 तक कुल परिवार नियोजन साधनों के उपयोग में 14 फीसद की वृद्धि हुई है। नसबंदी में पुरुषों का रुझान बढ़ा है, 29 प्रतिशत वृद्धि पुरुष नसबंदी में और महिलाओं में 17 फीसद का इजाफा हुआ है। वहीं, त्रैमासिक गर्भनिरोधक इंजेक्शन अंतरा के इस्तेमाल में 41 फीसद हुई है। महाप्रबंधक परिवार नियोजन डॉ. सूर्यांश ओझा ने रविवार को बताया कि प्रसव उपरांत परिवार नियोजन में इंट्रायूटेरिन कॉन्ट्रासेप्टिव डिवाइस (पीपीआईयूसीडी) के इस्तेमाल में 24 फीसद की वृद्धि हुई है, जबकि आईयूसीडी के उपयोग में 12 प्रतिशत का इज़ाफा हुआ है।

स्कूली वाहनों की जांच के लिए आज से चलेगा अभियान

अमृत विचार, लखनऊ : स्कूली वाहनों की जांच के लिए सोमवार को प्रदेश में जांच अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान में परिवहन विभाग के अधिकारी फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र समेत 13 बिंदुओं पर वैधता की जांच करेंगे। सभी बिंदुओं पर सही न मिलने पर वाहनों की सीज कर संबंधित थानों में बंद करा दिया जाएगा। परिवहन आयुक्त चन्द्र भूषण सिंह के मुताबिक प्रदेश के स्कूलों में 55 हजार वाहन संचालित हैं। इनकी जिले वार सूची तैयार कर ली गई है। परिवहन मंत्री ने फिट और अनफिट वाहनों की अलग-अलग सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

आज खुलेगा तीन जोन में सफाई का टेंडर

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम के तीन जोन में सफाई के लिए टेंडर सोमवार को खोला जाएगा। पांच कंपनियों ने इसमें रुचि दिखाई है। जिस कंपनी को काम मिलेगा वह जोन दो, पांच व आठ में सड़क और नालियों की सफाई करेगी। इसके लिए नगर निगम प्रतिमाह 6.5 करोड़ रुपये भुगतान करेगा। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और डम्पिंग यार्डों से शिवरी प्लांट तक कूड़ा पहुंचाने का खर्च अलग से दिया जाएगा। नगर निगम ने शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए ईकोग्रीन कंपनी को हटा दिया था। इसके बाद सभी आठ जोन में सफाई के लिए बड़ी कंपनी को लाने के लिए टेंडर निकाले थे। जोन एक, तीन, चार, छह और सात का काम हैदराबाद की कंपनी रामकी को मिला था। कंपनी अभी घरों से कूड़ा कलेक्शन का काम कर रही है।

बसपा में जिला स्तर पर कार्यकारिणी में बदलाव

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव में हार के बाद बसपा ने जिला स्तर पर कार्यकारिणी का रिव्यू करना शुरू कर दिया हैं। बसपा प्रमुख मायावती के निर्देश पर रविवार को लखनऊ समेत कई जिलों में निष्क्रिय सदस्यों के स्थान पर नए सक्रिय सदस्यों को शामिल किया गया है। उक्त क्रम में जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि जिला इकाई में महासचिव करन पटेल समेत आठ सदस्यों को नियुक्त किया गया है। कमेटी में उपाध्यक्ष राकेश जायसवाल, सचिव रमा शंकर गौतम, खजांची युसुफ गाजी को नियुक्त किया गया है, इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में एड.विशाल कांशी, कुलदीप रावत, बीवीएफ संयोजक विजय चौधरी, संयोजक बामसेफ आर के बर्मन को बनाया गया है।

रेशम उद्योग को बढ़ावा देने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में कारोबारी माहौल को बढ़ाकर वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की ओर बढ़ रही प्रदेश सरकार रेशम उद्योग को भी बढ़ावा देने को तैयार है। इसी क्रम में, अब महराजगंज, बस्ती, सहारनपुर व औरैया को मल्टी एंड रीलिंग यूनिट्स से लैस करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

इन रीलिंग यूनिट्स के अंतर्गत 10 बेसिन युनिट्स की क्रय प्रक्रिया रेशम विभाग ने शुरू कर दी है। इस क्रय प्रक्रिया को कॉन्ट्रैक्टर एजेंसी द्वारा पूरा किया जाएगा, जिसे रेशम विभाग नियुक्त करेगा। कॉन्ट्रैक्टर एजेंसी को कार्य आवंटन के बाद 90 दिनों के भीतर इन सभी युनिट्स को निर्धारित जिलों में डिलिवर व इंस्टॉल करना होगा। कार्य को पूरा करने के लिए रेशम विभाग की ओर से जो आवेदन मांगे गए हैं, उसमें मुख्यतः उद्योग व उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय व राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम से पंजीकृत कंपनियों को वरीयता दी जाएगी।

दरअसल, मल्टी एंड रीलिंग यूनिट में विभिन्न मशीनरी कॉम्पोनेंट्स होते हैं, जो बेसिन युनिट्स के अंतर्गत आते हैं। कुल 10 बेसिन युनिट्स की क्रय प्रक्रिया फिलहाल रेशम विभाग द्वारा पूरी की जा रही है।

हरियाली बढ़ाने को पड़ोसी देश व राज्यों के बीच बनेगा समन्वय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश की सीमाओं पर अपनी जमीन पर पौधरोपण के साथ ही दूसरे राज्यों को भी जोड़ेगा वन विभाग
- नेपाल व सीमावर्ती राज्यों पर इस बार मित्र वन बसाएगी प्रदेश सरकार
- 35 वन प्रभागों द्वारा मित्र वन की स्थापना के लिए स्थानों का किया गया चयन

अमृत विचार : प्रदेश सरकार वृक्षारोपण जन अभियान-2024 के तहत पड़ोसी देश नेपाल व उप्र. के सीमावर्ती राज्यों पर मित्र वन बसाएगी। इसके लिए 35 वन प्रभागों में स्थानों को चुन लिया गया है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर 20 जुलाई को 35 करोड़ पौधरोपण के साथ ही हरियाली बढ़ाने के लिए वन विभाग पड़ोसी देश व राज्यों से भी समन्वय स्थापित कर रहा है।

यही नहीं, सीमाओं पर उप्र. की जमीन में पौधरोपण के साथ ही वन विभाग दूसरे राज्यों के गणमान्यों को इस महाभियान से जोड़ेगा। उप्र. के सीमावर्ती जिलों सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, सोनभद्र, मीरजापुर, प्रयागराज, चित्रकूट, बांदा, महोबा, झांसी, ललितपुर, जालौन, इटावा, आगरा, मथुरा, अलीगढ़, नोएडा, गाजियाबाद, बागपत व शामली में व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम की तैयारी की जा चुकी है।

दरअसल, बीते दिनों एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेपाल की ओर पौधरोपण को लेकर चिंता भी जाहिर की थी। इसे देखते हुए वन विभाग इस बार नेपाल के बॉर्डर वाले सोनौली महराजगंज, लखीमपुर खीरी, श्रावस्ती, बहराइच, पीलीभीत समेत सभी जिलों की सीमाओं पर भी मित्र वन स्थापित करेगी। यहां पौधरोपण के दौरान न सिर्फ प्रदेश के जनप्रतिनिधि, बल्कि पड़ोसी देश से भी समन्वय स्थापित कर उन्हें इस कार्यक्रम से जोड़ने की पहल की जाएगी।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा ने 35 वन प्रभागों की ओर से मित्र वन की स्थापना के लिए स्थान का चयन करते हुए पड़ोसी देश नेपाल व सीमावर्ती राज्य के गणमान्य अतिथियों से कराए जाने वाले पौधरोपण के लिए पौध प्रजातियों को चिह्नित करने का भी निर्देश दिया है। अपर मुख्य वन संरक्षक पीपी सिंह ने बताया कि पौधरोपण के लिए नर्सरी में पौधे भी तैयार हो गए हैं। मित्र वन बसाने व उसे समृद्ध बनाने के लिए संबंधित प्रभागों के डीएफओ को निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

बारिश से अस्त-व्यस्त हुई बिजली आपूर्ति, लोग परेशान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बाधित हुई बिजली
- नहीं चालू हो सकीं बंद इकाइयां पर घट गई बिजली की अधिकतम मांग

अमृत विचार : बारिश के कारण रविवार को प्रदेश में बिजली की मांग घट गई। अधिकतम मांग लगभग 22 हजार मेगावाट दर्ज हुई, पर स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाके बिजली संकट की चपेट में आ गये। घंटों बिजली आपूर्ति चालू न होने के कारण लोग परेशान रहे।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, रिजर्व शट डाउन पर भेजी गईं टांडा बिजलीघर की 110 मेगावाट क्षमता की चार इकाइयां और हरदुआगंज की 250 मेगावाट व 105 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयों में उत्पादन ठप रहा। इन इकाइयों के सोमवार को चालू किए जाने की संभावना है। दूसरी ओर, तकनीकी खराबी के कारण ऊंचाहार बिजलीघर की 210 मेगावाट व 250 मेगावाट, ओबरा बिजलीघर की दो-दो सौ मेगावाट की दो इकाइयां चालू नहीं हो सकीं। इससे करीब 1522 मेगावाट बिजली उत्पादन कम रहा। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आपूर्ति के साथ स्थिति काबू में की गई। सूत्रों ने बताया कि मांग में कमी आने के बाद भी गांवों, नगर पंचायतों, तहसील मुख्यालयों व बुंदेलखंड क्षेत्रों में घोषित बिजली कटौती होती रही। गांवों में 22 घंटे, नगर पंचायतों व तहसील क्षेत्रों में 23.50 घंटे व बुंदेलखंड क्षेत्र में 22 घंटे बिजली आपूर्ति हुई पर बारिश के कारण ज्यादातर इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। इससे क्षेत्रों में बिजली संकट बना रहा।

सोशल मीडिया के जरिए उपभोक्ताओं से संवाद और मजबूत करेगा पावर कॉरपोरेशन

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन सोशल मीडिया के जरिए उपभोक्ताओं से संवाद और मजबूत करेगा। कॉरपोरेशन की ओर से वितरण निगमों में खुले सोशल मीडिया सेल को मजबूत करने के निर्देश दिये गये हैं। कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सभी जिलों में उपभोक्ताओं के साथ संवाद स्थापित करने का अच्छा माध्यम बन रहे हैं। इन माध्यमों के जरिए लोग न सिर्फ बिजली आपूर्ति से संबंधित शिकायतें दर्ज करा रहे हैं, बल्कि अन्य समस्याएं दर्ज कराकर निराकरण भी करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वॉट्सएप व एसएमएस के जरिए उपभोक्ताओं को उनके बकाया बिलों व उनके भुगतान की तारीखों के बारे में अलर्ट भेजने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

देश के आ नई बिजली दरों के निर्धारण के लिए आज से शुरू होगी सुनवाई

प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण के लिए सोमवार से सुनवाई शुरू होगी। राज्य विद्युत नियामक आयोग कानपुर में केस्को कार्यालय में उपभोक्ताओं का पक्ष सुनेगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि सुनवाई के दौरान उपभोक्ताओं का पक्ष मजबूती से रखा जाएगा। किसी भी हाल में प्रदेश में नई बिजली दरें बढ़ने नहीं दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं की सरप्लस धनराशि निकल रही है, ऐसे में बिजली दरें बढ़ाने के बजाय कम किये जाने की आवश्यकता है।

25 हजार का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : बुलंदशहर कोतवाली पुलिस ने रविवार को 25 हजार के इनामी अभियुक्त को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। अभियुक्त पर बुलंदशहर के अलावा महाराष्ट्र के विभिन्न थानों में हत्या, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट सहित कुल नौ मामले दर्ज हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रविवार को कोतवाली क्षेत्र के धमेड़ा बस अड्डे के पास चेकिंग के दौरान बाइक पर जा रहे कुछ लोगों को चेकिंग के उद्देश्य से रोका गया। इस दौरान बाइक सवार भागने लगे। जब इनका पीछा किया गया तो अचानक बाइक सवारों ने पुलिस टीम पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। जवाब में फायरिंग की गई, जिसमें एक बाइक सवार घायल होकर बाइक से गिर पड़ा। जब मौके पर जाकर देखा गया तो वह इनामी अपराधी बादल निकला, जबकि बाइक पर बैठा दूसरा व्यक्ति मौका देख कर फरार हो गया। बादल के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास सहित कई मामले दर्ज हैं। सिर्फ महाराष्ट्र के ही विभिन्न थानों में पांच गंभीर मामले दर्ज हैं। महाराष्ट्र पुलिस लंबे समय से बादल की तलाश कर रही थी।

मंडल में आज से पकड़े जाएंगे निराश्रित गोवंश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस के साथ मिलकर अभियान चलाएंगी पांच विभागों की टीमें
- पकड़ने से पहले की जाएगी गोवंश की गिनती

अमृत विचार : लखनऊ मंडल के सभी जिलों के नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में निराश्रित गोवंशों को पकड़ने के लिए सोमवार से अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए पुलिस समेत छह विभाग की टीमों को लगाया गया है। पकड़ने से पहले टीमें निराश्रित गोवंश की गिनती करेंगी, फिर उन्हें पकड़कर गोशालाओं में भेजेंगी।

प्रदेश में निराश्रित गोवंशों को पकड़कर गोशालाओं में संरक्षित करने के लिए नवंबर से फरवरी तक विशेष अभियान चलाया गया था। शासन के संज्ञान में आया कि लखनऊ मंडल के लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर, हरदोई, रायबरेली, लखीमपुर खीरी जिले में निराश्रित हैं। इन गोवंशों को संरक्षित करने के लिए सोमवार से अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। गोवंश की पहले गणना की जाएगी फिर 20 जुलाई तक पकड़कर उन्हें गोशालाओं में संरक्षित किया जाएगा।

अभियान में पशुपालन, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, राजस्व, नगर विकास के साथ पुलिस विभाग को भी शामिल किया गया है। शासन ने यह भी निर्देश दिए हैं कि निर्माणाधीन गोशालाएं तैयार कर क्रियाशील कराएं और संचालित अस्थाई गोशालाओं की क्षमता बढ़ाई जाए।

भवनों का व्यावसायिक उपयोग करने वालों से ज्यादा होगी हाउस टैक्स की वसूली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अभी तक केवल नगर निगम वाले 17 शहरों में ही लागू थी यह व्यवस्था
- अब नगर पालिका परिषदों व पंचायतों में भी इसी तरह हाउस टैक्स की होगी वसूली

अमृत विचार : प्रदेश सरकार बड़े शहरों की तरह छोटे शहरों में भी भवनों का व्यावसायिक उपयोग कर ज्यादा मुनाफा कमाने वालों से दो से तीन गुना तक हाउस टैक्स लेगी। अभी तक यह व्यवस्था केवल नगर निगम वाले 17 शहरों में ही लागू थी। अब नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों में भी इसी तरह हाउस टैक्स की वसूली की जाएगी।

प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने इस बाबत मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद उप्र. नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली-2024 जारी कर दी है। इसके आधार पर अब नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में भी हाउस टैक्स की वसूली होगी। इन शहरों में रहने वाले भवन स्वामी स्वयं अपना हाउस टैक्स तय कर निकायों में जमा कर सकेंगे।

नियमावली के अनुसार, सरकारी छात्रावास, राजकीय या सहायता प्राप्त संस्थानों, स्वीमिंग पुल, क्रीड़ा केंद्र, जिम, शारीरिक स्वास्थ्य केंद्र, थियेटर केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम वाले, संगीत व नृत्य केंद्र से नियत दर के समान हाउस टैक्स लिया जाएगा। इसी क्रम में लघु औद्योगिक इकइयां, एकल स्क्रीन सिनेमाघर, 120 वर्ग फीट या 11.14 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की चाय की दुकान, दूध, डबलरोटी, अंडे, धोबी, लांड्री, फल, सब्जी, फोटो स्टेट, हेयर ड्रेसर व दर्जी की दुकान वालों से सामान्य हाउस टैक्स की वसूली की जाएगी।

वहीं, मेडिकल स्टोर, प्रत्येक प्रकार के वाणिज्यक काम्प्लेक्स, स्थापित बाजारों में स्थित दुकानें, टेंट हाउस, भवन निर्माण सामग्री की दुकान और निजी कोचिंग संचालकों से दोगुना हाउस टैक्स लिया जाएगा। उदाहरण के लिए सामान्य भवन का जितना हाउस टैक्स होता है, इन भवनों से इसका दोगुना हाउस टैक्स वसूलने की तैयारी है।

बीएल संतोष ने पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को किया उत्साहित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप चुनाव को मजबूती से लड़कर विजय सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ करना है काम
- बोले- हताश न हों, संगठन के विस्तार का कार्य लगातार रहेगा

अमृत विचार : भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष ने लगातार दूसरे दिन उप्र. में पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए आगामी चुनावों के लिए पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को उत्साहित किया। इस क्रम में रविवार को उन्होंने प्रदेश के दलित व ओबीसी नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान पार्टी नेताओं ने आशानुरूप परिणाम न आने के पीछे अलग-अलग कारण बताए।

सूत्रों के अनुसार, एक बड़ा कारण यह भी सामने आया कि इंडिया गठबंधन के नेताओं ने संविधान व आरक्षण के विषय पर जो भाजपा विरोधी प्रचार किया उसका समय रहते पार्टी से काट न हो सका। ऐसे में सशंकित एक बड़े वोटबैंक से भाजपा को मत नहीं मिल सके। सूत्रों के मुताबिक, संगठन महामंत्री को स्थानीय नेताओं ने बताया कि दलित समाज के मन में यह आशंका थी कि सरकार आरक्षण खत्म करने जा रही है। यह एक बड़ा मुद्दा बना जो पार्टी के पक्ष में नहीं गया।

राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष के साथ पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक में मंत्री असीम अरुण, गुलाब देवी और प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत शामिल रहीं। बैठक में बीएल संतोष ने पार्टीजन को उत्साहित करते हुए कहा कि संगठन के विस्तार का कार्य लगातार जारी रहेगा। प्रदेश में होने वाले उपचुनाव को मजबूती से लड़कर विजय सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ काम करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा राजनीतिक कार्यक्रमों व अभियानों के साथ ही अपने सामाजिक व राष्ट्रीय दायित्वो के प्रति भी सजग है। हमें सतत् सम्पर्क व संवाद के मूलमंत्र के साथ जनता के सदैव सम्पर्क में रहकर कार्य करना है। वहीं, उन्होंने लखनऊ में होने वाली प्रदेश कार्यसमिति बैठक की तैयारी की भी जानकारी ली। संगठन महामंत्री ने बताया कि प्रदेश कार्यसमिति की बैठक से संगठनात्मक कार्ययोजना को पटल पर रखा जाएगा, जो आगामी कार्यक्रमों व अभियानों के माध्यम से संगठन को गति प्रदान करेंगे।

वर्ग पहेली-124

बाएं से दाएं

3. निवास स्थान, रहने का स्थान।
4. दूसरों की आंख बचाकर छोटी-मोटी चीज़ें उठा या चुरा लेने वाला।
6. कश्मीर तथा अफ़गानिस्तान और फ़ारस आदि पश्चिमी एशियाई क्षेत्रों में पाया जाने वाला एक सीधा छतनार पेड़ जो बगीचों में शोभा के लिए लगाया जाता है, बनझाऊ।
7. 1. उम्मीद, आस, आशा 2. सहारा, अवलंब 3. शरण 4. सहायक 5. आश्रय, आधार।

ऊपर से नीचे

1. 1. ऊपर चढ़ना, आरोहण 2. सवार होना 3. धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाना। 2. वह धन जो किसी वस्तु के लिए या किसी को कोई काम करने के लिए पहले ही दे दिया जाए, अग्रिम धनराशि, बयाना, (एडवांस)।
3. 1. घुड़सवार सेना का नायक या अफ़सर 2. एकत्रित किए गए राजस्व को राजकीय कोषागार तक ले जाने वाले दल का प्रमुख।
5. 1. हंस, राजहंस 2. परमात्मा, ईश्वर 3. एक समवर्णिक छंद 4. श्रेष्ठ राजा।



वर्ग पहेली -123 का हल

			1 गा		2 अ
3 प	रि	सी	मा		नु
ली			कि		क
द			र		थ
	4 घू	र्	ण	5 मा	न
6 ख				शू	
ज		7 लु	ढ़	का	ना

सुडोकू -37

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	7				5	4		
5				3	1		2	8
		2					3	6
				8	3		9	
	1		4		2		5	
	3		7	5				
4	8					2		
9	5		2	6				1
		1	3				7	

सुडोकू -36 का हल

2	5	4	6	7	3	9	1	8
1	8	9	2	5	4	7	6	3
3	7	6	1	8	9	4	5	2
8	6	7	5	9	1	3	2	4
5	9	3	4	6	2	8	7	1
4	2	1	7	3	8	6	9	5
7	1	5	3	4	6	2	8	9
9	3	2	8	1	7	5	4	6
6	4	8	9	2	5	1	3	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 जुलाई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया पूर्ण रात्रि तक।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 06.03 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

मेष — आज आप आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। लगातार प्रयासरत रहने और मेहनत करने की प्रवृत्ति से आपको लाभ होगा। आप अपने निजी कार्यों को बहुत समय देंगे। आप अपने घर में बोरियत महसूस करेंगे, थोड़ा तनाव हो सकता है।

वृष — आज का दिन परिवार में उत्सव का माहौल रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको प्रसिद्धि मिल सकती है। जीवनसाथी की बातें आपके ऊपर काफी असर डालेगी। व्यापार में नए संपर्क विकसित होने की संभावना है।

मिथुन — आज आपको करियर में अच्छे मौके मिल सकते हैं। आप अपने कार्यक्षेत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। धन की बचत करने का विचार बना सकते हैं। दांपत्य जीवन में रोमांटिक भाव बढ़ेगा। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है।

कर्क — आज भावनात्मक रूप से मजबूत रहेंगे। अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति के दम पर आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। आपकी व्यवहार कुशलता की लोग प्रशंसा करेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर आप भाग्यशाली रहेंगे।

सिंह — आज धार्मिक कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। परिवार की समस्याओं को सुलझाने में सफलता मिलेगी। मनोरंजन पर आप धन खर्च कर सकते हैं। शासन की योजनाओं का लाभ उठाएंगे।

कन्या — आज पैतृक व्यवसाय में आप काफी सक्रिय रहेंगे। सहकर्मियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। एकाग्रचित्त होकर आपको काम करना चाहिए। आय में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के प्रति आपकी निकटता बढ़ेगी। वैवाहिक जीवन के लिए शुभ नहीं है।

तुला — आज के दिन पारिवारिक जीवन काफी सुखद रहने वाला है। आपको अपनी कार्यशैली पर काफी ध्यान देने की आवश्यकता है स, जिसके कारण आप भविष्य में काफी लाभ उठाएंगे। आप किसी सामाजिक और धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं।

वृश्चिक — आज आयात-निर्यात संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी। नए संबंध आपको आगे बढ़ने में काफी मदद करेंगे। नया कारोबार शुरू करना चाह रहे हैं तो सरकारी एजेंसियों और बैंकिंग संस्थाओं का सहयोग आपको प्राप्त हो सकता है।

धनु — आज आपकी निजी जीवन की समस्याओं का निवारण होगा। आपकी वाणी में मिठास बढ़ेगी। व्यक्तिगत जीवन बहुत आनंदमय रहेगा। इस महीने प्रियजन आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को बहुत बड़ा लाभ हो सकता है।

मकर — आज का दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहने वाली है। घर की साज-सजावट में आप काफी धन खर्च कर सकते हैं। माता-पिता का विशेष आशीर्वाद आपको प्राप्त होगा। आपके मनोबल में वृद्धि होगी। कारोबार से जुड़ी यात्राओं के होने के योग बन रहे हैं।

कुंभ — आज सामाजिक कार्यों में आप बहुत सक्रिय रहने वाले हैं। निर्माण कार्यों से जुड़ी परियोजनाओं में बड़ा धन लाभ हो सकता है। दूसरों के विवादों में आप मध्यस्थ हो सकते हैं। अटके हुए कानूनी मामलों पर निर्णय आपके पक्ष में आ सकता है।

मीन — आज आपकी कार्यकुशलता की लोग प्रशंसा करेंगे व प्रेरणा भी लेंगे। जीवनसाथी का व्यवहार आपके प्रति बेहद सहयोगात्मक और रोमांटिक हो सकता है। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर काफी लापरवाह हो सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
मजाल — सुबह : 09.55
जो बोले सो निहाल — रात : 07.38

&pictures
एतराज — सुबह : 10.45
गुडबाय — रात : 08.00

SONY PIX
जॉन विक — सुबह : 11.41
रैमपेज — रात : 09.00

ZEE CINEMA
बागी — सुबह : 09.03
महाबली — शाम : 05.30

colors CINEPLEX
आर...राजकुमार — सुबह : 10.51
हिडिंभा — रात : 07.57

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- जरा किचन से आलू लेते आना।
पति- यहां तो कहीं आलू दिख नहीं रहे हैं।
पत्नी- तुम तो हो ही अंधे, कामचोर हो, एक काम ढंग से नहीं कर सकते, मुझे पता था कि तुम्हें नहीं मिलेंगे, इसलिए मैं पहले ही ले आई थी।
अब आदमी की कोई गलती हो तो बताओ!

पिता - पेपर कैसा गया?
बेटा - पहला सवाल छूट गया, तीसरा आता नहीं था, चौथा करना भूल गया, पांचवां नजर नहीं आया।
पिता - और सवाल दो?
बेटा - बस सिर्फ वो ही गलत हो गया।

ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में शिक्षक संगठन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● ऑनलाइन हाजिरी के बहिष्कार का लिया निर्णय

अमृत विचार। माध्यमिक एवं परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों की अनिवार्य ऑनलाइन हाजिरी का विरोध शुरू हो गया है। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ एवं आदर्श माध्यमिक शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश ने ऑनलाइन हाजिरी के बहिष्कार का निर्णय लिया है। स्कूल महानिदेशक और बीएसए को भेजे पत्र में कहा है कि ऑनलाइन हाजिरी से उत्पीड़न बढ़ेगा।

श्याम नगर में हुई आदर्श माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक में महामंत्री कुलदीप ने ऑनलाइन हाजिरी को अव्यवहारिक बताते हुए इसके बहिष्कार का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि 8 जुलाई से शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी को अनिवार्य किया है। यह निर्णय उचित नहीं है, यदि इस निर्णय को वापस नहीं लिया गया तो शिक्षक आंदोलन करने को बाध्य होगा।

बैठक में जिलाध्यक्ष सुनील बाजपेयी, महेश बाबू, शशि बाजपेयी, अशोक त्रिपाठी, चंद्रभान कटियार, रमाकांत कटियार आदि मौजूद रहे। उधर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने कहा कि दूरदराज गांवों में स्कूल होने पर नेटवर्क काम नहीं करता है। ऐसी दशा में ऑनलाइन हाजिरी में बाधा आना तय है और फिर शिक्षकों को उत्पीड़न होगा। उन्होंने पुरानी पेंशन बहाली, भविष्यनिधि ऑनलाइन करने एवं तीन अनुपस्थिति पर एक अवकाश समायोजित करने की मांग की है।

वीजा और टिकट दिलाने के नाम पर 3.89 लाख हड़पे

कानपुर। बाबूपुरवा थानाक्षेत्र में वीजा और टिकट दिलाने का वादा कर टिकट न देने वाले एजेंट ने बाबूपुरवा के युवक से 3.89 लाख रुपये हड़प लिए। टिकट न देने पर आरोपी के खिलाफ बाबूपुरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

बाबूपुरवा निवासी मोहम्मद फहीम ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे मोहम्मद अदनान, दामाद सुऐब और उसके दोस्त अफसार, मोहम्मद अहमद, मोहम्मद फहीम को विदेश की एयर टिकट और वीजा दिलाने के लिए अख्तर अली निवासी महराजगंज को 3.89 लाख रुपये दिए थे।

इसके बाद अख्तर अली ने वादाखिलाफी की और कुछ नहीं दिया। इसके चलते कोई भी विदेश नहीं जा सका। इस सबंध में प्रभारी निरीक्षक बाबूपुरवा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

बसों में वाइपर नहीं, शीशे पर नींबू रगड़कर चलते चालक

यात्री कितने सुरक्षित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

▸▸ बसों के शीशों पर नींबू रगड़ते हैं ताकि बारिश का पानी फिसल जाए

▸▸ डिपो से बिना फिटनेस के निकल रही बसें, यात्रियों की जान से खिलवाड़

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन का जो रवैया तीन दशक पहले था, वही आज भी है। गिरते राजस्व की ओर नजर दौड़ाएं तो उसके पीछे का कारण यही है कि बसों की व्यवस्था ठीक नहीं है, जिसके चलते लोगों का भरोसा प्राइवेट बसों पर अधिक हो रहा है। जरा सोचिए, इतनी बारिश हो रही है और रोडवेज की बस में वाइपर नहीं हो तो चालक कैसे बस चलाएगा। ऐसे में हादसों की आशका है। चालक बस के मुख्य शीशे पर नींबू रगड़ देते हैं ताकि बारिश का पानी शीशे से फिसल जाए। मूसलाधार बारिश में ये फार्मूला भी फेल हो जाता है और चालक रामभरोसे चलता है।

रविवार को शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डे पर अमृत विचार संवाददाता ने दोपहर एक बजे बसों की हालत देखी। बस अड्डे पर महोबा डिपो की बस यूपी 95 टी 9659 जाने को तैयार थी लेकिन इस के मुख्य शीशे पर वाइपर नहीं था। चालक ने कहा कि वाइपर टूट गया है, हालांकि चालक की बात सच नहीं है क्योंकि बस में वाइपर लगाने की कोई व्यवस्था ही नहीं थी। इसका मतलब है कि इस बस में वाइपर लगा ही नहीं है। ऐसे ही महोबा डिपो की ही दूसरी बस खड़ी थी। इस बस में भी वाइपर नहीं था।

बसें बेबस, बस अड्डा भी बदहाल

कानपुर। रोडवेज अपने प्रबंधन के प्रति तनिक भी गंभीर नहीं है, शहीद मेजर सलमान खान झकरकटी बस अड्डा एक ओर जहां धीरे धीरे धंस रहा है, वहीं चुन्नीगंज बस अड्डा हमेशा सीवरभराव में रहता है जिससे यहां यात्री परेशान रहते हैं। झकरकटी बस अड्डे पर रायबरेली, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज की बसें जहां खड़ी होती हैं, वहां हमेशा जलभराव रहता है जबकि बस अड्डे के अंदर प्रवेश करते ही बड़े बड़े गड्ढे मौत के दावत देते दिखाई दे जाएंगे। कई बार इन गड्ढों से बचने के लिए बसें भागती हैं और हादसे का डर रहता है। एक बार इन गड्ढों के चक्कर में परिवहन कर्मी जो बसों की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए लगाया था, उसकी भी बस से कुचलकर मौत हो गई थी। यही हाल चुन्नीगंज बस अड्डे का है, जहां यात्री बस पकड़ने के लिए पानी के अंदर होते हुए जाने को मजबूर हैं।

झकरकटी बस अड्डे पर खड़ी महोबा डिपो की बस में वाइपर नहीं।

हो सकता है कि रास्ते में वाइपर गिर गया हो या टूट गया हो। महोबा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को अवगत कराया जाएगा ताकि बसों के शीशे पर वाइपर लग जाए।

महेश कुमार, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, झकरकटी बस अड्डा

अनफिट निकल रही बसें, बोल दें तो निलंबित हो जाएं

नियमानुसार किसी भी अनफिट बस को डिपो या वर्कशाप से बाहर नहीं निकाला जा सकता है क्योंकि यात्रियों की जान से खिलवाड़ नहीं हो सकता लेकिन महोबा डिपो की इन दोनों बसों में वाइपर नहीं होने से ये साबित हो गया है कि अनफिट बसें डिपो से निकल रही हैं। सब कुछ जानने के बाद भी चालक, परिचालक अपना मुंह नहीं खोलते, यदि वह डिपो में ये कह दें कि बस में कमी है तो शायद वह निलंबित हो जाएं, यही वजह है कि जिस हालत में बस मिलती हैं, चालक,परिचालक उसे लेकर रूट पर निकल जाते हैं।

20 दिन से नहीं बने जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, जनता भटक रही

स्कूलों में एडमिशन न होने की शिकायतें बढ़ीं, सोमवार को होगी बैठक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● नए पोर्टल की वजह से काम रुका, कर्मचारी भी जटिलताओं से परेशान

18 जून से नहीं बने जन्म-मृत्यु प्रमाध पत्र

01 हजार आवेदन नगर निगम में लंबित

20 दिनों से काम पूरी तरह ठप

अमृत विचार। नगर निगम जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र कार्यालय में पिछले 20 दिनों से एक भी जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बना है। पोर्टल की असुविधा की वजह से अकेले नगर निगम में एक हजार से ज्यादा आवेदन लंबित हो गये हैं। हैलट, डफरिन समेत अस्पतालों में अलग से लोग परेशान हैं। नगर निगम में आने वाले आवेदकों को अब वापस भेजना मजबूरी हो गई है। अधिकारियों के अनुसार सोमवार को इस समस्या को लेकर बैठक है, इसके बाद ही कुछ हल निकल सकता है।

नगर निगम में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोग चक्कर लगा रहे हैं। 20 दिनों से एक भी प्रमाण पत्र नहीं बना है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार हर जोन के केवल नगर निगम में करीब 1 हजार आवेदन पेंडिंग हो गए हैं। नई वेबसाइट में डाटा अपलोड न होने की वजह से नगर निगम कर्मचारी और अधिकारी परेशान हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार सोमवार को इस सम्बन्ध में बैठक होगी। जिसके बाद ही कोई समाधान हो सकेगा। दरअसल, 18 जून से लागू नये नियमों के बाद यहां प्रमाण पत्र नहीं बन सके हैं। नये पोर्टल की असुविधा से आम लोगों के साथ जन्म-मृत्यु कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी भी परेशान हैं। अधिकारियों के अनुसार प्रमाण बनाने का काम पूरी तरह ठप है। नई वेबसाइट डीसी.सीआरएस.ओआरजी.जीओवी.इन भी लांच की गई। जिसमें प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया कठिन हो गई है। जितने भी कागज हैं उन्हें पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य हैं अगर एक कागज भी कागजात नहीं होता तो साइट आगे बढ़ ही नहीं सकती है। डाटा ऑपरेटरों के अनुसार प्रमाण पत्र के लिये पोर्टल पर हर कागज को अपलोड करना अनिवार्य किया है। इसके बिना कार्य आगे नहीं बढ़ सकते हैं। नगर आयुक्त मदन सिंह गर्ब्याल ने बताया कि अधिकारियों से बातचीत हो रही है। समस्या को दूर कर लिया जायेगा।

एडमिशन और आधार कार्ड बनाने में समस्या

शहर के स्कूलों में छोटे क्लास में अभी भी एडमिशन हो रहे हैं। कई स्कूल बिना जन्म प्रमाण पत्र के एडमिशन प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़वाते हैं। इसकी वजह से जिन बच्चों के शुरू में किसी कारणवश जन्म प्रमाण पत्र नहीं बने वह परिजन नगर निगम की चौखट पर चक्कर लगा रहे हैं। बच्चों के आधार कार्ड में भी जन्म प्रमाण प्रत्र की अनिवार्यता है। ऐसे में कई आवेदक अपने बच्चों के आधार नहीं बनवा पा रहे हैं।

कारोबारी पर लगाया 3.67 लाख हड़पने का आरोप

कानपुर। हनुमंत बिहार थानाक्षेत्र में एक एग्रो फूड कंपनी के डॉयरेक्टर ने एक कारोबारी पर लाखों का माल लेने के बाद रुपये वापस न करने का आरोप लगाते हुए डीसीपी साउथ से शिकायत की। उनके आदेश पर हनुमंत विहार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

योगेंद्र विहार खाड़ेपुर निवासी अंकित अवस्थी श्रीबाला जी बाबा जी एग्रो फूड्स प्राइवेट लिमिटेड मंगूराम स्पाइसेस प्राइवेट में डॉयरेक्टर हैं। अंकित के अनुसार उनकी कंपनी में गुलाब जामुन और मसाले बनते हैं। सुल्तानपुर स्थित दुर्गा एजेंसी के मालिक काशीलाल ने 2020 से लेकर 2023 तक करीब 3.67 लाख रुपये का माल लिया और भुगतान नहीं किया। पीड़ित ने मामले की शिकायत हनुमंत विहार थाने में की मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद उन्होंने शिकायत डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार से की। इस सबंध में हनुमंत विहार थाना प्रभारी उदय प्रताप ने बताया कि डीसीपी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

महाराजपुर के शोरूम से सरिया लूटने वाले तीन अपराधी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

पकड़े गए शातिर अपराधी।

▸▸ क्राइम ब्रांच और महाराजपुर पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन में मिली सफलता

▸▸ 250 कैमरों को खंगाला, फतेहपुर पुलिस से संपर्क कर आगे बढ़ी जांच

▸▸ खुलासा करने वाली टीम को 50 हजार इनाम की घोषणा

अमृत विचार। महाराजपुर थानाक्षेत्र में निर्माणाधीन शोरूम में सिक्योरिटी गार्ड को बंधक बनाकर डकैती डालकर 40 कुंतल सरिया लूटने वाले तीन शातिर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरोह का सरगना फरार है। क्राइम ब्रांच, महाराजपुर पुलिस और सर्विलांस टीम के ज्वाइंट ऑपरेशन में घटना का खुलासा हो सका। टीम को डीसीपी पूर्वी ने 50 हजार रुपये नकद इनाम देने की घोषणा की।

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने खुलासा करते हुए बताया कि 29 जून की रात महाराजपुर के सरसौल क्षेत्र में निर्माणाधीन शोरूम में आठ लोग डीसीएम से पहुंचे थे। आरोपी सिक्योरिटी गार्ड को बंधक बनाकर वहां पड़ी 40 टन सरिया लूटकर फरार हो गए थे। महाराजपुर पुलिस जांच में जुटी थी। पुलिस ने करीब 250 कैमरे खंगाले और एक डीसीएम को ट्रेस किया तो वह श्याम नगर स्थित निर्माणाधीन इमारत के पास रुकता दिखी। छापा मारा तो वहीं पर लूटी हुई सरिया पड़ी मिली। पुलिस ने गाजीपुर थाना व ग्राम युसूफपुर निवासी महताब हुसैन उर्फ राजू, प्रतापगढ़ के रानीगंज कैथोला निवासी विजय प्रकाश साहू और बिधनू सकरापुर निवासी कुलदीप वर्मा को गिरफ्तार किया है। शातिरों ने पूछताछ में घटना का मास्टरमाइंड फेथफुलगंज निवासी सलीम व उसके साथी पहलवान, खुतरा और अन्य के शामिल होने की जानकारी दी है। आरोपियों की तलाश में टीम लगी हैं। पुलिस को शक है कि यह सरिया जिस इमारत के पास मिली है उसके मालिक ने यह खरीदी है। पुलिस की जांच में बिल्डिंग मालिक के भुगतान करने के साक्ष्य मिलते हैं तो उसे भी दोषी बनाया जाएगा। डीसीपी के अनुसार आरोपियों ने 22 मई की रात फतेहपुर के बिंदकी क्षेत्र में निर्माणाधीन गेस्ट हाउस से सरिया और दो मोबाइल भी लूटे थे। आरोपियों के पास से सरिया बेच कर रखे 32 हजार रुपये व दो मोबाइल बरामद हुए हैं। महताब हुसैन पर विजय प्रकाश पर तीन-तीन मुकदमे दर्ज हैं।

सांसद रमेश अवस्थी ने कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। अमृत विचार

कार्यकर्ताओं की वजह से जीता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● दून इंटरनेशनल स्कूल में मतदाता सम्मान समारोह

अमृत विचार। दून इंटरनेशनल स्कूल रतनलाल नगर में रविवार को मतदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष दीपू पांडे की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी ने प्रत्येक मंडल से 5 वरिष्ठ जन एवं प्रबुद्ध जनों का सम्मान पटका व माला पहनाकर किया। सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि चुनाव में विपक्षी पार्टियों द्वारा गलत नेरिटेव फैलाया गया है। आम जनता को झूठ बोलकर फंसाया गया लेकिन आपके वोट की बदौलत मैं कानपुर का सांसद बना। अब मैं सदन में कानपुर के विकास की बात रख सकता हूं। भाजपा के देव तुल्य कार्यकर्ताओं ने इतनी कड़ी धूप होने के बावजूद भी अपना एक-एक मिनट मेरे लिए दिया है मैं सदैव उनका ऋणी रहूंगा। मेरा प्रथम ध्येय आम जनमानस की सेवा करना है और कानपुर का विकास कराना है। जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने मंडल अध्यक्ष एवं अपने बूथ पर सर्वाधिक वोट दिलाने वाले बूथ अध्यक्षों का भी सम्मान किया। इस दौरान विधायक सुरेंद्र मैथानी, विजया तिवारी, पूनम कपूर, जितेंद्र विश्वकर्मा, संतोष शुक्ला, अवधेश सोनकर, आनन्द मिश्रा, अनुपम मिश्रा, मंडल अध्यक्ष सुमित पावा, प्रशांत पाल, वात्सेय त्रिपाठी, दीपक शुक्ला आदि रहे।

स्वागत बहुत हो गया है अब काम बताइए: भोले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● सांसद ने जनता दरबार में आए कार्यकर्ताओं को स्वागत करने से किया मना

अमृत विचार। अकबरपुर लोकसभा सांसद देवेंद्र सिंह भोले के कार्यालय पर रविवार को पहुंचे कुछ कार्यकर्ताओं ने जब उनका स्वागत करना चाहा तो भोले ने कहा स्वागत नहीं काम बताइए। स्वागत बहुत हो चुका। अब काम की बारी है। जनता दरबार में सांसद ने लोकसभा क्षेत्र ही नहीं लोकसभा क्षेत्र के बाहर से भी आए लोगों के कार्यों का निष्पादन पत्र लिखकर व संबंधित अधिकारियों को फोन कर हल कराया।

सांसद भोले के मीडिया प्रभारी अशोक सिंह दद्दा ने बताया कि सांसद का मानना है कि भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं भाजपा के विचारधारा वाले लोगों ने अपने अथक परिश्रम कर उन्हें जिताया है। उसका मैं आभारी हूं। अब मेरी जिम्मेदारी है जिन लोगों ने मुझे सांसद बनाकर जो अधिकार मुझे प्रदान किए हैं उन अधिकारों का उपयोग जनहित में अपने कार्यकर्ताओं व लोगों के लिए करूं।

लोगों की समस्याएं सुनते सांसद देवेंद्र सिंह भोले। अमृत विचार

सूरज चमका और बढ़ा तापमान, उमस भी बनी मुसीबत

कानपुर। रविवार को सूरज के चमकते ही पारा ऊपर चढ़ गया। धूप निकलने से जहां गर्मी ने अपना रंग दिखाया वहीं हवा न चलने पर उमस भी मुसीबत बनी है। मौसम विभाग बारिश की संभावना जता रहा है।

बीती रात में बारिश के बाद मौसम खुल गया। शनिवार को अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस था वह 1.6 डिग्री ऊपर चढ़कर रविवार को 31.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम विशेषज्ञ डा. सीबी सिंह ने बताया कि आर्द्रता अधिकतम 93 है, इसलिए हवा नहीं चलने की सूरत में उमस परेशान कर रही है। आगामी पांच दिनों में बारिश की संभावना है। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंचकर 23.6 डिग्री रिकार्ड किया गया है। रविवार को 28.5 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई है। जुलाई में अब तक 115 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। इस माह करीब 300 मिलीमीटर बारिश की संभावना है। अच्छी बारिश के आसार है। जिससे खेती को खूब को खूब फायदा होगा।

सीआरपीएफ के जवान को लूटने वाला दबोचा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● फरवरी 2024 में ट्रेन में खुद को बताया था आर्मी जवान, होटल में की थी वारदात

अमृत विचार। हरबंश मोहाल थानाक्षेत्र में सीआरपीएफ जवान को झांसे में लेकर लाखों का चूना लगाने वाले अंतर्राज्जीय इनामी बदमाश को पुलिस ने पांच महीने बाद गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से पुलिस ने माल की बरामदगी भी की है। पुलिस के अनुसार शातिर पर अलग-अलग जिलों में एफआईआर दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

सुनील दुबे उर्फ लल्लू।

फतेहाबाद थाना पारू जिला मुजफ्फरपुर बिहार निवासी दिल्ली में तैनात सीआरपीएफ जवान ने हरबंश मोहाल थाने में दर्ज एफआईआर में बताया था कि 10 फरवरी को नई दिल्ली से मुजफ्फरपुर के लिए बिहार संपर्क क्रांति ट्रेन के जनरल डिब्बे में सफर कर थे। रास्ते मे एक व्यक्ति मिला जो अपने को आर्मी का जवान बताया था। उसने कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर कहा कि ट्रेन मंर काफी भीड़ है और उन लोगों को दूर तक जाना है। यहीं उतरकर दूसरी ट्रेन से चलते हैं तब तक दो-तीन घंटे किसी होटल में रुककर फ्रेश हो लेते हैं। इस पर वह दोनों सुतरखाना के सनराइज होटल में रुक गए। उसने एटीएम बूथ पर उनका एटीएम कार्ड धोखे से बदल लिया और फोन से दोनों सिम निकालकर फोन भी तोड़ दिया। इसके बाद वह व्यक्ति अचानक गायब हो गया। इसके बाद उसके एसबीआई खाते से दो लाख पचास हजार रुपये निकाल लिए गए थे। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार ने बताया कि आरोपी पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। रविवार को आरोपी सुनील दुबे उर्फ लल्लू निवासी भरपुरा थाना पड़री जिला मिर्जापुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके ऊपर हरबंश मोहाल में तीन, जीआरपी, प्रयागराज और मिर्जापुर में एक-एक मुकदमे दर्ज हैं।

हेल्थ अलर्ट फेफड़ों में हुए संक्रमण के कारण हो जाती है स्पाइन में टीबी

लंबे समय तक कमर दर्द हो तो स्पाइन टीबी हो सकता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गर्दन व कमर दर्द को अक्सर लोग सामान्य दर्द समझकर नजरअंदाज करते रहते हैं, लेकिन ऐसा करना सेहत पर भारी पड़ सकता है। खासकर कमर दर्द अगर लंबे समय तक बना रहता है तो यह स्पाइन टीबी का लक्षण हो सकता है, जिसकी गिरफ्त में वृद्ध वर्ग के साथ ही 20 से 40 वर्ष के युवा भी आ रहे हैं। इसे नजरअंदाज करने पर मरीज लकवा ग्रस्त भी हो सकता है।

हैलट के आर्थो विभाग के वरिष्ठ आर्थो सर्जन डॉ.रोहित नाथ ने बताया कि ओपीडी में करीब तीन से चार सौ मरीज आते हैं, जिनमे से पांच नए मरीज टीबी के लक्षण युक्त मिल रहे हैं। जो लंबे समय से कमर, पीठ व गर्दन में दर्द और चलने और काम में सांस फूलने जैसे समेत लक्षण बताते हैं। स्पाइन टीबी लोगों में आसानी से होती है। टीबी का संक्रमण सबसे पहले फेफड़े को प्रभावित करता है, उसके बाद फेफड़े से इंफेक्शन स्पाइन की ओर बढ़ता है। ऐसा इसलिए क्योंकि फेफड़े के ठीक पीछे स्पाइन होती है, जिसकी वजह से उनमे संक्रमण आसानी से पहुंच जाते हैं। धीरे-धीरे संक्रमण स्पाइन पर हावी होने लगते हैं, जिसके कारण मरीज को कमर, पीठ व गर्दन में दर्द की समस्या होने लगती है। इसलिए कमर, पीठ व गर्दन में लंबे समय तक बने रहने वाले गर्दन को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और न ही बिना किसी डॉक्टर की सलाह से अपने मन से कोई दवा का सेवन करना चाहिए। कुछ मामलों में लकवा भी पड़ सकता है।

टीबी की दवा नियमित खाना जरूरी

डॉ .रोहित नाथ ने बताया कि टीबी के मरीज को चार से पांच दवाएं दी जाती हैं। किसी कारण मरीज नियमित तौर पर दवा का सेवन नहीं कर पाते है तो उनमे टीबी की बीमारी गंभीर होती है, तब मरीजों में दवा असर करना कम कर देती है। इसके अलावा टीबी स्पाइन, बोन व ज्वाइंट में होती है तो फिर टीबी के मरीजों को दी जाने वाली दवाओं का असर भी कम होता है।

टीबी के शुरुआती लक्षण

- भूख न लगना,
- लंबे समय तक खांसी
- वजन का काम होना।
- कमर, गर्दन व पीठ में दर्द बने रहना
- शरीर के जोड़ों में हड्डियों में दर्द होना

ज्वाइंट टीबी व बोन में ट्रिगर कर रही टीबी

बदलती जीवनशैली, गलत खानपान, प्रदुषण, आरामदायक जीवन की चाह में सबसे अधिक नुकसान मानव शरीर को हो रहा है। इसके कारण लोग कई प्रकार की बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं, जिनमे ज्वाइंट टीबी और बोन टीबी भी शामिल हैं। विशेषज्ञ डॉक्टरों के मुताबिक यह बीमारी पहले अधिक उम्र के लोगों में देखने को मिलती थी, लेकिन इसकी गिरफ्त में अब 20 से 40 वर्ष के युवा भी आ रहे हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

NOTICE

I have changed my name to Sukhvinder Pal Singh in place of Sukhvindar Pal Singh. From now on, let me be known by this name. Sukhvinder Pal Singh S/O Mahendra Singh, village Distapur, Rehariya, Kheri, U.P. (262804).

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपनी पुत्री अंशिका मिश्रा का नाम बदल कर अंशिका अनुपम मिश्रा कर दिया है। भविष्य मे इसे अब अंशिका अनुपम मिश्रा के नाम से जाना पहचाना जाये ।– **अनुपम मिश्रा निवासी जी–602 ,शालीमार गैलेन्ट , महानगर , लखनऊ**

NOTICE

I, Mr. Akhilesh Tiwari s/o Umapati Tiwari, 221, Malpura Post, Baliya Jagdishpur, Ambedkar Nagar, Uttar Pradesh, 224190 declare that my son's (OJASVI TIWARI Class V A, Admn No : 6190, St. Peter's School, Akbarpur) name is wrongly mentioned in his educational records as OJASVI TIWARI and have changed his name as AYANSH TIWARI as per the Affidavit stamp serial No: 90AE 356952 dated 04.07.2024. APPLICANT- **Mr. Mr. Akhilesh Tiwari s/o Umapati Tiwari, 221, Malpura Post, Baliya Jagdishpur, Ambedkar Nagar, Uttar Pradesh, 224190**

बारिश से गिरा मकान, मलबे में दब कर युवक की मौत

ईंट गारे से बने मकान में लेटा हुआ था, तभी भरभरा कर गिरा मकान, बारिश के चलते लोग हुए परेशान

संवाददाता क़ायमगंज फर्रुखाबाद

अमृत विचार। पड़ोसी जिला एटा में भारी बारिश के चलते कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया। मकान में सो रहा युवक मलबे में दब कर घायल हो गया। गम्भीर अवस्था में उसे कायमगंज के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई।

अवधेश।

थाना अलीगंज के गांव नगला मोहन निवासी अवधेश(36) पुत्र रामनाथ राजपूत अपने कच्चे मकान में सो रहा था तभी भारी बारिश के चलते मकान भरभरा कर गिर गया। अवधेश मलबे में दब जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आनन फानन में सरकारी अस्पताल कायमगंज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी । उसके बड़े भाई जयवीर ने बताया कि उसका मकान पुरानी , ईंटें व मिट्टी के गारे से बना हुआ था । उसका छोटा भाई अवधेश अंदर लेटा हुआ था । तभी बरसात की वजह से मकान भरभराकर गिर पड़ा ।

मकान गिरने की आवाज सुनकर जब वह अपने मकान के पास पहुचे तो देखा कि उसका छोटा भाई मकान के मलबे में दबा हुआ है । आनन फानन में उसे मलबे से निकाला। मलबे में दबकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में उसे सरकारी अस्पताल ई रिक्सा के से लेकर भर्ती कराया गया ।जहां इलाज के दौरान अवधेश की मौत हो गयी।

बारिश से उसमानगंज के स्कूल की टपकने लगी छत, छात्र संख्या घटी

फर्रुखाबाद। कमालगंजब्लाक क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय उसमानगंज के तीनों कमरों की छत टपक रही। कमरों में बरसात का पानी टपकने से छात्रों की उपस्थिति भी कम हो गई है। उसमानगंज में उच्च प्राथमिक विद्यालय भवन का निर्माण करीब 25 साल पहले हुआ था। इस बार मानसून आने के साथ बरसे पानी से सभी कमरों की छतों से पानी चूने लगा। ऐसे में बच्चों के स्कूल आने संख्या कम हो गुई है। ग्राम प्रधान बेबी देवी,प्रधानाध्यापक पुष्पा सिंह ,शिक्षिका बंदना कटियार,कंचन यादव,शिवांगी कसौधन,अल्का गुप्ता,अखलेश कुमार आदि ने पत्र भेजकर अधिकारियों को भी जानकारी दी है। ग्राम प्रधान के पति आकाश बाबू ने स्वीकार किया कि छत से पानी टपक रहा है। अधिकारी छत की मरम्मत कराने का आदेश देंगे तो तत्काल काम शुरू कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि पढ़ाई का नुकसान न हो,इसलिए फिलहाल प्राथमिक विद्यालय के भवन में ही उच्च प्राथमिक के बच्चों की पढ़ाई कराई जा रही है।

भारी बारिश से जन जीवन अस्त- व्यस्त

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- रोज कमाकर खाने वाले मजदूरों के चूल्हे ठंडे
- खेतों में सड़ने लगी मक्का मूंगफली की फसल

अमृत विचार। जिले में पिछले 4 दिन से हो रही मूसलाधार बारिश से रोज कमा कर खाने वालों के चूल्हे ठंडे हो गए है। वहीं किसानों की खेतों मे तैयार मूंगफली और मक्का की फसल अंकुरित होकर सड़ने लगी है ।जिससे अन्नदाता के सामने फिर रोटी का संकट पैदा हो गया है।

इसके बाद भी बारिश बंद होने का नाम नहीं ले रही है ।जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है ।दैनिक मजदूरी करके खाने वाले ओमप्रकाश बताते हैं कि वह 3 दिन से आवास विकास के तिराहे पर मजदूरी करने के लिए खड़े होते हैं ।लेकिन 3 दिन से उन्हें कोई काम नहीं मिला है ।जिससे उनके घर फांके की नौबत आ गई है। 3 दिन से दुकानदारों के पैसे ना देने पर अब उन्होंने उधार देना भी बंद कर दिया है । यही हाल दैनिक मजदूरी करके खाने वाले राम सनेही ,राजपाल, विष्णु दयाल ,गुलजार सहित सैकड़ो मजदूरों का है ।जिनका कहना है कि बारिश की वजह से उन्हें काम नहीं मिल रहा है ,और काम न मिलने से उन्हें अपनी जीविका चलाना मुश्किल हो रहा है ।इससे बुरा हाल उन किसानों का है। जिन्होंने आलू की फसल खोद कर उन्ही खेतो में मक्का व मूंगफली की फसल तैयार की थी। किसानों को उम्मीद थी कि इस बार उन्हें आलू के साथसाथ मक्का और मूंगफली की फसल में भी खासा लाभ होगा।

जलमग्न हुई मूंगफली की फसल। अमृत विचार

एप के माध्यम से होगी माध्यमिक विद्यालयों की निगरानी

फर्रुखाबाद। यूपी बोर्ड के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों का पूरा डाटा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के लिए शासन एप्लीकेशन एप विकसित करेगा। समाज कल्याण विभाग को जियो टैगिंग समेत खूबियों से लैस इस ऐप को विकसित करने की शासन ने जिम्मेदारी सौंपी है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक एप्लीकेशन एप को विकसित करने की जिम्मेदारी इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन लिमिटेड को सौपी गई है। एप विकसित होने से पूर्व विस्तृत कार्रवाई योजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी ।एप विकसित करने के लिए निविदा (टेंडर) के जरिए आवेदन मांगे गए हैं। एप विकसित हो जाने पर यूपी बोर्ड के सभी सहायता प्राप्त (अनुदानित) विद्यालयों की सारी जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध हो जाएगी। ऐप पर पहली श्रेणी में विद्यालयों के पंजीकरण दूसरी श्रेणी में स्टाप (शिक्षक व कर्मचारी) और तीसरी श्रेणी में विद्यालय इंफ्रास्ट्रक्चर का पंजीकरण का मॉडल विकसित किया जाएगा। एप विकसित हो जाने के पश्चात इसका इस्तेमाल विद्यालयों की ट्रैकिंग निगरानी करने में हो सकेगी। इसके अलावा विद्यालयों के प्रबंधक कार्यों में भी एप का इस्तेमाल होगा।

लोहिया अस्पताल में भर्ती घायल दंपति। अमृत विचार

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

संवाददाता फर्रुखाबाद जिला

अमृत विचार। पड़ोसी जिला हरदोई थाना हरपालपुर क्षेत्र के गांव भौलनपुर निवासी 26 वर्षीय भीम पुत्र रमेश अपनी पत्नी प्रियंका के साथ फर्रुखाबाद आ रहा था। तभी थाना राजेपुर क्षेत्र में इटावा-बरेली हाईवे पर निविया चौराहा के पास अज्ञात वाहन ने युवक भीम की बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार पति-पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस से डॉ राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर कृष्ण कुमार ने बताया 26 वर्षीय युवक भीम और 22 वर्षीय उसकी पत्नी प्रियंका को घायल अवस्था में लाया गया है। दोनों के सिर में गंभीर चोट है। भर्ती कर डॉक्टर की देख रेख में हैं।

मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में पहुंचे 115 मरीज

अमृतपुर फर्रुखाबाद। अमृतपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया जिसमे डॉक्टर गौरव वर्मा ने 115 मरीज देखे। उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की। जिन मरीजों की जांच कराई उनमें से 5 मरीजों को मलेरिया एवं 12 मरीजों को डायबिटीज 5 मरीजों को टाइफाइड और दो मरीज टीवी से संक्रमित पाए गए। इन मरीजों जांच रिपोर्ट के आधार पर दवाइयां दी गई। डॉ गौरव वर्मा ने बताया इस समय खाज, खुजली, बुखार के मरीजों की संख्या ज्यादा है।

डूडा के अधिकारियों ने 797 लाभार्थियों को चेताया

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- कहा जल्द आवास पूरे न हुए तो होगी कार्रवाई

अमृत विचार। जिले में वर्ष 2015 में पीएम आवास योजना शहरी शुरू हुई थी। इसके तहत अब तक 11,775 लाभार्थियों का चयन कर उनके खातों में प्रथम व द्वितीय किस्त भेज दी गई। शासन स्तर पर हुई समीक्षा में पाया गया कि जनपद में अभी भी 797 आवास अपूर्ण हैं। 10978 ने आवास पूर्ण करा लिए हैं, जिन्हें तीसरी किस्त आवंटित कर दी गई है। आवास पूर्ण कराने को लेकर डूडा के अधिकारी कई बार लाभार्थियों से संपर्क कर उन्हें दिशा-निर्देश भी दे चुके हैं, लेकिन वह ध्यान ही नहीं दे रहे। डूडा ने सख्ती दिखाते हुए लाभार्थियों को चेतावनी दी है कि जल्द आवास पूर्ण न कराए नहीतो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पीएम आवास योजना के सिटी लेवल टेक्निकल कमेटी (सीएलटीसी) नितिन सिंह ने बताया कि 10978 आवास पूर्ण हैं, जबकि 797 लाभार्थी आवास पूर्ण नहीं करवा रहे हैं। इसी के चलते इनकी तीसरी किस्त भी लटकी है। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को जल्द से जल्द आवास पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। जो लाभार्थी आवास पूर्ण करा लेगा, उसे तीसरी किस्त पखवारा भर के अंदर मिलेगी।

आवास पूर्ण होने का यह है मानक

पीएम आवास योजना शहरी के तहत लाभार्थी को दो कमरे, रसोईघर, बाथरूम व शौचालय बनवाना अनिवार्य है। इसके साथ ही आवास के मुख्यगेट पर प्लास्टर व पीएम आवास योजना का पत्थर लगाने पर आवास पूर्ण माना जाता है। इसके बाद लाभार्थी को तीसरी किस्त आवंटित की जाती है।

मोहम्मदाबाद, कम्पिल में 11 साल पहले बनाये गए गरीबों के लिए आशियाने आज तक नहीं हुए आबाद

फर्रुखाबाद। नगर पंचायत मोहम्मदाबाद और नगर पंचायत कंपिल में गरीबों के लिए बनाई गईं कांशीराम कॉलोनियां 11 साल बाद भी आबाद नहीं हो सकी हैं। वर्ष 2009-10 में बसपा सरकार में नगर पंचायत कंपिल कार्यालय से करीब एक किलोमीटर दूर निजामुद्दीनपुर गांव में कांशीराम आवासीय शहरी योजना के तहत तीन मंजिल कॉलोनी बनाई गई थी। 29 ब्लॉकों में 232 आवास बनाने का कार्य शुरू हुआ था। मोहम्मदाबाद नगर पंचायत में 190 आवासों का निर्माण शुरू कराया गया था। जिला नगरीय विकास अभिकरण कार्यालय (डूडा) ने कार्यदायी संस्था आवास विकास परिषद को ठेका दिया था। वर्ष 2013 में करोड़ों रुपये की लागत से दोनों कॉलोनियां बनकर तैयार हो गई थीं। कॉलोनी में पेयजल व्यवस्था के लिए हैंडपंप आदि भी लगवाए गए थे। आवासों को पूर्ण कर पात्र गरीबों को सौंपना था। मगर आज तक दोनों कॉलोनियों में एक भी आवास आवंटित नहीं किए जा सके हैं।

आवंटन के लिए आज तक नहीं लगाया गया कैंप

कांशीराम कॉलोनी के आवंटन के लिए डूडा कार्यालय से नगर पंचायत कंपिल और नगर पंचायत मोहम्मदाबाद अधिशासी अधिकारियों को कई बार पत्र भेजे गए, लेकिन आज तक कैंप नहीं लगाया गया।

> आवेदन के लिए कई बार कैंप लगाए गए, लेकिन किसी ने आवेदन नहीं किया। मुझे तो डूडा का चार्ज लिए अभी तीन माह ही हुआ है। मैं प्रयास भी कर रहा हूं कि दोनों कॉलोनियों का आवंटन हो जाए। मगर कोई आवेदन करने को ही तैयार नहीं है। जन सुनवाई में भी मैं कहता हूं, लेकिन कोई मोहम्मदाबाद व कंपिल की कॉलोनी में जाना ही नहीं चाहता।
> –अतुल कुमार सिंह, प्रभारी पीओ डूडा

नींव में मिला लापता युवक का शव

फर्रुखाबाद कायमगंज। कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव कला खेल बारादरी के पास ईंट भट्टे के पास खोदी गई निहास में लोगों ने युवक का शव पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी।

मृतक की शिनाख्त गांव कटरा रहमत खां निवासी 26 वर्षीय सुरेश के रूप में की । सूचना पर मृतक के परिजन तथा कोतवाली पुलिस भी पहुंच गई । मृतक के मझले भाई राजीव ने बताया कि यह शव उसके भाई सुरेश का है । भाई के अनुसार उसे मिर्गी के दौर भी पड़ते थे । वह तीन दिन पूर्व घर से निकल गया था तब से लौट कर वापस नहीं आया । मौके पर जमा भीड़ में से कुछ लोग आशंका व्यक्त करते हुए कह रहे थे कि सुरेश घूमता हुआ यहां पहुंचा होगा और उसी समय उसे मिर्गी का दौरा आने के कारण वह अचेत होकर निहास में भरे पानी के गड्ढे में गिरा । जिससे उसकी मौत हो गई ।

आलू के भाव में और इजाफे की उम्मीद

संवाद दाता फर्रुखाबाद

- शीतगृह में भंडारित आलू की निकासी नहीं कर रहा किसान
- फुटकर में 30 रुपये प्रति किलो बिक रहा आलू

अमृत विचार। किसानों का आलू कोल्ड स्टोरेज में भंडारित है। वहीं दूसरी तरफ बरसात के चलते किसान अपनी फसल को खेतों में बचाने के प्रयास में भी लगा है। जिससे वह आलू की निकासी नहीं कर पा रहा है। नतीजतन आलू फुटकर में 30 रुपये किलो पंहुच गया है। इस बार आलू के भाव में बढ़ोत्तरी से किसानों के चेहरों पर खुशी नजर आ रही है। बीते कुछ दिनों में ही आलू के भाव में लगभग 200 रुपये का इजाफा हुआ है। लिहाजा वर्तमान में यदि बात करें तो पुखराज आलू लगभग 2200 प्रति कुंतल, चिप्सोंना 2600 से 2700 प्रति कुंतल, 3797 लगभग 2500 प्रति कुंतल में बिक्री हो रही है।

आलू आढ़ती अजय गंगवार सन्नू भैया ने बताया कि किसान आलू केअधिक और ऊपर जाने का इंतजार कर रहा है। इसके साथ ही किसान बरसात के चलते अपनी मक्का व मूंगफली की फसल को बचाने के प्रयास में भी लगा है। जिससे वह शीत गृहों से आलू निकाल नही पा रहा है। आलू विकास एवं शाकभाजी अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि आगामी नवंबर तक आलू कोल्ड स्टोरेज से बाहर करने का समय है। किसानो को आलू निकालने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है।

शीत गृह में लगा आलू। अमृत विचार

गांव के बाहर मिला विक्षिप्त महिला का शव

संवाददाता अमृतपुर फर्रुखाबाद

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के ग्राम रम्पुरा के पास ग्राम समाज की भूमि पर एक 50 वर्षीय विक्षिप्त महिला मृत अवस्था में पाई गई। जानकारी के अनुसार सुनीता पत्नी महेश चंद्र इसी गांव की निवासी थी। काफी समय से वह मानसिक रूप से कमजोर थी। आज सुबह 8 बजे वह घर से कहीं निकल गई। परिजनों ने खोजा तो कहीं पता नहीं लगा। शाम 5 बजे लोगों ने उसे गांव के बाहर खेत में पड़ा देखा। जिसकी जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। देवर मदनपाल ने थाना पुलिस को सूचना दी। कार्यवाहक थाना अध्यक्ष रमाशंकर पांचाल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। खेत मे महिला का शव पड़े होने की सूचना पर मौके पर भीड़ लग गई।

जांच पड़ताल क़रती पुलिस। अमृत विचार

ग्राहक से मारपीट में दुकानदार समेत तीन लोगों पर दर्ज हुई एफआईआर

फर्रुखाबाद। कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र में मोबाइल रिपेयरिंग दुकान पर फोन डालने गए युवक के साथ मारपीट कर दी गई। आरोप है की दुकनादार ने साथियों के साथ युवक को जमकर पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोरी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला जाफरी निवासी अनुज ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि पांच जुलाई शाम तीन बजे अपना खराब हुआ फोन लेकर वह समीर की दुकान पर गया। फोन सही करने के बजाय समीर उसे गाली देने लगा। समीर ने अपने साथ गुल्लू और शोहराफ के साथ मिलकर उसे लात घूसों से जमकर पीटा और जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाल फतेहगढ़ हरिश्याम सिंह ने बताया कि घायल का मेडिकल परीक्षण कराया जा चुका है।

सार-संक्षेप

अतुल कुमार बने अमृतपुर के नए एसडीएम

अमृतपुर फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी वीके सिंह ने अमृतपुर एसडीएम रविन्द्र सिंह को कायमगंज के लिए स्थानांतरित कर दिया है। उनके स्थान पर अतुल कुमार सिंह को अमृतपुर एसडीएम के पद पर तैनाती दी है। अतुल कुमार सिंह 2022 बैच के पीसीएस अधिकारी हैं। अतुल कुमार सिंह ने आज अमृतपुर तहसील पहुंचकर चार्ज ग्रहण कर लिया है। नवागंतुक एसडीएम ने चार्ज लेने के बाद बताया ला एंड ऑर्डर को मेंटेन करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। जनता को हर स्तर पर न्याय दिलाया जाएगा।

एसडीएम अतुल कुमार।

7.45 से आठ बजे तक ऑनलाइन हाजिरी लगाएं शिक्षक

फर्रुखाबाद। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में तैनात सभी शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी सुबह 7 .45 से आठ बजे तक ऑनलाइन हाजिरी लगाएं। अग्रिम आदेश तक शिक्षकों को वाजिब कारण बताने के साथ ही ऑनलाइन हाजिरी के लिए आधा घंटा अतिरिक्त समय दिया जा रहा है। यानी 8 .30 बजे तक ऑनलाइन हाजिरी लगा सकते हैं। शिक्षकों को जनपद व विकास खंड कार्यालयों से अपेक्षित मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया जाए। बीएसए गौतम प्रसाद ने बताया कि सभी खंड शिक्षाधिकारियों को महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देशों से अवगत करा दिया गया है।

पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ने जताया विरोध

फर्रुखाबाद। परिषदीय विद्यालयों में ऑनलाइन हाजिरी किए जाने के चलते उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ आठ से 14 जुलाई तक काली पट्टी बांधकर विरोध जताएगा। जिलाध्यक्ष अभिलेश मिश्र ने कहा कि उनका संगठन ऑनलाइन हाजिरी का काली पट्टी बांधकर विरोध करेगा। डिजिटल उपस्थिति का संपूर्ण बहिष्कार किया जाएगा। जिला महामंत्री डॉ. वीरेंद्र त्रिवेदी ने कहा कि 15 जुलाई को इस संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया।

एक्सीडेंट में सैनिक की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

फर्रुखाबाद। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र निवासी स्कूटी सवार सैनिक को फर्रुखाबाद फतेहगढ़ मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक सैनिक के भाई ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के न्यू इंदिरा कालोनी निवासी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा गया कि तीन जुलाई को उनके भाई सैनिक उपेंद्र सिंह शाम सात बजे स्कूटी से रेलवे रिजर्वेशन कराने हेतु भोलेपुर से फतेहगढ़ जा रहे थे। कोऑपरेटिव बैंक के नजदीक फतेहगढ़ चौराहे की तरफ से आ रहे अज्ञात चार पहिया वाहन के चालक ने लापरवाही से तेजी से चलते हुए स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे उपेंद्र घायल हो गए थे, उपचार के दौरान अस्पताल में उनकी मौत हो गई।

बिजली मैकेनिक की करंट लगने से मौत

फर्रुखाबाद। थाना मऊ दरवाजा क्षेत्र में बिजली मैकेनिक की मोहल्ले के ही एक व्यक्ति के यहां काम करते समय बिजली का करंट से मौत हो गई ।थाना मऊ दरवाजा क्षेत्र के मोहल्ला बजरिया निवासी नन्हे कठेरिया (30) पुत्र रामसनेही बिजली मैकेनिक है ।घर पर पंखा भरने से छोटे पूरे बिजली उपकरणों को सही करने का काम करते थे। रविवार को मोहल्ले के राम आसरे के घर बिजली का काम कर रहे थे। देर शाम बिजली का तार जोड़ते समय करंट लग गया। राम आसरे ने नन्हें के परिजनों को सूचना दी। आनन फानन में जिला अस्पताल लोहिया लेकर आए। ईएमओ डॉ वैभव यादव ने मृत घोषित कर दिया।

भक्ति भावना

श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान भक्तों की रही भारी भीड़

जगन्नाथ प्रभु ने दिए दर्शन, रथ खींचने की रही होड़

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। प्रभु जगन्नाथ स्वामी की भक्तों ने पहण्डि विजय यात्रा श्री राधा माधव मंदिर से निकाली गई। भारतीय संस्कृति की वेशभूषा में नंगे पैरों प्रभु के विग्रह पवित्रता के साथ उनके भक्तगण श्री राधा शक्ति श्याम मंदिर भक्ति भावना के साथ ले कर पहुंचे। वहां उनका पूजन अर्चन वंदन संकीर्तन एवं आरती प्रसाद के साथ रथ में विराजमान किया गया। सबसे आगे बलराम का रथ , जिसे तालध्वज कहा जाता है. सबसे पीछे जगन्नाथ का रथ , जिसे नंदीघोष कहा जाता है. वहीं बीच में बहन सुभद्रा का रथ चल रहा था. इसे दर्पदलन कहा जाता है। इन रथों पर प्रभु को विराजमान कर यात्रा का उद्घाटन किया गया।

श्री राधा शक्ति श्याम मंदिर लोहई रोड से नगर के मुख्य मार्गों पर भक्ति धर्म ध्वजा आध्यात्मिक चिन्ह के साथ गाते बजाते नाचते हुए नगर के मुख्य द्वार ,श्री मदन मोहन द्वार , महाप्रभु चैतन्य द्वार ,बल भद्र द्वार, सुभद्रा द्वार जगन्नाथ स्वामी द्वार, नील माधव द्वार, सुदर्शन चक्र द्वार, सिद्ध बाकुल द्वार, टोटा गोपीनाथ द्वार के माध्यम से आध्यात्मिक रहस्यओं को उजागर करते हुए मानव शरीर में नौ द्वारों के अनुसार शरीर आत्मा परमात्मा की भक्ति का वर्णन किया। चिन्मय गोस्वामी ने कहा जो लोग इस शुभ मुहूर्त में रथ यात्रा का दर्शन पूजन अर्चन बंदन करते हैं ।आरती प्रसाद ग्रहण करते हैं। उनका जीवन सुख शांति समृद्धि के साथ मंगलमय हो जाता है। ऐसा शुभ आशीर्वाद दिया।

नगर में यह यात्रा मुख्य मार्ग लोहई रोड ,चौक, नेहरू रोड, घूमना बाजार, नेहरू रोड पहुंची। जहां संजय गर्ग ने यात्रा का स्वागत किया। भक्तों ने जगह-जगह आरती उतरी। भगवान की रथ को खींचने के लिए लोग आतुर दिखाई दिए ।वहीं कुछ भक्त सड़क को साफ करते हुए चल रहे थे। महिला पुरुष सभी लोग भक्ति भाव से भगवान के रथ को खींच रहे थे ।इस अवसर पर डॉक्टर मनोज मल्होत्रा ,सुरेंद्र सफ्फड, अशोक वर्मा, गोपाल टंडन, श्याम अंजुम दुबे , विनोद अग्निहोत्री, अशोक मिश्रा ,सुनील ,अभिषेक, अग्रवाल राहुल ,कनौजिया, कौस्तुभ अग्रवाल, हिमांशु वर्मा ,गौरव सचिन, सौरभ ,पवन ,नीरज रस्तोगी, हर्षित सिगतिया, महिला मंडल में मीनू निशा रस्तोगी, ममता वर्मा, सुषमा मिश्रा, बबिता अग्रवाल , संकीर्तन के साथ आचार्य किशोरी दास अपने परिकरों के साथ मुकुंद सूर्यांश राम प्रकाश प्रदीप भक्ति रस की वर्षा कर रहे थे। रथ यात्रा भक्तों के साथ नितगंजा रेलवे रोड होते हुए राधा माधव मंदिर पहुंची वहां प्रभु जगन्नाथ स्वामी बहन सुभद्रा बालभद्र भैया की महा आरती एवं जगन्नाथ स्वामी का महा प्रसाद वितरण किया गया।

प्रभु जगन्नाथ का रथ। अमृत विचार

प्रभु जगन्नाथ रथ यात्रा में चल रही महिलायें। अमृत विचार

जगन्नाथ का भात जगत पसारे हाथ

श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल द्वारा हरि नाम संकीर्तन दे रात तक चला शयन आरती के साथ महोत्सव का समापन हुआ।

चौराहे के पास अचेत पड़ा मिला पीतल कारीगर

फर्रुखाबाद। थाना कादरी गेट क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में अचेत हालत में एक पीतल कारीगर चौराहे के पास पड़ा हुआ था। जब मामले की जानकारी पुलिस को हुई तो परिजनों को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने निजी वाहन से जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया।

थाना मऊ दरवाजा क्षेत्र के ग्राम भिडौर निवासी रामू चौहान शहर के मोहल्ला श्याम नगर में पिछले 6 महीने से किराए के मकान में रहते हैं। पत्नी संध्या और तीन बच्चे भी साथ रहते हैं। बस अड्डा स्थित एक पीतल कारखाने में पीतल ढलाई का काम करते हैं। रविवार दोपहर को थाना कादरी गेट के आईटीआई चौराहे के पास अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। आसपास ट्रैफिक व्यवस्था संभाल रहे पुलिसकर्मियों ने जब युवक को अचेत पड़े देखा तो उसकी तलाशी ली। कागज पत्र में मिले नंबर के आधार पर भाई राजीव को मामले की सूचना दी। परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे और लोहिया अस्पताल लाये और भर्ती कराया।

सीटेट में बैठे 15 हजार परीक्षार्थी सीसीटीवी से की गई निगरानी

मुख्य गेट पर तलाशी के बाद मिला प्रवेश, परीक्षार्थी बोले-पर्चा नहीं था कठिन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सीटेट परीक्षा रविवार को दो पालियों में कराई गई। इसके लिए 23 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। दोनो ही पालियों में लगभग 15 हजार परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। केंद्रों पर कड़ी निगरानी की व्यवस्था की गई थी। मुख्य गेट पर ही तलाशी ली गई। हालांकि परीक्षा देकर आए परीक्षार्थियों ने कहा कि प्रश्नपत्र कठिन नहीं था और तैयारी करने वालों ने प्रश्नपत्र को हल कर लिया।

पहली शिफ्ट सुबह 9:30 से 12 बजे तक एवं दूसरी शिफ्ट दोपहर 2 बजे से 4:30 तक आयोजित की गई। केंद्रों पर निर्धारित समय से पहले ही परीक्षार्थी पहुंचने लगे थे। परीक्षा केंद्रों के मुख्य गेट पर उनकी पूरी तलाशी ली गई और फिर कड़ी निगरानी के बीच परीक्षा कराई गई। सीसीटीवी कैमरे से भी नजर रखी गई।

इस्लामिया इंटर कॉलेज केंद्र से परीक्षा देकर आते परीक्षार्थी। अमृत विचार

सीबीएसई के सिटी कॉर्डिनेटर डॉ. आनंद ने बताया कि दोनो ही पालियों में लगभग 15 हजार परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। सभी 23 परीक्षा केंद्रों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक सब इंस्पेक्टर के साथ 5 सिपाही तैनात रहे। परीक्षा के लिए संत विवेकानंद सीनियर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल को नोडल केंद्र बनाया गया था। परीक्षा के आयोजन के लिए जिला प्रशासन की ओर से किए इंतजाम के लिए डा. आनंद ने जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा एवं जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार का आभार व्यक्त किया है।

सभी केंद्रों पर थी एंबुलेंस

इटावा। सीटेट के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सीएमओ डा. गीताराम की ओर से एंबुलेंस की व्यवस्था की गई थी। इस समय गर्मी और बारिश का मौसम चल रहा है ऐसे में परीक्षार्थियों का स्वास्थ्य खराब हो सकता है इसी आशंका को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने भी इंतजाम किए थे ताकि किसी की सेहत बिगड़ने पर उसे तुरंत इलाज दिया जा सके।

जागरुकता रैली निकालते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

पौधे लगाओ, दरख्त बनाओ जागरुकता रैली निकाली

संवाददाता, जसवंतनगर, इटावा
अमृत विचार। गरीब नवाज रिलीफ फाऊंडेशन व दावते इस्लामी इंडिया की जानिब से मदरसा फेजान ए अत्तार कटरा बिल्लोचियान से पर्यावरण जागरुकता रैली निकालकर ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने की अपील की गई।

ग्रीन इंडिया क्लीन इंडिया का संदेश देती हुई यह रैली छोटे चौराहा, बड़े चौराहा, फक्कड़पुरा होते हुए मदरसा मिसबाहूल उलूम कटरा बिलोचियान में खत्म हुई। इस दौरान पोधे लगाओ पेड़ बनाओ, ग्रीन इंडिया क्लीन इंडिया जैसे स्लोगन और नारों के साथ मदरसा स्टाफ के साथ घूमे। सांसद प्रतिनिधि हाजी शमीम ने बच्चों को बिस्किट और कोल्ड ड्रिंक वितरित की।

मौलाना फरहान ने पोधे रोपित किए। कारी सरताज ने बताया कि गरीब नवाज रिलीफ फाऊंडेशन व दावते इस्लामी इंडिया की और से पूरे देश मे 1 से 10 जुलाई तक पौधे लगाओ दरख्त बनाओ अभियान जोर शोर से चल रहा है। वन इंस्पेक्टर श्रीनिवास पांडेय, अकबर सर, उमेर कुरेशी, शीबू कुरेशी, हाजी नसीम सिद्दीकी, इफ्तखार फारूकी, आसिफ खान आदि शामिल रहे।

सार-संक्षेप

भूमि विवाद में भिड़े दो पक्ष, महिला सहित पांच जख्मी

जसवंतनगर। भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में संघर्ष हो गया। कुल्हाड़ी और लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर प्रहार किए जाने से दोनों पक्षों से एक महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। घटना का वीडियो वायरल किया गया। हांलांकि अमृत विचार वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। थाना प्रभारी निरीक्षक रामसहाय सिंह ने बताया कि गांव खेड़ा धौलपुर निवासी रामदीन के तीन बेटों विनोद, राघवेंद्र, रविंद्र का इसी गांव के नंदराम के साथ भूमि का विवाद चल रहा है। विनोद अपने भाइयों तथा भाई राघवेंद्र की पत्नी लक्ष्मी के साथ रविवार सुबह प्लॉट पर काम कर रहे थे। आरोप है कि तभी नंदराम अपने बेटे सुभाष व कुछ अन्य लोगों के साथ लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी लेकर आ गया। दोनों पक्षों में मारपीट हुई। जिसमें में प्रथम पक्ष से राघवेन्द्र व उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी तथा रविंद्र जबकि दूसरे पक्ष से नंदराम उसका बेटा सुभाष घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। तीन लोगों की गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की जांच की जा रही है।

हवन में मौजूद चेयरमैन डॉ. विवेक यादव एवं डॉ. विकास। अमृत विचार

मदन मेडिकेयर में विशेषज्ञ करेंगे उपचार

इटावा। शहर में बलराम सिंह चौराहा पर रविवार से मदन मेडिकेयर शुरू हो गया। यह मेडिकेयर सेंटर मदन हॉस्पिटल, कांधनी, इटावा के लिए मरीजों की भर्ती की ओपीडी और मरीजों के प्राथमिक इलाज की सेवाएं प्रदान करेगा। सर मदनलाल ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन द्वारा स्थापित मदन हॉस्पिटल अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस है। वह हास्पिटल शहर से कुछ ही दूरी पर है, फिर भी हास्पिटल संचालकों ने मरीजों की सुविधा के लिए मदन मेडिकेयर खोला है। इसका बलराम सिंह चौराहा के पास रविवार को विधिवत सुंदर कांड के संगीतमय पाठ और हवन पूजन के साथ शुभारंभ हुआ। चेयरमैन डॉ. विवेक यादव तथा मदन हॉस्पिटल के चेयरमैन व ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. विकास यादव ने बताया कि इस मेडिकेयर पर हड्डी रोग, जनरल मेडिसिन, स्त्री एवं प्रसूति रोग, प्लास्टिक सर्जरी एवं त्वचा रोग, जनरल सर्जरी, यूरोलॉजी एवं कैंसर रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक ओपीडी करेंगे। उन्होंने बताया कि इस मेडिकेयर में एक्स-रे, ईसीजी और पैथोलॉजी जांच की सुविधायें भी उपलब्ध होगी। मरीजों के परिजन मोबाइल नंबर 9761373000 और 9761374000 के जरिए अपॉइंटमेंट भी ले सकते हैं।

पौधरोपण करतीं बालिकाएं, शिक्षक व वन विभाग के कर्मचारी। अमृत विचार

कस्तूरबा विद्यालय की बालिकाओं, शिक्षकों ने रोपे पौधे

इटावा। एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत सामाजिक वानिकी प्रभाग व जिला गंगा सुरक्षा समिति द्वारा शहरी क्षेत्र में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में रविवार को पौधारोपण किया गया। शिक्षकों के साथ बालिकाओं ने भी पौधे लगाए। क्षेत्रीय वनाधिकारी बढ़पुरा अशोक कुमार ने कहा वृक्ष जीवों द्वारा छोड़ी गई कार्बन डाइ-ऑक्साइड को ऑक्सीजन में बदल देते हैं। उप वन क्षेत्रीय वनाधिकारी बढ़पुरा प्रबल प्रताप सिंह ने बताया कि पर्यावरण में बढ़ रहे प्रदूषण से आने वाले समय में अनेक परिवर्तन होने की संभावनाएं बन रही है उनसे बचने के लिए पौधरोपण ही एकमात्र उपाय है। वन दरोगा ताबिस अहमद, पर्यावरण छात्र संसद के संयोजक संजय सक्सेना, नमामि गंगे योजना के डीपीओ संजीव चौहान, बंदना दीक्षित, गुंजन दीक्षित, एकता शुक्ला, शिव प्रसाद, वन दरोगा सुनील कुमार, रविंद्र मिश्रा, अनिल चौहान व मनीष यादव मौजूद रहे।

कार की टक्कर से युवक घायल

बकेवर। थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे किनारे रेखा कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। रेखा एचपी पेट्रोल पंप से रविवार को युवक बाइक में पेट्रोल डलवा कर निकला। तभी उल्टी साइड से आ रहे आल्टो कार चालक ने सामने से बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें शिवम निवासी टाकीज मोहल्ला लखना गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में बाइक के परखच्चे उड़ गए। हाईवे मोबाइल पुलिस ने भाग रहे आल्टो कार सवार को गोमती पेट्रोल पंप के सामने पकड़ लिया। मौके पर पहुंचे बिजौली चौकी प्रभारी अमन खान एवं उप निरीक्षक अलख निरंजन युवक को अस्पताल पहुंचाया।

कोर्ट के आदेश पर चिकित्सकों पर रिपोर्ट दर्ज

इटावा। कोर्ट से आदेश कराकर थाना फ्रेंड्स कॉलोनी में कोकपुरा में रहने वाले मलखान सिंह ने निजी श्रेयांस हॉस्पिटल के डॉ. अनुराग सिंह, डॉ. अर्चना, डॉ. सुजाता सिंह, डॉ. एस यादव तथा डॉ. एसके सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कहा गया है कि 23 फरवरी 2022 को पत्नी अनीसा को ऑपरेशन कराने के लिए भर्ती कराया था। ऑपरेशन के बाद पानी ज्यादा पिलाने से पत्नी की हालत गंभीर हो गई। सैफई मेडिकल कॉलेज में 25 फरवरी को उसकी मौत हो गई। प्रशासन ने इनका हॉस्पिटल सील कर दिया था लेकिन चिकित्सकों पर कार्रवाई नहीं हुई। अब पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है।

नो पार्किंग में खड़े ट्रक का 20 हजार का चालान

इटावा। मोहर्रम तथा कांवड़ यात्रा को लेकर जिलाधिकारी अवनीश राय व एसएसपी संजय वर्मा ने शहर में अतिक्रमण कर यातायात बाधित करने वाले, काली फिल्म लगे वाहनों तथा नो पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों पर कार्रवाई के लिए पैदल मार्च किया। इस दौरान नो पार्किंग क्षेत्र में एक ट्रक खड़ा पाया गया। जिसका 20 हजार रुपये का चालान कटवा दिया गया। मार्च में एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी, एसडीएम विक्रम राघव, शहर कोतवाल विक्रम सिंह तथा थाना प्रभारी सिविल लाइन इंस्पेक्टर यशवंत सिंह आदि शामिल रहे।

जिलाधिकारी का फर्जी एकाउंट बनाने वाला गिरफ्तार

इटावा। तीन दिन पहले जिलाधिकारी अवनीश राय का फर्जी व्हाट्सएप एकाउंट बनाकर ठगी का प्रयास करने के मामले में राजस्थान अलवर से एक आरोपी को पुलिस ने मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार कर लिया। उसके जीजा की तलाश की जा रही है। दोनों लंबे समय से इस तरह की ठगी कर रहे थे। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि थाना सिविल लाइन में लेखपाल संतोष कुमार ने जिलाधिकारी की फोटो लगाकर व्हाट्सएप एकाउंट बनाकर क्षेत्र में गांव ककराही के रोहित तिवारी से ठगी करने का प्रयास करने का अभियोग शुक्रवार को दर्ज कराया। जांच किए जाने पर फोन नंबर की आईडी भोपाल मध्यप्रदेश की तथा लोकेशन अलवर राजस्थान में पाई गई। इसी आधार पर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर यशवंत सिंह के नेतृत्व में टीम ने अलवर जाकर वहां के थाना रामगढ़ क्षेत्र में गांव चौमा में रहने वाले अकरम खां के बेटे अरबाज को गिरफ्तार किया। उसके पास से वीवो मोबाइल फोन बरामद हुआ। उसने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि जीजा राहुल खां के साथ यह फर्जीवाड़ा कर रहे थे।

जानकारी देते एसएसपी संजय कुमार।

रेस्क्यू कर सफारी लाए गए तेंदुए की हालत गंभीर

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। इटावा सफारी पार्क में रेस्क्यू कर लाए गए तेंदुआ की हालत गंभीर है। उसकी कोहनी टूटी है। हालांकि वह भोजन ले रहा है। इसके इलाज के लिए बाहर से भी विशेषज्ञ डॉक्टरों को बुलाया गया है। पिछले दो महीने से वह खड़ा भी नहीं हो पा रहा है।

इटावा सफारी पार्क में अप्रैल में विशेष उपचार के लिए बागपत वन प्रभाग से घायलावस्था में रेस्क्यू कर इटावा सफारी पार्क में लाए गए तेंदुए का स्वास्थ्य परीक्षण कर इलाज कराया जा रहा है। सफारी पार्क के डॉ. रॉबिन सिंह यादव व डॉ. शैलेन्द्र सिंह उसका इलाज कर रहे हैं। तेंदुए के दाएं पैर की हड्डी अपने स्थान से डिस्लोकेट है तथा बाएं पैर की कोहनी पूरी तरह से टूट गई थी।

घायल तेंदुआ। अमृत विचार

इस संबंध में सफारी के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. विनय सिंह ने बताया कि तेंदुए को पूरी तरह से स्वस्थ करने के उद्देश्य से पं. दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय तथा गौ अनुसंधान संस्थान मथुरा के सर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ. आरपी पांडेय एवं वाइल्डलाइफ एसओएस के डॉ. इलैया राजा को तेंदुए के इलाज के लिए बुलाया जा रहा है।

फांसी पर लटका मिला विवाहिता का शव, ससुरालियों पर हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- दो साल पहले हुई थी शादी सरस्वती विहार कॉलोनी की घटना

अमृत विचार। दो साल पहले धूमधाम से शादी होने पर बेहतर भविष्य के सपने संजोने वाली विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका देखा गया तो सनसनी फैल गई। मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

आरती।

शहर में फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र में सरस्वती विहार कॉलोनी में रहने वाले पंकज की पत्नी आरती (25) का शव रविवार को सुबह फांसी के फंदे पर लटका देखा गया तो घर में चीख-पुकार मच गई। थाना प्रभारी बलराम मिश्रा और चौकी प्रभारी गंगासागर फोर्स तथा फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचे। छानबीन करके टीम से मौके से नमूने एकत्रित कराए।

मायके के लोगों ने बताया कि आरती का विवाह पंकज के साथ एक मई 2022 को हुआ था। आरती का ससुराली गांव दुगावली थाना बसरेहर में है और इसका मायका गांव जाफरपुरा थाना ऊसराहार में है। मृतका की मौसी की बेटी उषा ने बताया कि शादी के कुछ महीनों बाद ही आरती और पंकज में आए दिन झगड़ा होने लगा। शनिवार को भी किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी के चलते उसे मार डाला गया। पंकज ने बताया कि रात में एक कमरे में दोनों लोग सो रहे थे। आरती ने दूसरे कमरे में फांसी लगा ली। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

युवक ने कीटनाशक पीकर दी जान

इटावा। कोतवाली सदर के अंतर्गत शहर के मोहल्ला लालपुरा हाल तथा मूल निवास थाना बढ़पुरा क्षेत्र में गांव भड़पुरा के रहने वाले अशोक कुमार के 24 साल के बेटे जैकी जाटव ने किसी बात से क्षुब्ध होकर कीटनाशक दवा पी ली। हालत गंभीर होने पर परिजन जिला अस्पताल ले गए, वहां से सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दी।

एंबुलेंस कर्मचारी ने बचाई बुजुर्ग महिला की जान

इटावा। रविवार को एक वृद्ध महिला उर्मिला देवी पत्नी जगदीश नारायण निवासी विनीत विहार कॉलोनी इटावा को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। परिजनों ने 108 एंबुलेंस पर कॉल की। पायलट सचिन कुमार और ईएमटी अनोज कुमार ने एंबुलेंस समय से उनके घर पहुंचा दी। एंबुलेंस कर्मचारी ने उर्मिला देवी को सुरक्षित एंबुलेंस में शिफ्ट किया और फिर मरीज की जांच की। जांच में पाया कि उर्मिला देवी का ऑक्सीजन लेवल सिर्फ 54 प्रतिशत था। इस पर ईएमटी अनोज कुमार ने तुरंत अपने लखनऊ के सीनियर डॉ. सुरेंद्र से बात कर बीवीएम से ऑक्सीजन देते हुए सुरक्षित जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उर्मिला देवी का इलाज चल रहा है।

महिलाओं से आत्मनिर्भर बनने की अपील

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। कौशल विकास व्यवसायिक शिक्षा के तत्वावधान में नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एंड आर्ट्स, आलमपुर हौज इटावा में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षार्थियों को प्राइज वितरण एवं मूमेंटो वितरण कराया गया।

मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए अपने पैरों पर खड़ा होना जरूरी है। महिलाओं से कहा कि प्रशिक्षण में जो लघु उद्यागों की जानकारी हासिल की और प्रशिक्षण में जो सीखा वह जीवन में उतारें। इससे देश और समाज का विकास होगा। चेयरमैन नारायन ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशंस हरि किशोर तिवारी ने कहा कि हमारे संस्थान में कौशल विकास का प्रशिक्षण प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को बारीकियों से सिखाया जाता है। कार्यक्रम में विभिन्न प्रशिक्षुओं ने गायन एवं नृत्य द्वारा कार्यक्रम को मनाया। कार्यक्रम में 15 डिजायनरों ने प्रतिभाग किया।

कौशल विकास केंद्र का निरीक्षण करते अवनीश कुमार अवस्थी एवं अन्य।

नारायन कालेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स, इटावा में तैयार की गई फैब्रिक पेण्ट कढ़ाई तथा फैन्सी ड्रेस पर ही रैम्प वॉक भी कराया गया। प्रतिभाग करने वाले प्रशिक्षार्थियों को प्राइज एवं मूमेण्टों वितरित किए गए। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रवल गुप्ता, श्री किशन अवस्थी, निधि तिवारी ने संयुक्त रूप से किया गया। वाइस चेयरमैन इं अंकित तिवारी, डा श्रेता तिवारी, प्रधानाचार्य डा धर्मेन्द्र शर्मा एवं योगेश दुबे, प्रधानाचार्य डिग्री कॉलेज बकेवर डा आरके त्रिपाठी, रामनरेश शर्मा, डॉ आईके शर्मा, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, मोहिनी तिवारी, दीपाली, कीर्ति, सौरभ, सूरज, उपस्थित रहे।

एनएच पर डिवाइडर न बनाने की मांग

इटावा। नवीन कृषि उत्पादन मंडी समिति के आसपास के दुकानदारों ने एनएच-92 मार्ग के निर्माण में डिवाइडर हटवाने के संबंध में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया है। बताया कि उनके व्यवसायिक, आवासीय भूखंड एनएच 92 पर स्थित है। हाईवे के निर्माण में डिवाइडर का निर्माण बीच में न होकर किनारे की तरफ किया जा रहा है। जिससे सर्विस रोड पर एक साथ दो बड़े/माल वाहक वाहनों का एक साथ आना जाना संभव नहीं है। चूंकि नवीन मंडी पास होने के कारण अधिकतर कृषि व्यापारियों एवं अन्य व्यापारियों के भी व्यवसायिक गोदाम इस मार्ग पर स्थित है। ऐसे में हम सभी व्यापारियों को माल लाने ले जाने में भविष्य में अत्यधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में मार्ग पर डिवाइडर को न बनाया जाए।

पौधा रोपण करते समाचार पत्र विक्रेता संघ के अध्यक्ष विमल जैन एवं अन्य।

समाचार पत्र विक्रेता संघ ने बाबा जागेश्वर नाथ अखाड़ा पर किया पौधरोपण

इटावा। समाचार पत्र विक्रेता संघ के पदाधिकारियों ने रविवार को पक्का तालाब स्थित बाबा जागेश्वर नाथ अखाड़ा पर पौधरोपण किया। पदाधिकारियों ने आंवला, बेलपत्र समेत फल व छायादार पौधे लगाए। जिलाध्यक्ष विमल जैन ने कहा कि पौधे धरा का श्रृंगार हैं। इनके बिना धरा पर रहने वाले इंसान अथवा जीव-जंतुओं का रहना असंभव है। लिहाजा लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पौधे लगाने चाहिए। मीडिया प्रभारी चौ अभिनंदन जैन नंदू ने कहा कि जब भी हमें अवसर मिले हमें अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए।

कोषाध्यक्ष सुभाष, सलाहकार प्रदीप कुमार, राकेश कुमार, राजीव कुमार बाबा, प्रताप नंद आदि ने पौधे लगाए।

सामुदायिक शौचालय कल्यानपुर राहिन में लटका ताला। अमृत विचार

सामुदायिक शौचालय में चार महीने से लटक रहा है ताला

संवाददाता बसरेहर, इटावा

अमृत विचार। ग्राम पंचायत कल्यानपुर राहिन के गांव कल्यानपुर में बना सामुदायिक शौचालय बंद पड़ा है। ग्रामीण श्याम सिंह, सर्वेश कुमार, रिंकू, शिवकुमार, नरेंद्र सिंह यादव, मानिकचंद ने बताया चार माह से शौचालय नहीं खुल रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार पंचायत सचिव व अधिकारियों से कहा गया लेकिन हम लोगों को बता दिया गया कि उसमें मरम्मत का कार्य चल रहा है। बरसात होने के कारण ग्राम पंचायत के लोगों को शौच के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। संत कबीर स्वयं सहायता समूह की केयरटेकर कांति देवी ने बताया कि सामुदायिक शौचालय में लगी पानी की टंकी का पाइप टूटा होने से टंकी में पानी नहीं पहुंचता है। प्रधान को कई बार बता दिया गया है।

आयोजन भाजपा का इटावा विधानसभा क्षेत्र में मतदाता अभिनंदन सम्मेलन

बीजेपी देती है रिपोर्ट कार्ड : सरिता

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में रविवार को सदर इटावा विधानसभा क्षेत्र का मतदाता अभिनंदन सम्मेलन करवाया गया। इसमें सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि बीजेपी जनता से किए गए वादों पर चर्चा करती है और अपना रिपोर्ट कार्ड देती है। इसीलिए जनता ने देश के करोड़ों मतदाताओं के बीच लगातार तीसरी बार एनडीए को मौका दिया है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोगों ने काफी प्रयास किए। देश के दुश्मनों ने भी साथ दिया, सारे विरोधी एक हो गये, लेकिन फिर भी जनता ने तीसरी बार एनडीए सरकार को मौका दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को पार्टी कार्यकर्ताओं का ऋणी रहना चाहिए। कार्यकर्ताओं ने अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाई है। अब बारी जनप्रतिनिधियों की है कि उन्हें कार्यकर्ताओं की परेशानियों को सरकार तक पहुंचाएं।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करतीं सदर विधायक सरिता भदौरिया। अमृत विचार

जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी, जिला मंत्री राहुल राजपूत, विक्रम अग्रवाल, ममता कुशवाहा, डॉ. ज्योति वर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य, संजू चौधरी, अवधेश चतुर्वेदी, विकास भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्या, अच्युत मिश्रा, अखिलेश मिश्रा मौजूद रहे।

राष्ट्र की सेवा सबसे बड़ा धर्म : यशवीर

भरथना, इटावा। राष्ट्रसेवा सबसे बडा धर्म है। इसके मान-सम्मान व सुरक्षा की प्रत्येक भारतवासी की नैतिक, सामाजिक व राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। इस जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए हमें सदैव तत्पर रहना चाहिए। ये विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक यशवीर ने रविवार को क्षेत्र के ग्राम रमायन स्थित शिव मंदिर प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में सह जिला कार्यवाह अमित मिश्रा के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। भाजपा नेता दीपकनाथ चौधरी, मंडल अध्यक्ष ओमप्रताप सिंह, बंटू गौर, प्रदीप मिश्रा, आशीष शुक्ला, देवाशीष चौहान, मनोज पोरवाल, रामजी भदौरिया, अमित गुप्ता, नेक्से पोरवाल, नीलू पांडेय, दुर्गेश अवस्थी, गोविंद रावत, अश्वनी, देवेश, चंदन दुबे, छोटू दुबे, उमाकांत आदि मौजूद रहे।

एक नजर

ग्राइंडर में करंट आने से युवक झुलसा, हालत गंभीर

अछल्दा। कस्बा के हरीगंज बाजार निवासी बंटी पुत्र अरविंद कुमार रविवार सुबह चक्की के पटा पर दांत बनाते समय ग्राइंडर में करंट आ गया तभी युवक को अपने करंट की चपेट में ले लिया। वहीं बगल में बैठे लोगों ने देखा कि करंट लग गया उसी समय मौके पर मौजूद लोगों ने आनन –फानन में युवक को बचाया। फिर परिजनों को सूचना दी। हालत गम्भीर होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर सैफई रेफर कर दिया।

रंगदारी मांगने व मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

औरैया। दिबियापुर थाने की उपनिरीक्षक सोनी रावत टीम के साथ बीती रात गेल कंप्रेसर बंबा पर गश्त पर थीं। तभी सूचना मिली कि बीती 5 जुलाई को सीएचसी के सामने ठेकेदार दुर्गेश अवस्थी के साथ मारपीट करने वाला व्यक्ति टाइगर उर्फ संदीप कहीं जाने की फिराक में ग्राम कन्हई के पुरवा मोड़ के पास बनी दुकान पर खड़ा है। इस पर युवक को पकड़ लिया गया। उसने अपना नाम टाइगर उर्फ संदीप यादव पुत्र उदयवीर यादव निवासी दुर्गा नगर थाना दिबियापुर बताया। उसके पास से एक तमंचा, दो कारतूस बरामद हुए। आरोपी को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया

वारंटी को किया गिरफ्तार

औरैया। दिबियापुर थाने के उपरीक्षक दिनेश कुमार ने वारंटी सत्य प्रकाश पुत्र सत्य नारायण निवासी ग्राम गौरी राम प्रसाद थाना दिबियापुर धारा 18/20 एनडीपीएस में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

पेड़ से पत्तियां तोड़ रहे युवक को लगा करंट, रेफर

औरैया। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला सिमार निवासी मिंटू पुत्र ह्रदय नारायण (20) रविवार को घर के बाहर खड़े नीम के पेड़ पर चढ़ कर नीम की पत्तियां तोड़ रहा था। तभी पास से गुजरी हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से नीचे गिरकर बुरी तरह झुलस गया। परिजनों द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल ले जाया गया ,जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में सैफई रेफर कर दिया।

मार्ग दुर्घटना में वृद्ध घायल

औरैया। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के गांव दयानगर विसलपुर निवासी रामप्रकास पुत्र ज्ञानसिंह उम्र 60 वर्ष बाजार जाते वक्त अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया ।जिसे सूचना पर पहुंची एंबुलेंस द्वारा सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से सैफई रेफर कर दिया गया।

वाटर कूलर उखाड़ ले गए

फफूंद। थाना क्षेत्र के अछल्दा मार्ग पर ग्राम पंचायत टीकमपुर के गांव आरुषि के पुरवा को जाने वाले मार्ग पर 6 माह पूर्व क्षेत्र पंचायत भाग्यनगर ने वाटर कूलर लगवाया था। बीती रात्रि चोरों ने वाटर कूलर को उखाड़ करके ले गए। सुबह जब ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना क्षेत्र पंचायत सदस्य नागेंद्र राजपूत व ग्राम प्रधान लाडली देवी को दी। ग्राम प्रधान ने फफूंद थाने में चोरी की जानकारी दी। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि जांच की जा रही है।

करंट लगने से भैंस मरी

अयाना। थाना क्षेत्र के करके का पुरवा निवासी रघुपत पाल रविवार सुबह मवेशी चराने के लिए खेतों पर गए थे। उसकी एक भैंस की गांव के बाहर लगे बिजली के खंभे के सपोर्ट वायर में उतरे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। किसान ने विद्युत विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से उसकी 70 हजार रूपये की भैंस की मौत होने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि घटना को लेकर पशु चिकित्सक व लेखपाल को सूचना दी गई है।

मुआवजे के लिए गड़बड़झाला 25 लोगों को नोटिस जारी

कोर्ट के आदेश पर एसडीएम ने की जांच तो खुलीं भ्रष्टाचार की परतें

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। मुआवजे के लिए दूसरी ग्राम पंचायत के निवासियों को जमीन का पट्टा दिया गया। यही नहीं नौ लोगों ने गेल पाता पेट्रो केमिकल्स से मुआवजा भी ले लिया। मामले में फर्जीवाड़ा करने वाले 25 लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं।

दिबियापुर से सटी बैसुंधरा ग्राम पंचायत में कागजों में हेराफेरी कर पाता पेट्रो केमिकल्स लिमिटेड से जिस 37.56 एकड़ जमीन का मुआवजा लिया गया, उसकी इस समय कीमत 150 करोड़ आंकी जा रही है। 1987-88 में हुए इस फर्जीवाड़े में कुछ ऐसे लोगों को भी जमीन का पट्टा दिया गया, जो इस गांव के रहने वाले भी नहीं थे। इनमें चार लोग बैसुंधरा ग्राम पंचायत के न होकर 14 किमी दूर फफूंद थाना क्षेत्र के गांव मुडैना रामदत्त के निवासी हैं।

> विभागीय प्रक्रिया के तहत पहले चरण में 25 लोगों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। इसके बाद कार्रवाई का दौर शुरू होगा। तत्कालीन अधिकारी व कर्मचारी भी जांच के दायरे में हैं। किसी भी हालत में दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।
>
> –महेंद्र पाल सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व।

बैसुंधरा ग्राम पंचायत के एक पट्टे के मुकदमे की एडीएम न्यायिक कोर्ट में सुनवाई हो रही थी। अभिलेखों में गड़बड़ी मिलने पर सदर एसडीएम को ग्राम पंचायत में हुए अन्य पट्टों की जांच कराने के निर्देश दिए गए थे। जब जांच हुई तो दो माह में ही एक के बाद एक फर्जीवाड़े की परतें खुलती चलीं गईं। वर्ष 1987-88 में जहां जोत चकबंदी आकार पत्र 45 में फर्जी आख्या दर्ज पाई गईं। वहीं वर्ष 1993 में एसडीएम की आख्या पर जमीन को संक्रमणीय करने के आदेश किए गए। इसके साथ ही नौ लोगों की जमीन को गेल पाता पेट्रो केमिकल्स में दर्ज करने का आदेश भी कागजों में दर्ज किया गया। फूलन देवी, राजीव कुमार, सुशील कुमार, राम प्रकाश, मीरा देवी, थान सिंह, रामस्वरूप, ओमप्रकाश, बंगाली सिंह ने आवंटित हुई जमीन गेल पाता पेट्रो केमिकल्स को अधिग्रहीत करा दी। उन्होंने इसका मुआवजा भी ले लिया। जांच रिपोर्ट के मुताबिक फर्जी पट्टा कराने वाले चार लोग बैसुंधरा के निवासी न होकर मुडैना रामदत्त गांव के रहने वाले हैं। इसमें राजीव कुमार को दो एकड़, सुशील कुमार को दो एकड़, मीरा देवी को दो एकड़, ओम प्रकाश को ढाई एकड़ जमीन का आवंटन किया गया था।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

कांस्टेबल पर दुष्कर्म का आरोप रिपोर्ट दर्ज

औरैया। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अग्निशमन विभाग में तैनात एक कांस्टेबल पर युवती ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। साथ ही आरोपित की बहन पर भी धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपित सिपाही और बहन के खिलाफ़ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। औरैया जनपद के सहायल थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाले युवती ने बताया कि अलीगढ़ जनपद के थाना खैर के गांव नगरिया दरकना निवासी गजेंद्र सिंह पुत्र धर्मवीर सिंह अग्निशमन विभाग में बतौर कांस्टेबल तैनात है। युवती का आरोप है कि गजेंद्र ने शादीशुदा होने की बात छुपाई और उसके प्रेम विवाह कर संबध बनाता रहा। युवती के अनुसार गजेंद्र सिंह की बहन ने उसे फोन किया और पैसे लेकर राजीनामा का दबाव बनाया। कोतवाली क्राइम इंस्पेक्टर रुद्र प्रताप त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस कप्तान के आदेश पर पुलिसकर्मी व उसकी बहन पर युवती की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया है।

50 गांवों की बिजली 24 घंटे से गुल

संवाददाता कंचौसी, औरैया

- जरा सी बारिश होने पर सब स्टेशन की मशीनों पर टपकने लगता है पानी
- विभागीय अधिकारियों की अनदेखी से उपभोक्ता कर रहे परेशानी का सामना

अमृत विचार। दो दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश से क्षेत्र की बिजली व्यवस्था चौपट हो गई हैं। हालात यह की कंचौसी विद्युत सब स्टेशन की छत टपकने से मशीनों पर पानी गिर रहा हैं। इससे 24 घंटे से इलाके की बिजली सप्लाई बाधित है। बारिश के समय हर साल कंचौसी में यह समस्या खड़ी हो जाती है। फिर भी बिजली विभाग के अधिकारी जिम्मेदारी से कन्नी काट रहे हैं।

कंचौसी विद्युत सब स्टेशन की बिल्डिंग का घटिया निर्माण संबंधित ठेकेदार द्वारा सालों पहले कराए गया था। हर साल बारिश होने पर पानी कंट्रोल रूम की मशीनों पर टपकने लगता हैं। इससे नमी और पानी के कारण तकनीकी खराबी और जम्फर उड़ने की घटना से सप्लाई ठप हो जाती है।

कंचौसी इलाके की मेन लाइन में फाल्ट और सब स्टेशन की छत से टपकते पानी से विद्युत आपूर्ति बीते 24 घंटों से बाधित है। हांलांकि कर्मचारी फाल्ट ठीक करने में जुटे हुए हैं। उधर इलाके के लोगों ने विद्युत सब स्टेशन का घटिया निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार और कार्यदायी संस्था की जांच करवाकर निर्माण लागत की वसूली करने की मांग की है।

पॉवर हाउस में बंद पड़ी मशीन। अमृत विचार

कंचौसी कस्बा, कंचौसी गांव, जमौली, चमरूआ, प्रतापुर, ढोही, प्रसाद पुरवा, घसा पुरवा, डिकियापुर और असेनी मुख्य पावर हाउस से जुड़े नौगवा, सुंदरपुर, विजई पुरवा, लछियामऊ, बत्ताह, कस्बा स्थित पुरवा महिपाल आदि तमाम गांवो की विद्युत आपूर्ति बाधित है।

इससे लोग जरूरी कामकाज पेयजल, आटा चक्की और मोबाइल चार्जिग की समस्या से जूझ रहे हैं। जेई सतीश जायसवाल ने बताया कि सब स्टेशन से सप्लाई चालू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही समस्या से निजात मिल जाएगी।

सड़क दुर्घटना में कई मजदूर हुए घायल

संवाददाता बिधूना/बेला /औरैया

अमृत विचार। बेला थाना क्षेत्र के कानपुर मार्ग पर पिपरौली बंबा मोड़ के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने मिक्सर मशीन ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। जिससे कई मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। बेला थाना प्रभारी निरीक्षक विनेश कुमार, उपनिरीक्षक पंकज मिश्रा सहयोगी दल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

ट्रैक्टर चालक प्रताप पुत्र राजाराम ने बताया कि वह पास के ही बरकसी ग्राम निवासी सियाराम गौतम के यहां से छत के लेंटर डालकर शाम लगभग सात बजे अपने गांव याकूबपुर जा रहा था। तभी बेला की तरफ से आए ट्रक ने बिना हॉर्न दिए पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें सवार मजदूर अंकुश पुत्र जागेश्वर निवासी याकूबपुर, अजीत पुत्र बनवारी लाल, ओमजी पुत्र राजेश, रामजी पुत्र राजेश, विश्वनाथ पुत्र राजाराम, हिमांशु पुत्र विवेक और अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गए।

सड़क पर पलटी पड़ी मिक्सर मशीन।

- तेज रफ्तार ट्रक ने मिक्सर मशीन ट्रैक्टर को मारी टक्कर

सीओ अशोक कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग सभी घायलों को एम्बुलेंस से तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है। जहां से दो श्रमिकों को चिंताजनक स्थिति में कानपुर हैलट रेफर कर दिया गया है।

नहर पुल निर्माण का रास्ता साफ

औरैया। जिलाधिकारी समेत एडीएम वित्त एवं राजस्व महेंद्र पाल व सिंचाई विभाग, नहर व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में शनिवार शाम को कलक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। इस दौरान दिबियापुर में जर्जर नहर पुल पर नए सेतु निर्माण की तैयारी पर चर्चा की गई। कोर्ट के आदेश पर दिबियापुर कस्बा में सिंचाई व नहर विभाग की जमीन पर बने 650 भवनों को ढहाने की तैयारी लोकसभा चुनाव से पहले जिला प्रशासन ने बनाई थी। सिंचाई विभाग सहायक अभियंता सतीश व अधिशासी अभियंता पीएस पटेल की ओर से दावा किया शामिल होने वाले 35 दुकानदारों ने अपनी दुकानों को दूसरी जगह विस्थापित करने की तैयारी कर ली है। वहीं स्वयं से सामान हटाना भी शुरू कर दिया है। बता दें कि पिछले दिनों शुरू हुई नोटिस देने की कवायद में 600 से ज्यादा लोग शामिल किए गए थे। ऐसे में प्रशासन की ओर से दुकानदारों से संवाद किया जा रहा है।

पाता फीडर के गांवों को छह घंटे भी आपूर्ति नहीं

संवाददाता फफूंद, औरैया

- 25 वर्ष पुरानी विद्युत लाइन हो चुकी जर्जर, आए दिन हो रहे फाल्ट

अमृत विचार। केशमपुर विद्युत स्टेशन से लगभग 150 गांवों को बिजली आपूर्ति करने वाला पाता फीडर की पुरानी और जर्जर हो चुकी विद्युत लाइन में अक्सर फाल्ट और तार टूटने से ग्रामीणों को छह घंटे भी बिजली नही मिल पा रही है। इससे उपभोक्ताओं में आक्रोश है। उन्होंने औरैया अधीक्षण अभियंता को पत्र भेजकर जर्जर तारों को बदलवाने की मांग की है।

केशमपुर 33 केवी विद्युत सब स्टेशन से टाउन फीडर से फफूंद कस्बे और चार सौ गांव को टीकमपुर, पाता, जुआ, देवरपुर फीडर से बिजली आपूर्ति की जाती है। पाता फीडर सबसे बड़ा है और उससे लोहरई, ममरेजपुर, पूर्वा बघन, देवी का पुरवा, सेहनगला, खानपुर, धर्मपुर, कासिमनगर, मिर्गांवा, मुंशीपुर, दीदारपुर समेत लगभग 140 गांवों को बिजली मिलती है। इस विद्युत लाइन के तार बेहद जर्जर हो चुके है जिससे आए दिन फीडर की आपूर्ति ठप हो जाती है। उपभोक्ता अर्पित दीक्षित, सतीश पांडेय, अखिलेश, अभिषेक चौबे, संदीप, मनोज प्रजापति, शिवम, विक्रम दोहरे, गोरेलाल गुप्ता, हरिराम गुप्ता आदि ने बताया की 15 किलोमीटर के इलाके में 140 गांव तक आपूर्ति करने वाली विद्युत लाइन 25 वर्ष से ज्यादा पुरानी हो गई है। खंभों पर लगे इंसुलेटर और डिस्क भी टूट चुके हैं। उपभोक्ताओं ने अधीक्षण अभियंता को पत्र भेजकर विद्युत आपूर्ति सही कराने मांग की है।

इस संबंध में केशमपुर विद्युत स्टेशन के अवर अभियंता ओमवीर सिंह ने बताया की जल्द ही कमियों को दुरुस्त कर लिया जाएगा।

सार-संक्षेप

पौधारोपण करते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

सपाइयों ने किया पौधारोपण

अयाना। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के 51 वे जन्मदिन को लेकर रविवार को अयाना में जिला कार्यकारिणी सदस्य, दिनेश मिश्रा, ब्लाक अध्यक्ष औरैया बल्लू कोरी, ब्लाक अध्यक्ष अजीतमल हिमांशु पाल, अतर सिंह प्रजापति, अलताफ खान, लोटन भदौरिया ने आम, पीपल, नीम आदि के 51 पौधे लगाकर उनका संरक्षण करने का संकल्प लिया।

आंगनबाड़ी केंद्र पर लाभार्थियों राशन वितरित किया गया। अमृत विचार

आंगनबाड़ी केंद्र पर वितिरत किया गया राशन

कुदरकोट। आंगनबाड़ी केंद्र पर रविवार को 7 माह से तीन वर्ष के बच्चों को आटा, बेसन, हलवा तथा 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों को आटा बेसन बर्फी, प्री मिक्स और दलिया, मूंग दाल, खिचड़ी, वहीं गर्भवती, धात्री माताओं को आटा, बेसन, बर्फी, प्री मिक्स दलिया, मूंग दाल, खिचड़ी के पैकेट वितरित किए गए। बाल विकास परियोजना अधिकारी संध्या यादव ने राशन का सत्यापन एवं निरीक्षण किया।

नए कानूनों संबंधी टेस्ट देते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

सभी थानों में नए कानूनों को लेकर हुए टेस्ट

औरैया। एसपी चारू निगम के निर्देशानुसार जनपद के समस्त थानों में रविवार को पुलिसकर्मियों को तीन नए कानूनों की जानकारी देने के लिए परीक्षा करवाई गई। इसमे 3 नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में हुए महत्वपूर्ण बदलाव व लागू करने के संबंध में पुलिस कर्मियों को नए कानून के तहत बदली गई धाराओं के संबंध में प्रश्न पूछे गए। एसपी चारू निगम ने बताया कि परीक्षा के आयोजन का उद्देश्य पुलिस कर्मियों को बदली गई धाराओं के बारे में जानकारी देना है। जनपद स्तर पर ट्रेनिंग सेल का गठन किया गया है। इसमें शनिवार को परीक्षा और रविवार को क्लास लगाकर लेक्चर का प्रावधान है। एक चरण की ट्रेनिंग इसमें हो चुकी है।

बारिश से ढह गया कच्चा मकान, मांगा मुआवजा

कंचौसी, औरैया। कंचौसी क्षेत्र में बीते तीन दिनो से रुक–रुक कर लगातार हुई बारिश के चलते चलते गरीब–मजदूरों के आशियानों को खतरा पैदा हो गया है। भाग्यनगर ब्लॉक के बिनपुरापुर गांव में बारिश के कारण दो ग्रामीणों के मकान और दीवार भर–भराकर गिर गए। पीड़ितों ने प्रशासन से मुआवजे और आवास की गुहार लगाई है। गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार सिंह गौर एवं ब्रजेंद्र कुमार (सगे भाई) के कच्चा मकान बारिश की मार नहीं सह पाए और भरभराकर गिर गए। गनीमत रही कि घटना के समय मकान में कोई नहीं था। पीड़ितों ने बताया मकान गिरने वह किराए के मकान में रहने को मजबूर हैं। कई बार आवास के आवेदन भी कर चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। लेखपाल अमरेश कुमार का कहना है कि मुआवजे के लिए तहसील प्रशासन को रिपोर्ट भेजी जा रही है।

बारिश के चलते गिरा कच्चा मकान।

जया प्रथम प्रयास में ही बनीं सहायक कमांडेंट

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। जिले की बेटी ने प्रथम प्रयास में ही सहायक कमांडेंट बनकर परचम लहरा दिया। गदगद माता पिता और गुरुजनों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

गेल में इलेक्ट्रिकल विभाग में कार्यरत संतोष द्विवेदी की पुत्री जया द्विवेदी ने गेल डीएवी पब्लिक स्कूल से हाईस्कूल किया। श्री सत्य साई विद्या विहार गेल विजयपुर से 91.8 अंक प्राप्त कर 2017-18 बैच की टॉपर बनी। लक्ष्मीनारायण टेक्नोलॉजी कॉलेज भोपाल से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 9.35 सीजीपीए ग्रेड के साथ बीटेक ग्रेजुएट हुई। इस बैच के गत दिवस निकले रिजल्ट में जया अपने पहले प्रयास में ही सीएपीएफ में सहायक कमांडेंट के रूप में चयनित हो गई। जया ने बताया कि लक्ष्य पर केंद्रित होकर किया गया अध्ययन और सम सामयिक घटनाओं की जानकारी उपयोगी साबित हुईं। जया ने सफलता का श्रेय पिता संतोष द्विवेदी और माता प्रीती द्विवेदी को दिया।

अपनी मां के साथ जया। अमृत विचार

काकोरी एक्शन शताब्दी वर्ष समारोह की तैयारियों में जुटा चंबल संग्रहालय

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- संपर्क अभियान और पोस्टकार्ड के जरिए लोगों को मुहिम से जोड़ने की कवायद

अमृत विचार। काकोरी ट्रेन एक्शन का शताब्दी वर्ष शुरू होने में महज चंद दिन शेष हैं। इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए चंबल संग्रहालय, पंचनद परिसर में तैयारियां जोरों पर हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए संपर्क अभियान और पोस्टकार्ड-पत्र के जरिए लोगों को इस मुहिम से जोड़ने की कवायद जारी है।

चंबल संग्रहालय द्वारा 'काकोरी एक्शन शताब्दी वर्ष समारोह' का पहला आयोजन 8-9 अगस्त को गोरखपुर में हो रहा है। काकोरी केस के महानायकों से जुड़े अन्य स्थानों अयोध्या, गोंडा, शाहजहांपुर, बरेली, फर्रुखाबाद, कानपुर, सुल्तानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, औरैया, मुरैना, मेरठ आदि शहरों में कार्यक्रम करने के बाद 7-8 अगस्त 2025 को लखनऊ में इसका समापन होगा।

काकोरी एक्शन शताब्दी वर्ष समारोह के दौरान चंबल संग्रहालय में संरक्षित काकोरी केस के नायकों से संबधित पत्रों, डायरी, टेलीग्राम, स्मृति चिन्ह, समाचार पत्र, पत्रिकाएं, पुस्तकों, तस्वीरों, मुकदमें की सभी फाइलों की प्रदर्शनी से नई पीढ़ी इस स्वर्णिम इतिहास से रूबरू हो सकेगी। समारोह में सेमिनार, फिल्म प्रदर्शन, किस्सागोई, नाटक, रैली, क्विज, रंगोली और पेंटिग प्रतियोगिता के साथ-साथ विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे।

चंबल संग्रहालय के बैनर तले समारोह को यादगार बनाने के लिए, दस्तावेजी फिल्म और पुस्तक का प्रकाशन भी किया जाएगा। गौरतलब है कि हिंदुस्तान रिपब्लिकन आर्मी के महज 10 क्रांति योद्धाओं ने काकोरी के नजदीक ट्रेन रोककर फिरंगी सरकार को खुली चुनौती देते हुए सरकारी खजाना हथिया लिया था।

अंग्रेजी हुकूमत ने दर्जनों क्रांतिकारियों को गिरफ्तार कर लिया। काकोरी ट्रेन डकैती में शामिल 10 क्रांतिनायको में से चंबल अंचल से पंडित रामप्रसाद बिस्मिल और भारतवीर मुकंदीलाल गुप्ता प्रमुख हैं। चंबल संग्रहालय के संस्थापक डॉ. शाह आलम राना ने इस अभियान में सभी देशवासियों से जुड़ने की अपील की है।

कुछ याद उन्हें भी कर लो | बलिदान दिवस पर गांव भैरोपुर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

गोपाल स्वरूप ने उग्रवादियों से लोहा लेते दी थी शहादत

कार्यालय संवाददाता,औरैया

अमृत विचार। क्षेत्र के गांव भैरोपुर में भारत प्रेरणा मंच के द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर अमर बलिदानी गोपाल स्वरूप दीक्षित की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वह 7 जुलाई 1997 को असम में उल्फा उग्रवादियों से लड़ते हुए शहीद हो गए थे।

श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता कैप्टन नरेन्द्र सिंह सेंगर ने की। मुख्यअतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख सौरभ भूषण शर्मा ने कहा कि गोपाल स्वरूप दीक्षित से हमे प्रेरणा लेनी चाहिए जिन्होने राष्ट्र की रक्षा के लिए प्राण न्योछावर करने के साथ साथ अपने शरीर के अंगों का भी दान कर दिया। उन्होंने भाऊपुर भड़ारी पुर संपर्क मार्ग को अमर शहीद स्वरूप दीक्षित मार्ग करने हेतु प्रयास करने का अश्वासन दिया।

अमर बलिदानी गोपाल स्वरूप को श्रद्धांजलि देते भारत प्रेणना मंच के पदाधिकारी। अमृत विचार

भारत प्रेरणा प्रेरणा मंच के महासचिव अविनाश अग्निहोत्री ने बताया कि शहीद गोपाल स्वरूप 1986 में सेना की आर्टीलरी रेजीमेंट मे भर्ती हुए थे। वह 7 जुलाई 1997 को असम में उल्फा उग्रवादियों से लड़ते हुए शहीद हो गए। उन्होंने मरणोपरांत अपने नेत्र भी दान कर दिए थे। कवि डॉ. गोविंद द्विवेदी, निर्मल पांडेय व गोपाल पांडेय ने कविताएं सुनाईं।

पूर्वसैनिक सलिल सक्सेना, राजेंद्र प्रसाद, अनिल चौबे, राकेश दुबे, जगपाल सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये। संचालन अजय अंजाम ने किया। पूर्व सैनिक गिरीश नारायण दीक्षित, संतोष दीक्षित, रवींद्र अग्निहोत्री, अनिल अवस्थी, सुनील दुबे, अरविंद तिवारी, मयंक, प्रतीक, सूर्यकांत, संदीप सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

पुलिस ने 12 लोगों का किया चालान

औरैया। दिबियापुर थाना प्रभारी मुकेश बाबू ने रविवार को बताया कि थाना दिबियापुर से महिला सहित 12 अभियुक्तों पर विभिन्न मारपीट के मामले में कार्रवाई की गई। जिसमें लवकुश पुत्र तुलाराम, ध्रुव कुमार पुत्र लवकुश, जयेश पुत्र लवकुश निवासी पंहर व राघवेंद्र पुत्र गेंदा लाल व राम नरेश पुत्र शिव बालक निवासी सिबूपुर थाना फफूंद, दिलीप पुत्र मिश्रीलाल राजपूत निवासी गढ़े का पुरवा, अवधेश पुत्र होरी लाल राजपूत निवासी वन पुरवा, थाना सहायल, सुनीता देवी पत्नी उजियारे लाल, राम मूर्ति पत्नी स्व. प्रदीप कुमार व अंजली देवी पत्नी स्व. मनीष कुमार निवासी अबाबर, अनिल कुमार पुत्र लाला सिंह निवासी संजय नगर थाने के पीछे दिबियापुर को धारा 151 के तहत गिरफ्तार किया।

एक नजर

जगसौरा के पंचायत सचिवालय में चोरी का प्रयास

जसवंतनगर। क्षेत्र के गांव जगसौरा में स्थित पंचायत सचिवालय के भवन का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया। ग्राम प्रधान राधा कुमारी के प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार को पंचायत सचिवालय को बंद किया गया था। रविवार को सूचना मिली कि सचिवालय के ताले टूटे पड़े हैं। मौके पर पहुंचने पर देखा कि मीटिंग हाल व प्रधान कार्यालय का ताला टूटा पड़ा था। चोर कंप्यूटर कक्ष में दाखिल नहीं हो सके। इससे चोरी की बड़ी घटना होने से बच गई।

संदिग्ध हालात में आग से जलकर वृद्ध की मौत

बकेवर। लवेदी थाना क्षेत्र के इगुर्री गांव में रमेश कुमार शर्मा (64) की संदिग्ध हालात में घर के अंदर जलकर मौत हो गई। घर के अंदर से धुआं निकलता देख आसपास रहने वाले लोग एकत्र होने लगे। बुजुर्ग के ऊपर कपड़ा व बोरा डालकर आग बुझाई गई। लेकिन तब तक बुजुर्ग की मौत हो चुकी थी। घटना के समय पर बुजुर्ग की पत्नी पड़ोस के घर पर गई हुई थी। थाना प्रभारी कपिल चौधरी ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

खाई में गिरा ट्रक

बकेवर। नेशनल हाईवे पर मौरंग से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। चालक परिचालक बाल बाल बच गये। हादसे के बाद क्रेन मशीनों की मदद से खाई से ट्रक को निकलवाया गया। मुरादगंज औरैया से ट्रक मौरंग लादकर शिकोहाबाद जा रहा था। शुभम पौधशाला के सामने पहुंचते ही अनियंत्रित होकर हाईवे के किनारे खाई में पलट गया।

लुधपुरा में मजदूर का मकान गिरा

जसवंतनगर। बरसात के चलते लुधपुरा मोहल्ला में एक मजदूर के मकान का लेंटर भर भरा कर गिर गया। इससे गृहस्थी का हजारों का सामान नष्ट हो गया। आठ वर्ष की बेटी लेंटर गिरने के दौरान घायल हो गई। सभासद सत्यभान शंखवार वाली गली में स्थित चौक में रामविलास का मकान है। बरसात के कारण मकान का गाटर, पटिया का लेंटर अचानक ढह गया। चपेट में आने से मकान स्वामी की बेटी मानसी को मामूली चोट आई। मोहल्ले के सभासद पति गुड्डा शाक्य ने रामविलास को ढांढस बंधाया।

पुलिस ने गुमशुदा बालक को किया बरामद

इटावा। थाना क्षेत्र के ग्राम तमैरा निवासी देवांश उर्फ वंश कश्यप (14) पुत्र सुनील कुमार घर वालों द्वारा होस्टल में भेजने को लेकर गुस्सा होकर चला गया था। थाना प्रभारी राम सहाय सिंह को देवांश उर्फ वंश की गुमशुदगी की तहरीर दी गई। चार पांच घंटे के अंदर ही सिटी इंचार्ज संत कुमार को देवाशं मिल गया। बरामद बच्चों को उसके परिजन को सौपा गया। परिजनों ने पुलिस का धन्यवाद दिया।

नया ट्रांसफार्मर लगा

कालपी। कालपी में सिद्धदात्री मन्दिर के सामने से पुराना 100 केवी का ट्रांसफार्मर उतार कर नया 250 केवी का ट्रांसफार्मर रविवार को स्थपित कर दिया गया, जिससे कालपी कस्बे के कई मोहल्लों में ओवरलोड की वजह से हो रही समस्या से निजात मिलेगा। यहां गर्मी के चलते तरणगंज के आधा दर्जन मुहल्लों में लो वोल्टेज और विद्युत कटौती की समस्या से जूझ रहे थे, कस्बा वासियों की समस्या को देखते हुए विद्युत विभाग ने ट्रांसफार्मर बदला है। विभाग के एसडीओ आदर्श राज के निर्देशन में अवर अभियंता जितेंद्र कुमार की देख रेख में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया।

त्योहारों पर बिजली, साफ-सफाई का रखें ध्यान

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

- बैठक में जिलाधिकारी ने मातहतों को दिए निर्देश

अमृत विचार। मोहर्रम, श्रावण मास, कांवड़ यात्रा और अन्य त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. इरज रजा की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जनपद के समस्त धर्म गुरुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।



जिलाधिकारी ने अपील करते हुए कहा कि आपसी प्रेम सद्भाव और सौहार्द के साथ त्योहार को मनाएं, नगर पालिका प्रशासन तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि वह शहरी व ग्रामीण इलाकों में साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखें, जिससे मोहर्रम और कांवड़ यात्रा के दौरान किसी को भी असुविधा न हो। यह भी ध्यान रखें कि किसी की भावना को ठेस न पहुंचे, उन्होंने कहा कि खास तौर पर यदि कोई भी अराजकतत्व शांति व्यवस्था में खलल डालता है, तो उसके बारे में तत्काल पुलिस तथा प्रशासन को अवगत कराएं, जिससे उसके विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए विद्युत आपूर्ति बाधित न होने पाए, इसके अलावा नगर पालिका, नगर पंचायत तथा जिला पंचायत राज विभाग के अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए कि आगामी त्योहार को ध्यान में रखते हुए साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखें : एसपी

पुलिस अधीक्षक डॉक्टर इरज रजा ने आने वाले त्योहारों को दृष्टिगत अधीनस्थों से सुरक्षा के बारे में जानकारी ली, साथ ही कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाए, त्योहार पर कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार की भ्रामक सूचना फैलता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। क्षेत्राधिकारी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में संभ्रांत नागरिकों के साथ शांति समिति की बैठक कर सदस्यों से समन्वय स्थापित करते हुए भाईचारा सांप्रदायिक सौहार्द एवं शांति व्यवस्थाएं रखना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास, अपर जिलाधिकारी न्यायिक जुबेर बेग, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, उरई उप जिलाधिकारी हेमंत पटेल, उप जिलाधिकारी कोंच ज्योति सिंह आदि मौजूद थे।

बस स्टैंड पर मिली गंदगी एआरएम की क्लास लगाई

बस स्टैंड पर गंदगी फैलाने वालों पर लगाएं 500 रुपये का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता उरई

अमृत विचार। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने रोडवेज बस स्टैंड व रामकुंड का निरीक्षण कर मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रोडवेज बस स्टैंड परिसर में सफाई व्यवस्था सही न मिलने और जगह-जगह गुटखा थुका देख नाराजगी जाहिर करते हुए रोडवेज एआरएम को निर्देशित किया कि त्वरित सफाई कर्मचारियों व सफाई नायक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि परिसर पर साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था के साथ नाला की भी सफाई कराएं ताकि बारिश में नाला चोक न हो और बेहतर पानी की निकासी बानी रहे।

उन्होंने कहा कि परिसर के अंदर व बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाएं, जो गुटखा थूकता दिखे या गन्दगी फैलाते हुए मिले उस पर पांच सौ रुपये का जुर्माना लगाकर वसूलें। बस स्टैंड परिसर में कैंटीन के पास एक चिकित्सक का क्लीनिक संचालित है, कुछ दुकानें बंद हैं समय से किराया नहीं दे रहे उनकी जानकारी नगर पालिका के अधिकारियों से कर निर्देश दिए कि ऐसे दुकानों को नोटिस देकर दुकान आवंटन निरस्त कर नए सिरे से एलाटमेंट की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने रामकुंड का निरीक्षण किया, राम कुंड की मिट्टी खोदकर तालाब की साफ-सफाई ठीक से न करने पर नाराजगी जताई। रामकुंड परिसर के चारों तरफ बरगद पीपल आदि छायादार पौधों का रोपण करवाने को कहा। उन्होंने कहा अभी बारिश चल रही है अभी से ही गड्ढे खोदकर एक अभियान के रूप में लेते हुए पौधरोपण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव, सिटी मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, उप जिलाधिकारी हेमन्त पटेल व नगरपालिका के अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान मातहतों को निर्देश देते जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय।

- जिलाधिकारी ने रामकुंड का भी किया निरीक्षण

सपा के षडयंत्रों से हमारे इरादे और मजबूत होंगे

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- एसएसपी वंचितों को दिलाएगी न्याय : शिवप्रसाद

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के षड़यंत्रों से मुकाबला करने के लिए ही मैने मैनपुरी संसदीय क्षेत्र से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ने का फैसला किया था। इससे सर्वजन सुखाय पार्टी को मजबूत बनाकर प्रदेश की राजनीति में एक नया राजनैतिक विकल्प देने के हमारे प्रयासों में कोई कमी नहीं आई है। प्रदेश की राजनीति में पार्टी को नया मुकाम देने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। ये विचार सर्वजन सुखाय पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शिवप्रसाद यादव ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए व्यक्त किए।

एसएसपी के अध्यक्ष शिवप्रसाद यादव।

कहा कि एसएसपी ने इटावा, कन्नौज, फर्रुखाबाद, फिरोजाबाद व मैनपुरी से अपने लोकसभा प्रत्याशी चयनित कर लिए थे। सपा को हमारी पार्टी से बहुत खतरा लगा, लालच देकर हमारे प्रत्याशियों को अपने पाले में कर लिया। फिरोजाबाद प्रत्याशी का पर्चा खारिज कराया गया। मेरा कोई भी प्रत्याशी चुनाव लड़ने के लिए नहीं रखा। इन परिस्थितियों को देखकर मैंने बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती से सहयोग मांगा। स्वयं दोनों पार्टियों के गठबंधन से हाथी चुनाव चिन्ह पर सपा को सबक सिखाने के लिए चुनाव लड़ा। सपा ने अफवाह फैलाई कि सर्वजन सुखाय पार्टी का बसपा में विलय हो गया। सपा के लोग समाज में बैठकर हमारे लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हैं तथा खुलेआम लोगों से कहते हैं कि इस कांटे को रास्ते से हटाना हैं। इसी षडयंत्र के चलते मेरी सुरक्षा में लगा सरकारी गनर बिना कोई कारण बताये हटवाया गया।

उन्होंने पिछले 25 वर्षों से कभी ऐसा नहीं कहा कि उन्हें किसी से खतरा है, लेकिन आज यह व्यक्तिगत जानकारी के आधार पर कह रहा हूं कि षडयंत्र हो रहे हैं। सपा की इन धमकियों से वे डरने वाले नहीं हैं। एसएसपी पूरी ताकत से आगे बढ़ेगी।

रूट मार्च करते पुलिस के जवान। अमृत विचार

पुलिस ने शहर में रूट मार्च कर कराया सुरक्षा का एहसास

संवाददाता कालपी जालौन

अमृत विचार। आगामी मोहर्रम, सावन, कांवड़ यात्रा आदि पर्वों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस प्रशासन के द्वारा सतर्कता तेज कर दी है। स्थानीय कोतवाली पुलिस के प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने बाजारों तथा सार्वजनिक स्थानों में पैदल मार्च कर जनता को सुरक्षा का अहसास दिलाया। कोतवाली के एडिशनल इंस्पेक्टर क्राइम मोहम्मद अशरफ, वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश सिंह, उप निरीक्षक राजेश कुमार, टरनंनगंज चौकी के विनोद कुमार सिंह सहित सशस्त्र पुलिस जवानों ने फुल पावर चौराहे से मेन हाइवे, खानकाह शरीफ, बड़ा बाजार, मेन बाजार टरनंनगंज में पग मार्च किया।

सतीष चंद्र बने जिला महासचिव

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की मासिक बैठक रविवार को दिबियापुर नगर के औरैया रोड पर स्थित शांति पैलेस में हुई। मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव बृज किशोर तिवारी व विशिष्ट अतिथि व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुशील कुमार दुबे ने संगठन की मजबूती पर बल दिया।

जिलाध्यक्ष गिरीश तिवारी ने नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें रामचंद्र दीक्षित, अरविंद त्रिवेदी, कमलेश नारायण द्विवेदी, कृष्ण चंद्र सावरन, राजेश तिवारी जिला संरक्षक, योगेश त्रिपाठी, प्रशांत मिश्र, रवि तिवारी, धीरज शुक्ल जिला संयोजक बनाए गए। सतीश चंद्र दुबे जिला महासचिव व

गिरजेश मिश्र, निशांत चतुर्वेदी, प्रमोद तिवारी, अंकित रंजन तिवारी, प्रमोद पालीवाल जिला उपाध्यक्ष, विवेक दीक्षित (नौली) को पुनः जिला कोषाध्यक्ष एवं विवेक शर्मा को जिला संगठन मंत्री एवं राघवेन्द्र शुक्ल, योगेन्द्र तिवारी, नागेंद्र शुक्ल, रानू पांडेय, धनंजय दुबे को जिला सचिव बनाया गया। बैठक में युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमन मिश्र, अधिवक्ता प्रकोष्ठ के जिला प्रभारी आकाश मिश्र, प्रमोद तिवारी, प्रशांत त्रिपाठी, शिव शरण शर्मा, पीयूष दीक्षित, रमापति तिवारी, संतोष नारायण, जयप्रकाश तिवारी, बाबूराम तिवारी, गिरजेश मिश्र, मंजुली मिश्र आदि मौजूद रहे।

नियुक्ति पत्र देते व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुशील कुमार। अमृत विचार

- अखिल भारतीय ब्राहमण एकता परिषद की जिला कार्यकारिणी घोषित

सार-संक्षेप

ब्लाक परिसर में पौधा लगाते लोवा जिला अध्यक्ष किशन यादव व अन्य सपाई।

सपा नेताओं ने ब्लाक परिसर में रोपे पौधे

महेवा, इटावा। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पीडीए परिवार द्वारा प्रदेश भर में हरियाली लाने के लिए पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में सपाइयों ने ब्लॉक प्रांगण में पहुंचकर खाली पड़ी जगह पर पौधे लगाये। लोवा के जिला अध्यक्ष किशन यादव के साथ अवनीश यादव, सरिता यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चुनाव के बाद खड़े प्रबन्ध समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

रामगोपाल सिंह अध्यक्ष, रवीन्द्र चुने गए प्रबंधक

बिधूना, औरैया। राजकीय इंटर कॉलेज लखुनो के प्रधानाचार्य कमलेश कुमार पांडेय एवं चुनाव अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला की मौजूदगी में रविवार को श्री सच्चिदानन्द जन सहयोगी इंटर कॉलेज लहरापुर में प्रबंध समिति का चुनाव हुआ। रामगोपाल सिंह राठौर को अध्यक्ष, ओम प्रकाश अवस्थी को उपाध्यक्ष, रवीन्द्र कुमार को प्रबंधक चुना गया। इसके अलावा पुष्पा देवी उप प्रबंधक, उदय भान सिंह सेंगर कोषाध्यक्ष, बादशाह सिंह, रघुवीर सिंह को आय-व्यय निरीक्षक चुना गया। जबकि रमेश चंद्र मिश्र, श्याम प्रकाश तिवारी, राम शंकर शर्मा, बृजेश सिंह सदस्य चुने गए। कार्यवाहक प्रधानाचार्य देवेन्द्र सिंह, प्रधान लिपिक पंकज भदौरिया एवं राम प्रकाश निषाद शैलेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न होने पर चुनाव अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ल एवं पर्यवेक्षक कमलेश कुमार पांडे ने कमेटी के लोगों की सराहना की।

पुलिस की मौजूदगी में नापजोख करते राजस्व कर्मी। अमृत विचार

राजस्व टीम ने की नापजोख, निकली मंदिर की जमीन

अछल्दा, औरैया। कस्बा के स्टेशन बाजार स्थित सीता राम मंदिर पर शौचालय के निमार्ण कार्य को लेकर विवाद हो गया था। इसको लेकर सोशल मीडिया पर मंदिर के महंत ने वीडियो वायरल किए और तहसील दिवस में शिकायत की। इसके बाद राजस्व टीम के अधिकारी हरकत में आए। रविवार को स्टेशन बाजार स्थित सीता राम मंदिर में महंत हरिदास ने एक सोशल मीडिया पर वीडियो प्रचलित किया कि मंदिर की जमीन पर शौचालय निमार्ण कार्य करा रहे थे। महिपाल सिंह यादव ने निमार्ण कार्य को रुकवा दिया था। फिर महंत ने मंदिर पर निमार्ण कार्य को लेकर तहसील दिवस पर शिकायत की थी। राजस्व टीम में शामिल कानूगो यशोधन पाल और लेखपाल सत्येंद्र कुमार ने थाना पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में मंदिर की जमीन की पैमाइश की। नाप-जोख में मंदिर की जमीन निकली। इसके बाद दोनों में आपसी समझौता हो गया। इसके बाद निमार्ण कार्य शुरू किया गया।

अतिक्रमण के संबंध में बैठक आज

इटावा। नगरपालिका सभागार में अधिशाषी अधिकारी विनय कुमार मणि त्रिपाठी की मौजूदगी में शहर में बढ़ते अतिक्रमण एंव पालीथिन पाबंदी विषय पर व्यापारियों की एक बैठक का आयोजन 8 जुलाई को पूर्वाह्न 11 बजे से किया गया है। व्यापार मंडल अध्यक्ष आलोक दीक्षित ने सभी व्यापारियों से बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

चौकी इंचार्ज ने बैंकों का किया निरीक्षण

महेवा। चौकी प्रभारी महेवा जगदीश सिंह भाटी ने कस्बे के सभी बैंको में औचक निरीक्षण किया। बिना काम के खड़े लोगों को वार्निंग देकर छोड़ दिया। उन्होंने बैंक ऑफ बड़ौदा, जिला सहकारी बैंक, स्टेट बैंक आफ इंडिया में प्रबंधकों से आवाक जावक रजिस्टर बनाने, अलार्म सही रखने, सीसीटीवी कैमरा चालू रखने, सुरक्षा गार्डों को चुस्त रखने की सलाह दी।

पड़ोसी ने युवक को किया घायल

इकदिल। थाना क्षेत्र में नगर के मोहल्ला लुधियात में रहने वाले कुलदीप अपने खेत पर काम कर रहा था। तभी पड़ोसी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। पड़ोसी ने किसी नुकीले हथियार से प्रहार करके उसे घायल कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

तैयारी पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष का किया ऐलान

शिक्षक संघ ने आंदोलन की बनाई रणनीति

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर 16 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश व्यापी आंदालेन की रणनीति बनाई गई। साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त की रणनीति बनाई गई।

संरक्षण समिति के प्रांतीय संयोजक श्रीनारायण द्विवेदी ने कहा कि सभी शिक्षकों व कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल होने व सभी तदर्थ शिक्षकों के विनियमित होने तक संगठन चैन से नहीं बैठेगा। जुलाई के मध्य तक जिले में संघर्ष यात्रा निकलेगी। इसके तहत प्रत्येक इकाई में बैठक कर समस्याएं नोट की जाएंगी तथा आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक में भाग लेते शिक्षक नेता। अमृत विचार

प्रांतीय मंत्री अरुण कुमार ने बताया कि डीआईओएस कार्यालय की भ्रष्टाचारी नीति को समूल नष्ट कराने के लिए यदि आवश्यकता हुई तो 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने बताया कि बैठक में विजय कुमार को सर्वसम्मति से कार्यवाहक जिला मंत्री मनोनीत किया गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय व प्रबंधकों के साथ मिली भगत से विद्यालयों में अभिभावक संघ के नाम से प्रवेश के समय जबरन वसूली कराई जा रही है। जिला मंत्री मनोज कुमार ने अपने विचार रखे। प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष राजकुमार वर्मा ने संगठन को आश्वासन दिया कि शिक्षकों के संघर्ष पथ पर सभी प्रधानाचार्य साथ रहेगे। शैलेंद्र कुमार, रामनरेश सिंह, वीरेंद्र तिवारी, सुमित नारायण, विनय कुमार पटेल, भोलानाथ तिवारी, दयानिधि चौबे मौजूद रहे।

इंडियन बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Indian Bank (A Govt. of India Undertaking) ई-नीलामी

इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालय : तिंदवारी रोड, सेंट मैरी स्कूल के पास, बांदा, उत्तर प्रदेश – 210001

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस (नियम 8(6) का परन्तुक देखें)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विकय हेतु ई-नीलामी विकय नोटिस आम लोगों को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/ प्रभारित है, का सांकेतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी इंडियन बैंक (पूर्ववर्ती-इलाहाबाद बैंक) अंचल कार्यालय : तिंदवारी रोड, सेंट मैरी स्कूल के पास, बांदा, उ. प्र. – 210001 शाखा द्वारा लिया गया है, को '' जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित सम्बंधित ऋणियों एवं प्रत्याभूति दाताओं से बकाया धनराशि की वसूली हेतु दिनांक 24.07.2024 को बेचा जायेगा। विस्तृत विवरण निम्नलिखित है :–

क्र. सं.	ऋणी/शाखा का नाम	सम्पत्ति मालिक/ बन्धककर्ता का नाम	बैंक की दावा राशि	सम्पत्ति का विवरण	रिजर्व प्राइस धरोहर धनराशि
1.	**ऋणी एवं बंधककर्ता:** मेसर्स नागेंद्र इंफ्रास्ट्रक्चर, **पता:** बघवा, कबरई, महोबा – 210421 **प्रोपराइटर एवं बंधककर्ता:** श्रीमती किरन त्रिपाठी पत्नी संजय त्रिपाठी, **निवासी:** भगत सिंह नगर, कबरई, महोबा	**श्रीमती किरन त्रिपाठी पत्नी संजय त्रिपाठी, निवासी: भगत सिंह नगर, कबरई, महोबा**	बकाया धनराशि रू. 74,18,747.00 तिथि 19.12.2023 को तथा ब्याज एवं लागत शुल्क तथा खर्च वसूली की तिथि से 20.12.2023	संपत्ति के सभी भाग जो आराजी संख्या 92, मौजा-बघवा कबरई, तहसील एवं जिला महोबा में स्थित है। जिसका क्षेत्रफल: 10800 वर्ग मीटर और जो श्रीमती किरन त्रिपाठी पत्नी संजय त्रिपाठी के नाम है। चौहद्दी: पूर्व: गाटा संख्या 94, पश्चिम: चक रोड़, उत्तर: चक रोड़, दक्षिण: गाटा संख्या 93, सम्पत्ति आईडी सं.: IDIB30079100603	रू. 91,93,000 लाख रू. 9,19,500 लाख बैंक को ज्ञात भार का विवरण —

ई.एम.डी. राशि के साथ प्रोसेस कम्लायंस फार्म जमा करने की अंतिम तारीख व समय – 22.07.2024 सुबह 11 बजे तक एवं नीलामी की तारीख व समय – 24.07.2024, प्रात: 10.00 बजे से 4.00 बजे तक आसीमित विस्तार के साथ, बोली वृद्धि राशि रू. 10000/–

विस्तृत विवरण एवं शर्तो के लिए सम्पर्क करें:– अनुराग सक्सेना (प्राधिकृत अधिकारी) मो. सं. 9897785008 ई-मेल zohamirpur@indianbank.co.in

विस्तृत विवरण एवं शर्तो के लिए कृपया विजिट करें 1. www.indianbank.co.in 2. https://www.ibapi.in 3. https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi

बोलीकर्ता को सुझाव दिया जाता है कि ऑनलाइन बोली मे भाग लेने के लिए हमारे ई-आक्सन सर्विस प्रोवाइडर MSTC लि. की बेवसाइट www.mstcecommerce.com पर विजिट करें। तकनीकी सहायता के लिए कृपया MSTC हेल्पडेस्क नं. 033-22901004 पर कॉल करे और अन्य हेल्प लाइन नं. सर्विस प्रोवाइडर के हेल्पडेस्क मे उपलब्ध है। MSTC लि. के साथ रजिस्ट्रेशन स्थित देखने के लिए कृपया ibapiop@mstcecommerce.com पर विजिट करें और EMD की स्थित देखने के लिए ibapifin@mstcecommerce.com. पर विजिट करें। सम्पत्ति के विवरण, फोटोग्राफ और विक्रय के नियम व शर्ते के लिए कृपया visit: https://ibapi.in पर विजिट करें और पोर्टल से सम्बध्ति स्पष्टीकरण के लिए कृपया हेल्पलाइन नं. 18001025026 एवं 011-41106131 पर सम्पर्क करें।

कारपोरेट ऑफिस: अव्वई शनमुगम सलई रॉयलपट्टाह चेन्नई – 600014

दिनांक : 08.07.2024 स्थान : महोबा प्राधिकृत अधिकारी इंडियन बैंक

एक नजर

तेलंगाना में 2.98 करोड़ रुपये का सोना जब्त

हैदराबाद। तेलंगाना में हैदराबाद जोन यूनिट के राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) अधिकारियों ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2,98,90,780 रुपये मूल्य का 3.982 किलोग्राम सोना जब्त किया। डीआरआई की ओर से रविवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, अधिकारियों ने विदेश से तस्करी कर लाये गये सोने को कोलकाता से बस से लाये जाने के संबंध में विशिष्ट खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए शनिवार को कोलकाता से हैदराबाद की बस में यात्रा कर रहे दो व्यक्तियों को पकड़ा। जांच से पता चला कि तस्करी का सोना दोनों व्यक्तियों द्वारा पहने गए कपड़े में बड़ी चालाकि से छुपाया गया था। डीआरआई अधिकारियों ने बताया की मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

छत्तीसगढ़ के सुकमा में पांच नक्सली गिरफ्तार

सुकमा (छत्तीसगढ़)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में शनिवार को जगरगुंडा पुलिस थाना क्षेत्र में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), बस्तर फाइटर्स और जिला बल ने संयुक्त अभियान चलाया था। अभियान के दौरान सुरक्षा दल ने नक्सलियों को गिरफ्तार किया। नक्सलियों की पहचान चिंतलनर पुलिस थाना क्षेत्र निवासी हेमला पाला (35), हेमला हुंगा (35), सोडी देवा (25), नुप्पो (20) और कुंजम मासा (28) के रूप में हुई है, और सभी सुरपंगुडा क्षेत्र में मिलिशिया सदस्य के रूप में सक्रिय थे। अधिकारियों ने बताया कि उनके पास से दो देसी बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल) गोले, एक टिफिन बम, सात जिलेटिन छड़ें, नौ डेटोनेटर, विस्फोटक पाउडर और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बनाने में इस्तेमाल होने वाले अन्य सामान बरामद किए गए।

जम्मूः मंदिर में तोड़फोड़ आरोपी गिरफ्तार

जम्मू। जम्मू के बाहरी इलाके में एक गांव में कथित तौर पर एक मंदिर में तोड़फोड़ की गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना होने के कुछ घंटों के भीतर आरोपी को पकड़ लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि कुछ अज्ञात लोगों ने शनिवार देर रात जम्मू के पास नगरोटा के नारायण खू इलाके में पूजा स्थल में तोड़फोड़ की। स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, जम्मू और कश्मीर पुलिस ने जम्मू जिले में कल शाम नगरोटा में हुई धार्मिक स्थल की तोड़फोड़ और आगजनी के मामले को सफलतापूर्वक सुलझा लिया है।

भव्य रथयात्रा के लिए पुरी में लाखों श्रद्धालु उमड़े, गूंजा जय जगन्नाथ

53 वर्षों के बाद नेत्र उस्तव, देवताओं के नबजौबन दर्शन और रथ यात्रा जैसे अनुष्ठान एक ही दिन हुए

पुरी, एजेंसी

ओडिशा की इस तीर्थ नगरी पुरी के जगन्नाथ मंदिर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्री जगन्नाथ और उनके भाई-बहन श्री बलवद्र और देवी सुभद्रा की विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा देखने के लिए देश भर से लाखों श्रद्धालु उमड़ पड़े। बारहवीं शताब्दी के मंदिर और तीन किलोमीटर लंबी भव्य सड़क के चारों ओर जय जगन्नाथ, हरोबोल के नारे और झांझ की ध्वनि गूंज उठी।

मंदिर के सेवकों - दैतापतियों द्वारा अपने-अपने रथों को मंदिर के गर्भगृह से जोड़कर देवताओं को रत्न सिंहासन से बाहर निकाले जाने के कारण इसे बड़ा डंडा के नाम से जाना जाता है। इस बार लगभग 53 वर्षों के अंतराल के बाद, नेत्र उस्तव, देवताओं के नबजौबन दर्शन और रथ यात्रा जैसे अनुष्ठान सात जुलाई को एक ही दिन में किए गए। चूंकि सभी तीन प्रमुख अनुष्ठान रविवार को एक ही दिन में किए गए है इसलिए सड़क पर कुछ मीटर नीचे लुढ़कने के बाद रथों को खींचने की प्रक्रिया निलंबित होने की पूरी संभावना है। यात्रा सोमवार सुबह अपने अंतिम गंतव्य जगन्नाथ मंदिर से तीन किलोमीटर दूर स्थित गुंडिचा मंदिर के लिए फिर से शुरू होगी। मंदिर के सूत्रों ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु न केवल रथ यात्रा के दौरान मौजूद रहेगी बल्कि रथ भी खींचेंगी।

श्री जगन्नाथ, श्री बलभद्र और देवी सुभद्रा की मूर्तियों को ले जाते रथ। ● एजेंसी

सेवकों ने सुबह-सुबह देवताओं को गोपाल भोग (नाश्ता) चढ़ाया, जिसके बाद उन्हें रत्नवेदी से एक औपचारिक पहांडी बिजे में मंदिर के बाहर खड़े उनके संबंधित सुसज्जित रथों पर ले जाया गया। मंदिर के सैकड़ों सेवक शंख ध्वनि के बीच देवताओं को अपने कंधों पर उठाकर आनंद बाजार और बैशी पहाचा (मंदिर की बाईस सीढ़ियाँ) से होते हुए मंदिर से लायंस गेट तक ले गए। इस दौरान सोलह पहियों वाला श्री जगन्नाथ का लाल रथ और पीला नंदीघोष, 14 पहियों वाला बलभद्र का लाल और हरा तालध्वज और एक दर्जन पहियों वाला देवी सुभद्रा का लाल और काला देवदलन, मंदिर के मुख्य दरवाजे के बाहर पंक्तिबद्ध खड़े रहे। परम्परा के अनुसार श्री बलवद्र को सबसे पहले रत्न वेदी से बाहर निकाला गया और औपचारिक पहांडी बिजे के माध्यम से तालध्वज नामक रथ में स्थापित किया गया। उसके बाद देवी सुभद्रा को दर्पदलन रथ पर स्थापित किया गया। अंत में श्री जगन्नाथ जिन्हें लाखों भक्त प्यार से कालिया भी कहते हैं, को नंदीघोष रथ में स्थापित किया गया।

भक्तों ने जैसे ही देखा कि देवता गुंडिचा की नौ दिवसीय यात्रा शुरू करने के लिए रथों पर चढ़ने के लिए मंदिर से बाहर आ रहे हैं तो उन्होंने हरिबोल और जय जगन्नाथ के नारों से आसमान गुंजायमान कर दिया और मंदिर के सिंह द्वार की ओर दौड़ पड़े। लायंस गेट से गुंडिचा मंदिर तक ग्रैंड रोड के दोनों ओर स्थित सभी इमारतों की छतें सुबह से ही भक्तों से भरी हुई हैं। सभी गलियां और गलियां भी श्रद्धालुओं से खचाखच भरी रहीं।

रथयात्रा में ममता बनर्जी ने खींची रथ की रस्सी

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को श्री जगन्नाथ के दर्शन करने के बाद इस्कॉन द्वारा आयोजित रथयात्रा में रथ की रस्सी खींची। बारिश के बावजूद हजारों लोग इस उत्सव में भाग लेने के लिए एकत्रित हुए। वे अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) से जुड़े श्रद्धालुओं के साथ जय जगन्नाथ के नारे लगा रहे थे और नृत्य एवं कीर्तन कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, इस शुभ दिन पर विश्व भर के आप सभी इस्कॉन भाइयों और बहनों एवं भक्तों को जय जगन्नाथ। बनर्जी ने श्रद्धालुओं और साधु-संतों के साथ रथयात्रा की शुरुआत में रथ की रस्सी खींचने से पहले इस्कॉन मंदिर के सामने रथ पर श्री जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की पूजा-अर्चना की। हर साल इस्कॉन रथयात्रा में शामिल होने वाली बनर्जी ने कहा, हम सभी धर्मों के साथ मिलजुलकर रहते हैं। जगन्नाथ देव हम सभी के लिए बहुत पवित्र हैं। बनर्जी ने कहा कि समुद्र तटीय पर्यटन शहर दीघा में पुरी के जगन्नाथ मंदिर की तर्ज पर मंदिर लगभग बनकर तैयार हो गया है और इसका उद्घाटन दुर्गा पूजा के बाद किया जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा, अगले वर्ष से रथयात्रा दीघा में आयोजित की जाएगी।

आंध्र और तेलंगाना मेरी दो आंखों के समानः चंद्रबाबू

हैदराबाद, संवाददाता

- पदभार संभालने के बाद मुख्यमंत्री ने पहली बार नन्दमूरि तारक रामाराव भवन का दौरा किया

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने रविवार को कहा कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना उनके लिए उनकी दो आंखों के समान हैं। नायडू ने मुख्यमंत्री के रूप में पदभार संभालने के बाद पहली बार आज यहां नन्दमूरि तारक रामाराव (एनटीआर) भवन का दौरा किया।

उन्होंने आंध्र प्रदेश में पार्टी की जीत में योगदान देने वाले तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के तेलंगाना कैडर की कड़ी मेहनत की सराहना की और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। नायडू ने कहा कि उन्हें बिना किसी कारण जेल में डाल दिया गया था। उन्होंने हैदराबाद के लोगों द्वारा उनके प्रति व्यक्त की गयी चिंता लिए आभार व्यक्त किया। नायडू ने दावा किया कि वाईएसआरसीपी शासन की वजह से हुई क्षति राज्य के विभाजन से हुई क्षति से अधिक है।

जेपी नड्डा ने जम्मू में रघुनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की

जम्मू। केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने रविवार को यहां ऐतिहासिक रघुनाथ मंदिर में दर्शन किए। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव व जम्मू कश्मीर के प्रभारी तरुण चुघ तथा सांसद जुगल किशोर और पूर्व मंत्री प्रिया सेठी ने नड्डा का मंदिर में स्वागत किया। नड्डा भाजपा की विस्तारित कार्यसमिति बैठक में भाग लेने शनिवार दोपहर जम्मू पहुंचे।

अहमदाबाद में श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा शुरू

अहमदाबाद, एजेंसी

श्री जगन्नाथ की 147वीं रथ यात्रा रविवार सुबह गुजरात के अहमदाबाद शहर में शुरू हुई, जहां उनके दर्शन के लिए यात्रा मार्ग पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। श्री जगन्नाथ, उनके भाई बालभद्र और बहन सुभद्रा का रथ दशकों पुरानी परंपरा के अनुसार खलासी समुदाय के सदस्यों ने खींचा। यह रथ यात्रा हर साल आषाढ़ माह के दूसरे दिन निकाली जाती है।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने मंगला आरती की और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने पाहिंद विधि संपन्न की। यह विधि जमालपुर इलाके में श्री जगन्नाथ के 400 वर्ष पुराने मंदिर से रथ यात्रा शुरू होने पर सोने की झाड़ू से यात्रा मार्ग को साफ करने की परंपरा है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने पहले बताया था कि इस कार्यक्रम के लिए 22,000 से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया जाएगा और लोगों की आवाजाही पर नजर रखने के लिए 20 ड्रोन के साथ-साथ कैमरे लगे कुछ गुब्बारे का भी उपयोग किया जाएगा। इनमें से 4,500 जवान पूरे 16 किलोमीटर लंबे मार्ग पर रथ यात्रा के साथ चलेंगे, जबकि 1,931 जवान यातायात प्रबंधन के लिए तैनात किए जाएंगे। दशकों पुरानी परंपरा के अनुसार, रथ यात्रा शहर के विभिन्न इलाकों से गुजरते हुए रात आठ बजे तक लौटेगी, इनमें साम्प्रदायिक रूप से कुछ संवेदनशील इलाके भी शामिल हैं। यात्रा में आम तौर पर 18 सुसज्जित हाथी, 100 ट्रक और 30 अखाड़ों के लोग शामिल होते हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में रथ यात्रा उत्सव पर मंदिर में पूजा की।

इमारत ढहने की घटना में मृतकों की संख्या हुई सात

सूरत, एजेंसी

गुजरात के सूरत शहर में छह मंजिला इमारत ढहने की घटना में रात में छह और शव बरामद होने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इमारत के किराएदारों से किराया वसूलने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है और उस पर तथा इमारत के दो मालिकों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार पाल इलाके में स्थित यह आवासीय इमारत जीर्ण-शीर्ण अवस्था में थी और शनिवार दोपहर करीब 2:45 बजे ढह गई। सूरत पुलिस ने एक बयान में कहा कि बचाव अभियान में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक टीम, राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की दो टीम, पुलिसकर्मी और दमकलकर्मी शामिल थे। करीब तीन घंटे के अभियान के बाद वे कशिश शर्मा नाम की 20 वर्षीय महिला को निकालने में सफल रहे और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। एक अधिकारी ने पहले बताया था कि शनिवार रात को एक व्यक्ति का शव निकाला गया। पुलिस के अनुसार बचाव दल ने बाद में मलबे से छह और शव निकाले।

सूरत में एक इमारत गिरने के बाद जारी बचाव अभियान। ● एजेंसी

लोको पायलटों को लेकर सरकार को घेरा

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार ने लोको पायलटों के जीवन की रेल को पटरी से उतार दिया है और उनके जीवन को बहुत कठिन बना दिया है इसलिए वह इस मुद्दे को संसद में उठाएंगे।

गांधी दो दिन पहले नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लोको पायलटों से मिले थे और उन्होंने लोको पायलट की समस्याएं सुनी। इस दौरान लोको पायलेट्स ने उन्हें अपनी दिक्कतें बताई और कहा कि उनका जीवन बहुत कठिन हो गया है। उनसे बहुत ज्यादा काम लिया जाता है, छुट्टी नहीं दी जाती है और उन्हें पर्याप्त आराम नहीं मिलता जो रेल दुर्घटनाओं की भी एक वजह है। गांधी के लोको पायलट से मुलाकात का वीडियो कांग्रेस ने रविवार को अपने ट्विटर हैंडल पर जारी किया जिसमें पायलेट अपनी समस्या गांधी को बता रहे है।

कांग्रेस नेता ने उनकी समस्याएं सुनने के बाद कहा कि मोदी सरकार में लोको पायलटों का जीवन बेहद मुश्किल हो चुका है। कांग्रेस नेता ने कहा, लगातार और बिना छुट्टी के काम करने की वजह से लोको पायलटों शारीरिक और मानसिक रूप से बीमार हो रहे हैं।

● कांग्रेस नेता राहुल गांधी बोले- मुद्दे को संसद में उठाएंगे

कारोबार/कृषि

बजट से आस

बजट में बुनियादी ढांचा क्षेत्र का दर्जा चाहता है होटल उद्योग

नई दिल्ली। आतिथ्य क्षेत्र की कंपनियां चाहती हैं कि सरकार आगामी आम बजट में होटल क्षेत्र को बुनियादी ढांचा क्षेत्र का दर्जा प्रदान करे, इससे नई संपत्तियों में निवेश अधिक आकर्षक बन सकेगा। उनका कहना है कि होटल क्षेत्र देश की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और इसे 'लक्जरी' के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जाना चाहिए। इसके अलावा यह उद्योग चाहता है कि सरकार को आतिथ्य क्षेत्र को टिकाऊ और पर्यावरणनुकूल व्यवहार को अपनाने के लिए कर छूट या सब्सिडी के रूप में प्रोत्साहन देने पर पर विचार करना चाहिए। आतिथ्य क्षेत्र की कंपनियां चाहती हैं कि सरकार आगामी बजट में पर्यटन एजेंडा में तेजी लाने पर ध्यान दे क्योंकि यह देश के आतिथ्य क्षेत्र को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान देने का महत्वपूर्ण 'इंजन' और रोजगार सृजन का जरिया बनाने का बड़ा अवसर है।

कर रियायतें, प्रभावी आईपीआर व्यवस्था चाहता है फार्मा उद्योग

नई दिल्ली। घरेलू फार्मास्युटिकल उद्योग चाहता है कि सरकार आगामी बजट में क्षेत्र में शोध एवं विकास (आरएंडडी) को बढ़ावा देने के लिए कॉरपोरेट कर में रियायत दे और एक प्रभावी बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) व्यवस्था स्थापित करने के लिए कदम उठाए। इससे देश में फार्मा उद्योग की वृद्धि को प्रोत्साहन मिलेगा। ऑर्गेनाइजेशन ऑफ फार्मास्युटिकल प्रोड्यूसर्स ऑफ इंडिया के महानिदेशक अनिल मताई बजट को लेकर उद्योग की मांग रखते हुए कहा कि सरकार शोध एवं विकास को बढ़ावा देने के कदम उठाए। इसके लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों को शोध एवं विकास से संबंद्ध प्रोत्साहन दिए जाएं।

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में लोगों का उत्साह, उत्कृष्ट कार्य सबसे बड़ी ताकतः मोदी

इनक्यूबेशन इनोवेशन फंड के सातवें स्थापना दिवस पर मोदी का लिखित संदेश

नयी दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने प्रौद्योगिकी के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करने को कहा
- विदेशी उत्पादों पर निर्भरता कम करना और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना उपलब्धियां
- वार्षिक इनोवेशन कॉन्क्लेव का विषय प्रभावकारी विचारः नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विभिन्न क्षेत्रों में भारतीयों का उत्कृष्ट कार्य तथा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का उत्साह देश की सबसे बड़ी ताकत है। जैन अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संगठन (जेआईटीओ) के इनक्यूबेशन इनोवेशन फंड के सातवें स्थापना दिवस पर लिखित संदेश में मोदी ने कहा कि भारत के प्रति दुनियाभर में जिस तरह का आशावाद और भरोसा देखा जा रहा है, वह देश की ताकत को दिखाता है।

मोदी ने कहा, भारत अपार संभावनाओं वाला देश है। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हमारे देशवासियों की भागीदारी और देश के विकास के लिए उनका उत्साह हमारी सबसे बड़ी ताकत है। प्रधानमंत्री ने प्रौद्योगिकी के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करते हुए 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है।

उन्होंने कहा कि विदेशी उत्पादों पर निर्भरता कम करना और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक है।

मोदी ने कहा, आज का आशावाद और हमारी क्षमताओं में अटूट विश्वास अंतरिक्ष विज्ञान, रक्षा और व्यापार सहित सभी क्षेत्रों तक फैला हुआ है। जेआईटीओ जैसे संगठनों ने पिछले दशक में इन उपलब्धियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण में योगदान दिया है। जेआईटीओ इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन फंड (जेआईआईएफ) ने छह और सात जुलाई को अपना वार्षिक इनोवेशन कॉन्क्लेव आयोजित किया। इसका विषय था प्रभावकारी विचारः नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना। जेआईटीओ की अनुषंगी कंपनी जेआईआईएफ ने 80 कंपनियों में 200 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है और 25 से अधिक जैन उद्यमियों को प्रशिक्षित किया है।

विदेशी मुद्रा भंडार 1.7 अरब डॉलर घटकर 651.9 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में जबरदस्त गिरावट आने से 28 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.7 अरब डॉलर कम होकर 651.9 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 28 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.3 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 572.9 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 42.7 करोड़ डॉलर कम होकर 56.53 अरब डॉलर पर आ गया।

100 नई शाखाएं खोलेगा पंजाब एंड सिंध बैंक

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक ने चालू वित्त वर्ष में देशभर में 100 नई शाखाएं खोलने की योजना बनाई है। इस दौरान बैंक की अपने नेटवर्क में 100 नए एटीएम जोड़ने की भी योजना है। पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक स्वरूप कुमार साहा ने एजेंसी से कहा, सौ शाखाओं के जुड़ने से 2024-25 के अंत तक बैंक की शाखाओं की कुल संख्या 1,665 तक पहुंच जाएगी और एटीएम की संख्या भी 1,135 हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि बैंक शाखा विस्तार पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगा और उत्तरी क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी नई शाखाएं खोली जाएंगी। उन्होंने कहा कि बैंक का बैंकिंग प्रतिनिधि (बीसी) के माध्यम से अपनी पहुंच बढ़ाने का भी विचार है। उन्होंने कहा कि बैंक की योजना चालू वित्त वर्ष के दौरान अपने बीसी नेटवर्क को दोगुना करने की है। उन्होंने कहा कि बैंक इस नेटवर्क को वर्तमान के 1,700 से बढ़ाकर चालू वित्त वर्ष (2024-25) के अंत तक 4,000 तक करने का प्रयास कर रहा है। साहा ने कहा कि बैंक ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए अधिक उत्पादों और प्रक्रियाओं को अनुकूलित करने पर काम कर रहा है।

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Punjab & Sind Bank (A Govt. of India Undertaking)

● 2024-25 के अंत तक शाखाओं की कुल संख्या 1,665 होगी

तिमाही नतीजों का बाजार पर रहेगा असर

मुंबई। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की टिप्पणी से ब्याज दर में कटौती शुरू होने की एक बार फिर उम्मीद जगने से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह एक प्रतिशत से अधिक चढ़े घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह वैश्विक रुख के साथ ही कंपनियों की पहली तिमाही के नतीजे का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 963.87 अंक की छलांग लगाकर 79996.60 अंक व निफ्टी 313.25 अंक मजबूत होकर 24323.85 अंक हो गया।

दिल्ली एनसीआर, मुंबई में घरों की कीमतें बढ़ीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनारॉक के आंकड़ों के मुताबिक पांच वर्षों में लगभग 50 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई

दिल्ली एनसीआर और मुंबई महानगर क्षेत्र में घरों की औसत कीमतें पांच वर्षों में 50 प्रतिशत बढ़ी हैं। संपत्ति सलाहकार एनारॉक ने कहा है कि यह वृद्धि उच्च मांग से प्रेरित है। एनारॉक के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली एनसीआर में आवासीय संपत्तियों की औसत कीमत जनवरी-जून, 2024 में 49 प्रतिशत बढ़कर 6,800 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई है, जो 2019 की समान अवधि में 4,565 रुपये प्रति वर्ग फुट थी। इसी तरह, एमएमआर में समीक्षाधीन अवधि के दौरान आवास की औसत कीमतें 10,610 रुपये प्रति वर्ग फुट से 48 प्रतिशत बढ़कर 15,650 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं।

एनारॉक ने कहा कि निर्माण लागत में भारी बढ़ोतरी और अच्छी बिक्री के कारण कीमतों में वृद्धि हुई। इसने बताया कि 2016 के अंत से 2019 तक दोनों क्षेत्रों में कीमतें स्थिर रहीं थीं। कोविड-19 महामारी के कारण इन दोनों आवासीय बाजारों में मांग नई ऊंचाइयों पर पहुंच गई।

सिग्नेचर ग्लोबल की पहली तिमाही की बिक्री बुकिंग 3,120 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल की बिक्री बुकिंग अप्रैल-जून की पहली तिमाही में 3.5 गुना होकर 3,120 करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। कंपनी की आवासीय परियोजनाओं में भारी मांग की वजह से बिक्री बुकिंग में यह उछाल दर्ज हुआ है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी की बिक्री बुकिंग 820 करोड़ रुपये रही थी। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसने 968 आवासीय इकाइयां बेचीं। एक साल पहले समान अवधि में उसकी बिक्री 894 इकाई रही थी।

प्रकाशन से दो माह पहले अडाणी से संबंधित रिपोर्ट साझा की : सेबी

नयी दिल्ली, एजेंसी

- भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने हिंडनबर्ग रिसर्च को लेकर दावा किया

अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडाणी समूह के खिलाफ अपनी रिपोर्ट की एक अग्रिम प्रति इसके प्रकाशन से लगभग दो महीने पहले न्यूयॉर्क स्थित हेज कोष प्रबंधक मार्क किंग्डन के साथ साझा की थी और समूह की कंपनियों के शेयरों में उतार-चढ़ाव का लाभ उठाया था। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने यह दावा किया है।

सेबी ने हिंडनबर्ग को भेजे अपने 46 पृष्ठ के कारण बताओ नोटिस में विस्तार से बताया है कि कैसे अमेरिकी शॉर्ट सेलर, न्यूयॉर्क के हेज कोष और कोटक महिंद्रा बैंक से जुड़े ब्रोकर को समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों के मूल्यांकन में रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद आई 150 अरब डॉलर की गिरावट से लाभ हुआ। वहीं सेबी के इस कारण बताओ नोटिस के जवाब में हिंडनबर्ग ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि यह भारत के सबसे शक्तिशाली व्यक्तियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी को उजागर करने वालों को चुप कराने और डराने-धमकाने का प्रयास है।

नेक्सजेन एनर्जिया की 15,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना

नोएडा। हरित ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी नेक्सजेन एनर्जिया ने अगले 10 साल में देश में 5,000 ग्रीन डीजल और संपीड़ित बायोगैस पंप खोलने की योजना बनाई है। कंपनी इसके लिए 15,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। नोएडा स्थित कंपनी ने हाल में उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में अपने पहले सीबीजी पंप का उद्घाटन किया, जो स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण सेवाओं को बढ़ावा देने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नेक्सजेन एनर्जिया के चेयरमैन पीयूष द्विवेदी ने बताया, स्वच्छ ऊर्जा के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता इस एक पंप से कहीं आगे तक जाती है।

एक नजर

श्रीलंका में जुलाई के अंत तक राष्ट्रपति चुनाव की घोषणा

कोलंबो। श्रीलंका में निर्वाचन आयोग इस महीने के अंत तक राष्ट्रपति चुनाव की तारीख का ऐलान कर देगा। आयोग ने रविवार को यह जानकारी दी। निर्वाचन आयोग के अध्यक्ष आरएमएएल रत्नायके ने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव 17 सितंबर से 16 अक्टूबर के बीच होगा। निर्वाचन आयोग फिलहाल 2024 के चुनावी रजिस्टर को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है, जो चुनाव का आधार होगा। अधिकारियों ने बताया कि संशोधित सूची के अनुसार एक करोड़ 70 लाख से अधिक मतदाता चुनाव में मतदान करने के पात्र होंगे।

फिल्म निर्माता जॉन लैंडोउ का 62 वर्ष की उम्र में निधन

लॉस एंजिलिस। प्रसिद्ध अमेरिकी फिल्म निर्माता और ऑस्कर पुरस्कार विजेता जॉन लैंडोउ का निधन हो गया। वह 63 साल के थे। लैंडोउ ने निर्देशक जेम्स कैमरन के साथ मिलकर फिल्म टाइटैनिक और अवतार सीरीज पर काम किया था। डिज्नी एंटरटेनमेंट के सहअध्यक्ष एलन बर्गमैन ने शनिवार को एक बयान जारी कर लैंडोउ के निधन की जानकारी दी। हालांकि, यह नहीं बताया कि मृत्यु किस कारण हुई।

ब्रिटिश रेलवे का जल्द ही पुनर्राष्ट्रीयकरण करेगा

लंदन। ब्रिटेन की लेबर पार्टी का इरादा ब्रिटिश रेलवे का जितनी जल्दी हो सके पुनर्राष्ट्रीयकरण करने का है। द टेलीग्राफ अखबार ने ब्रिटेन के नए परिवहन मंत्री लुईस हाई के हवाले से बताया कि लेबर पार्टी ने कथित तौर पर पांच साल के भीतर देश के रेलवे नेटवर्क को पूरी तरह से राष्ट्रीयकृत करने और एक राज्य के स्वामित्व वाली कंपनी, ग्रेट ब्रिटिश रेलवे बनाने का वादा किया है जो निजी स्वामित्व वाले यात्री परिवहन अनुबंधों की समाप्ति के बाद विरासत में मिलेगी। ब्रिटेन लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर 58वें प्रधानमंत्री बन गए। उनकी पार्टी को गुरुवार के आम चुनाव में भारी जीत दर्ज हुई।

पाकिस्तान-चीन सहयोग का नया युग शुरू : शहबाज

इस्लामाबाद। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), संचार, खनन एवं ऊर्जा क्षेत्रों में पाकिस्तान-चीन सहयोग का एक नया युग शुरू हो गया है और इससे आर्थिक विकास होगा तथा समय की कसौटी पर खरे उतरे द्विपक्षीय संबंध और प्रगाढ़ होंगे। रेडियो पाकिस्तान की रिपोर्ट के अनुसार शरीफ की यह टिप्पणी शनिवार को इस्लामाबाद में चीन की अपनी हालिया यात्रा के दौरान किए गए समझौतों और सहमति ज्ञापनों के क्रियान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए आई। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन क्षेत्रों में पाकिस्तान-चीन सहयोग को बढ़ावा देने से आर्थिक विकास होगा, क्षेत्रीय संबंधों में मजबूती आएगी और दोनों देशों के बीच संबंध प्रगाढ़ होंगे। उन्होंने पाक-चीन की मित्रता का उल्लेख करते हुए कहा कि चीन ने हमेशा मुश्किल समय में पाकिस्तान का साथ दिया है। उन्होंने कहा चीन सबसे मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में उभरा है।

आ गया जोरावर, हांफेगा चीन

सेना को शुरुआत में 59 टैंक उपलब्ध कराए जाएंगे

चीन के साथ सीमा विवाद के बीच भारत स्वदेशी टैंक विकसित कर रहा है। भारत ने हल्के वजन वाले टैंक जोरावर को निर्माण की दिशा में अहम पड़ाव को पार कर लिया है। स्वदेशी टैंक जोरावर लद्दाख के ऊंचाई वाले क्षेत्रों के काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सेना में जोरावर के शामिल होने से चीन के खिलाफ भारत की स्थिति अधिक मजबूत दिखेगी। पर्वतीय इलाकों में अधिक स्पीड से चल सकता है।

दो साल के रिकॉर्ड समय में विकसित यह टैंक स्वदेशी निर्माण में भारतीय प्रगति का प्रमाण है। यह चीनी सीमा पर तैनात किए जाएंगे। डीआरडीओ की ओर से यह टेस्टिंग के लिए तैयार किया गया है। इनमें से 59 टैंक शुरुआत में सेना को उपलब्ध कराए जाएंगे और यह 295 और बख्तरबंद वाहनों के प्रमुख कार्यक्रम के लिए अग्रणी होगा। भारतीय वायु सेना सी-17 श्रेणी के परिवहन विमान में एक बार में दो टैंकों की आपूर्ति कर सकती है क्योंकि यह टैंक हल्का है और इसे पर्वतीय घाटियों में हाई स्पीड से चलाया जा सकता है। अगले 12-18 महीनों में यह टैंक से जुड़े अन्य परीक्षण पूरा कर इसे सेना में शामिल किए जाने के की उम्मीद है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन डीआरडीओ के प्रमुख ने शनिवार को कहा कि स्वदेशी हल्के टैंक जोरावर को सभी परीक्षणों अगले तीन वर्ष तक पूरा हो जाने की उम्मीद है।

जोरावर की खूबियां

- फील्ड आर्टिलरी- एफवी433, 105 एमएम
- कॉक्सियल मशीन गन- 7 .62 एमएम
- वजन- 25 टन
- बैठने की क्षमता- 3 लोग
- ताकत- 1000 हॉर्स पावर
- स्पीड-70 किमी/घंटा
- ऑफरोड-35 से 40 किमी/घंटा

"यह हम सबके लिए गर्व की बात है भारत का अपना लाइट टैंक जल्द एक्शन में होगा। टैंक का परीक्षण संबंधी अहम पड़ाव को पार करना चुनौती था। यह मुझे खुश और गौरवान्वित करता है। दो से ढाई साल की छोटी सी अवधि में, हमने न केवल इस टैंक को डिजाइन किया है, बल्कि इसका पहला प्रोटोटाइप भी बनाया है।

-**समीर वी. कामथ**, डीआरडीओ चीफ

इसलिए खास है जोरावर

रूस और यूक्रेन संघर्ष से सबक सीखते हुए डीआरडीओ ने जोरावर टैंक में घूमने वाले हथियारों के लिए यूएसवी को इंटीग्रेट किया है। लाइट टैंक जोरावर काफी हल्का है। यह पहली बार है कि इतने कम समय में एक नया टैंक डिजाइन करके टेस्टिंग के लिए तैयार किया गया है। जोरावर टैंक की खास बात इसका वजन और साथ ही एक टैंक के मूलभूत मापदंडों का कॉम्बिनेशन है। इस टैंक में फायर, ताकत, मोबिलिटी और सुरक्षा है।

2027 तक सेना का होगा हिस्सा

डीआरडीओ प्रमुख ने बताया कि लाइट टैंक को एक्शन में देखना हम सभी के लिए वास्तव में एक महत्वपूर्ण दिन है। यह मुझे खुश और गौरवान्वित करता है। यह वास्तव में एक मिसाल है। दो साल से ढाई साल की छोटी अवधि में, हमने न केवल इस टैंक को डिजाइन किया है, बल्कि पहला प्रोटोटाइप भी बनाया है। अब पहला प्रोटोटाइप अगले छह महीनों में डेवलपमेंट टेस्ट से गुजरेगा। फिर हम इसे अपने यूजर्स को यूजर टेस्टिंग के लिए पेश करने के लिए तैयार होंगे। सभी टेस्ट के बाद जोरावर को वर्ष 2027 तक भारतीय सेना में शामिल किए जाने की उम्मीद है।

चुनाव लड़ेंगे या मैदान छोड़ेंगे बाइडेन दो दिन में लेंगे फैसला

यदि बाइडेन मना करते हैं तो उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को करेंगे नामित

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और अन्य राज्यों के गवर्नर के साथ हाल में एक बैठक में भाग लेने वाले हवाई के गवर्नर जोश ग्रीन ने कहा कि बाइडेन दो दिन में यह फैसला कर लेंगे कि उन्हें राष्ट्रपति पद के चुनावी मुकाबले में बने रहना है या नहीं।

ग्रीन ने शनिवार को कहा कि उनका मानना है कि यदि राष्ट्रपति जो बाइडेन चुनावी दौड़ से बाहर होने का फैसला करते हैं तो वह चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर अपने स्थान पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को नामित करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर राष्ट्रपति को यह लगता है कि वह वास्तव में चुनाव जीत नहीं पाएंगे तो वह दौड़ से बाहर हो जाएंगे। वह इस बात की समीक्षा कर रहे हैं। ग्रीन ने कहा कि दुनिया को जल्द पता चल जाएगा कि बाइडेन के मन में राष्ट्रपति पद को लेकर क्या विचार है।

- राष्ट्रपति व अन्य राज्यों के गवर्नर के साथ बैठक में भाग लेने वाले हवाई के गवर्नर ने दी जानकारी

बाइडेन ने कई बार कहा है कि वह राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के अपने प्रतिद्वंद्वी एवं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ मुकाबले में बने रहेंगे। राष्ट्रपति पद के चुनाव की प्रक्रिया के तहत अटलांटा में 27 जून को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बहस में खराब प्रदर्शन के बाद बाइडेन (81) की लोकप्रियता की रेटिंग गिर गई है, जिसके बाद उन्हीं की पार्टी के कुछ नेताओं ने उनसे राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से बाहर होने का आग्रह किया था।

बाइडेन के साक्षात्कार के लिए रेडियो होस्ट को भेजी गई सवालों की सूची

वाशिंगटन। अमेरिका के फिलाडेल्फिया में वर्ड रेडियो स्टेशन के संवाददाता को उनकी टीम से अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साक्षात्कार के लिए अनुमोदित प्रश्नों की एक सूची भेज दी गई है। वर्ड की मेजबान एंड्रिया लॉफुल-सैंडर्स ने यह जानकारी दी। उन्होंने शनिवार को सीएनएन को बताया प्रश्न मुझे मंजूरी के लिए भेजे गए थे, मैंने उन्हें मंजूरी दे दी... मुझे कई सवाल मिले उनमें से आठ थे और मैंने उन्हें उन्हें चार सवालों की मंजूरी दे दी।

- फिलाडेल्फिया में वर्ड रेडियो स्टेशन के संवाददाता ने आठ में से चार सवालों को दी मंजूरी

यह पुष्टि करने के लिए पूछे जाने पर कि क्या प्रश्नों की सूची व्हाइट हाउस से प्राप्त हुई थी सैंडर्स ने कहा, उसी दिन सिविकमीडिया रेडियो होस्ट अर्ल इंग्राम ने एबीसी न्यूज को बताया कि उन्हें साक्षात्कार के लिए प्रश्न भी दिए गए थे। इंग्राम ने कहा कि उन्हें अमेरिकी नेता की टीम से पांच सवालों की एक सूची मिली और उन्होंने उनमें से चार सवाल चुने।

फ्रांस में अंतिम चरण के लिए मतदान जारी पहले में दक्षिण कट्टरपंथी पार्टी रही थी आगे

पेरिस, एजेंसी

- नाजी युग के बाद सत्ता की बागडोर दक्षिणपंथी ताकतों के हाथों में जाने की संभावना
- बहुमत न मिला तो यूरोपीय नीतियों का विरोध करने वाले दलों के साथ सत्ता साझा करनी पड़ेगी मैक्रों को

फ्रांस में संसदीय चुनाव में लिए रविवार को अंतिम चरण का मतदान जारी है जिसमें नाजी युग के बाद सत्ता की बागडोर पहली बार राष्ट्रवादी एवं धुर-दक्षिणपंथी ताकतों के हाथों में जाने या त्रिशंकु संसद की संभावना जताई जा रही है। फ्रांस की संसद का कार्यकाल 2027 में खत्म होना था लेकिन यूरोपीय संघ में 9 जून को बड़ी हार मिलने के बाद राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने समय से पहले संसद भंग कर बड़ा जुआ खेला है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रविवार को संसदीय चुनाव में मतदान किया।

इस मध्यावधि चुनाव के परिणाम से यूरोपीय वित्तीय बाजारों यूक्रेन के लिए पश्चिमी देशों के समर्थन और वैश्विक सैन्य बल व परमाणु शस्त्रागार के प्रबंधन के फ्रांस के तौर-तरीके पर काफी प्रभाव पड़ने की संभावना है। चुनाव में करीब चार करोड़ 90 लाख मतदाता मतदान के लिए पंजीकृत हैं और यह चुनाव तय करेगा कि नेशनल असेंबली पर किसका नियंत्रण होगा तथा प्रधानमंत्री कौन बनेगा। अगर मैक्रों को बहुमत नहीं मिला तो उन्हें यूरोपीय संघ-समर्थक नीतियों का विरोध करने वाले दलों के साथ सत्ता साझा करने को मजबूर होना पड़ेगा। इससे पहले 30 जून को पहले चरण का चुनाव हुआ था। सर्वेक्षणों से पता चला है कि नेशनल रैली 577 सीट वाली नेशनल असेंबली में अधिक सीट जीत सकती है, लेकिन बहुमत के लिए 289 सीट संभवता नहीं जीत पाएगी।

फ्रांस में संसदीय चुनाव के दौरान वोट डालती महिला।

नस्लवाद व यहूदी-विरोधी भावना से नेशनल रैली का संबंध

नेशनल रैली का नस्लवाद और यहूदी-विरोधी भावना से पुराना संबंध है तथा यह फ्रांस के मुस्लिम समुदाय की विरोधी मानी जाती है। अनेक फ्रांसीसी मतदाता महंगाई और आर्थिक चिंताओं से परेशान हैं। वे राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के नेतृत्व से भी निराश हैं। मरीन ले पेन की आव्रजन विरोधी नेशनल रैली पार्टी ने इस असंतोष को चुनाव में भुनाया है और उसे विशेष रूप से टिकटॉक जैसे ऑनलाइन मंचों के जरिए हवा दी है। नया वामपंथी गठबंधन न्यू पॉपुलर फ्रंट भी व्यापार समर्थक मैक्रों और उनके मध्यमार्गी गठबंधन टुगेदर फॉर द रिपब्लिक' के लिए चुनौती पेश कर रहा है।

मोदी की यात्रा को लेकर उत्सुक है रूस : दिमित्री

मॉस्को, एजेंसी

रूस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मॉस्को की बेहद अहम यात्रा को लेकर उत्सुक है और वह इस यात्रा को रूस तथा भारत के संबंधों के लिए अति महत्वपूर्ण मानता है। रूस के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने शनिवार को यह बात कही। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर मोदी 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और वह 8 एवं 9 जुलाई को मॉस्को में रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को नई दिल्ली में इस उच्चस्तरीय यात्रा के बारे में जानकारी दी थी और कहा था कि दोनों नेता दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण समीक्षा करेंगे तथा आपसी हितों के समकालीन क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। पेसकोव रूस के सरकारी टेलीविजन वीजीटीआरके के साथ साक्षात्कार में कहा कि मॉस्को में दोनों नेता अन्य कार्यक्रमों के अलावा अनौपचारिक बातचीत भी करेंगे। उन्होंने कहा जाहिर है कि अगर इसे अति व्यस्त न भी कहा जाए तो भी एजेंडा व्यापक होगा। यह एक आधिकारिक यात्रा होगी और दोनों नेता अनौपचारिक तरीके से भी बातचीत कर सकेंगे।



- 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे मोदी, आज पहुंचेंगे रूस

हमले में 16 फिलिस्तीनियों की मौत

दोहा, एजेंसी

गाजा में नुसीरात शरणार्थी शिविर और फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) स्कूल पर रविवार को इजराइली हमले में 16 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए और 50 घायल हो गए।

स्पूतनिक ने मंत्रालय का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक पत्र में कहा, कब्जे वाले बलों ने नुसीरात में यूएनआरडब्ल्यूए स्कूल में एक नया नरसंहार किया, जहां विस्थापित लोग शरण लिए हुए थे। हमले के बाद 16 से अधिक मारे गए और 50 घायलों को शुहदा अल-अक्सा अस्पताल ले जाया गया। हमास कहा कि जब गोलाबारी हुई तो उसके सैनिक स्कूल में नहीं थे। ऐसी जगहों पर इजराइली बमबारी हो रही थी। हमास ने सात अक्टूबर 2023 को इजराइल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया।

इजराइल ने नुसीरात व फिलिस्तीन शिविर पर बरसाए बम

इजराइल में नेतन्याहू के खिलाफ फिर विरोध-प्रदर्शन

तेल अवीव। गाजा में युद्ध शुरू होने के नौ महीने पूरे होने पर इजराइल के प्रदर्शनकारियों ने रविवार को देशभर में राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से पद छोड़ने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने संघर्ष विराम का आह्वान किया ताकि हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को वापस लाया जा सके। ये प्रदर्शन ऐसे समय में हो रहे हैं जब अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों ने समझौते के लिए नए सिरे से प्रयास शुरू कर दिए हैं। मिस्र और हमास के अधिकारियों ने कहा कि सप्ताहांत में हमास ने युद्ध समाप्त करने के लिए इजराइल की प्रतिबद्धता की प्रमुख मांग छोड़ दी है। इससे नवंबर के बाद पहली बार लड़ाई रुक सकती है तथा आगे की वार्ता के लिए मंच तैयार हो सकता है। पिछले साल सात अक्टूबर को सीमा पार से हुए हमले के बाद फिलिस्तीनी उग्रवादी समूह द्वारा शुरू किए गए युद्ध में 1,200 लोग मारे जा चुके हैं और 250 अन्य को बंधक बनाया गया है। क्षेत्र के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजराइल के जवाबी हवाई और जमीनी हमले में 38 हजार से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

चुनौतियों से पार पाने में ईरान की मदद करना अगली बड़ी परीक्षा

तेहरान, एजेंसी

ईरान के निर्वाचित राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने शनिवार को कहा कि देश को अड़चनों, चुनौतियों और संकटों से पार पाने में मदद करना अगली बड़ी परीक्षा होगी। उन्होंने यह टिप्पणी तेहरान में इमाम खुमैनी के मकबरे पर समर्थकों के साथ बात करते हुए की। पेजेश्कियन को देश के 14वें राष्ट्रपति चुनाव में सिद्धांतवादी उम्मीदवार सईद जलीली के खिलाफ़ दूसरे दौर के मुकाबले में विजेता घोषित किया गया।

उन्होंने ईरान के लोगों की सेवा करने की अपनी तत्परता पर जोर दिया और उनकी चिंताओं को ध्यान से सुनने का वादा किया। उन्होंने अपने प्रशासन के सामने आने वाली चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों को स्वीकार किया और तनाव कम करने और कठिनाइयों से निपटने के लिए ईरानी संसद के साथ काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने अपने अभियान के वादों की प्रामाणिकता को रेखांकित किया एवं पुष्टि की कि उन्होंने जो प्रतिबद्धताएं की हैं उन्हें पूरा करने का इरादा है। पेजेश्कियन ने 16,384,403 वोटों के साथ चुनाव जीता जबकि जलीली को 13,538,179 वोट मिले। वह 2016 से 2020 तक संसद के पहले डिप्टी स्पीकर और 2001 से 2005 के बीच स्वास्थ्य मंत्री थे।

- निर्वाचित राष्ट्रपति पेजेश्कियन ने लोगों की सेवा करने की अपनी तत्परता पर जोर दिया

बॉलीवुड हलचल

जस्टिन बीबर ने अनंत-राधिका के समारोह की तस्वीरें की साझा

मुंबई। मशहूर अंतर्राष्ट्रीय पॉप गायक जस्टिन बीबर ने जाने-माने उद्योगपति एवं अरबपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और उनकी मंगेतर राधिका मर्चेंट के संगीत समारोह की कई अनदेखी तस्वीरें और वीडियो साझा किए हैं। बीबर शुक्रवार सुबह लॉस एंजिलिस से मुंबई पहुंचे। उन्होंने रात में जियो कन्वेंशन सेंटर में आयोजित अनंत-राधिका के संगीत समारोह में अपने प्रसिद्ध गानों बेबी, सॉरी, लव योर सेल्फ और पीचेस से धूम मचा दी। बीबर (30) अपनी खास प्रस्तुति देने के बाद मियामी रवाना हो गए थे। उन्होंने शनिवार रात इंस्टाग्राम पर अपनी प्रस्तुति की कई तस्वीरें और वीडियो साझा किए। बीबर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर संगीत समारोह के दौरान दी शानदार प्रस्तुति और उनके साथ गाना गाते हुए लोगों की झलकियां साझा कीं। तस्वीरों में बीबर अनंत और राधिका के साथ मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं।

अक्षरा सिंह के नया गाना मोहिनी का टीजर रिलीज

मुंबई। भोजपुरी सिनेमा की मशहूर अदाकारा और गायिका अक्षरा सिंह के नये गाने मोहिनी का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर आइकॉन भोजपुरी बवाल के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है, जिसमें अक्षरा सिंह और अंशुमान राजपूत नजर आ रहे हैं। यह गाना कल 8 जुलाई को रिलीज होने वाला है। मोहिनी गाने में अक्षरा सिंह ने अपनी सिंगिंग और अदाकारी का जादू बिखेरा है। टीजर आउट होने के बाद अपने नए गाने को लेकर अक्षरा सिंह ने कहा, मुझे खुशी हो रही है कि मैं आप सबके सामने अपना नया गाना मोहिनी लेकर आ रही हूं। आप सभी को यह गाना पसंद आएगा। गाना मोहिनी का लिरिक्स विनय बिहारी ने लिखा है, जबकि गाने के संगीतकार मधुकर आनंद हैं। डी ओपी वेंकटेश महेश हैं और कोरियोग्राफर विशाल गुप्ता और सूरज हैं।

दिलीप कुमार की डेथ एनिवर्सरी पर भावुक हुई सायरा बानो

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री सायरा बानो अपने दिवंगत पति दिलीप कुमार की पुण्यतिथि पर भावुक हो गईं। दिलीप कुमार का 7 जुलाई 2021 को निधन हो गया था। सायरा ने इमोशनल पोस्ट शेयर किया है जिसमें उन्होंने कुछ प्यार भरी तस्वीरें और एक नोट शेयर किया है। नोट में सायरा बानो ने लिखा है प्रिय यूसुफ जान चाहे कुछ भी हो, हम फिर भी हाथ में हाथ डालकर साथ चलेंगे। जब तक समय का अस्तित्व है, तब तक साथ रहेंगे। हर पल हमारे साथ का गवाह है। मैं अक्सर उस प्यार और जीवन के बारे में सोचती हूं, जो हमने साथ बिताया क्योंकि यह अभी भी हमें पूरा करता है।

भारत-ब्रिटेन एफटीए पर अगले दौर की वार्ता इसी महीने करेंगे

नई दिल्ली। ब्रिटेन में नई सरकार के कार्यभार संभालने के साथ ही भारत और ब्रिटेन के वरिष्ठ अधिकारी प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए लंबित मुद्दों को सुलझाने और वार्ता को अंतिम रूप देने के लिए इस महीने अगले दौर की वार्ता करेंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। एफटीए के लिए भारत-ब्रिटेन वार्ता जनवरी, 2022 में शुरू हुई थी। दोनों देशों में आम चुनाव के चलते 14वें दौर की वार्ता रुक गई। अधिकारी ने कहा कि दोनों पक्ष संपर्क में हैं और अगला दौर इसी महीने शुरू होगा। ब्रिटेन के नव-निर्वाचित प्रधानमंत्री स्टॉर्मर ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात की और कहा कि वह दोनों पक्षों के लिए लाभकारी एफटीए को पूरा करने के लिए तैयार हैं।

सराहनीय संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए चुने गए लेबर सांसदों में शामिल

भारत के सोजन जोसेफ बने ब्रिटेन में सांसद

लंदन, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) में मानसिक स्वास्थ्य नर्स सोजन जोसेफ ब्रिटेन के आम चुनाव में ब्रिटेन की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए चुने गए लेबर सांसदों में शामिल हैं। जोसेफ 22 साल पहले केरल से ब्रिटेन आए थे।

जोसेफ (49) ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं से मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं पर अधिक जोर देने का वादा किया था और वह कंजर्वेटिव पार्टी का गढ़ माने जाने वाले दक्षिण-पूर्वी इंग्लैंड की केंट काउंटी के एशफोर्ड में सेंध लगाने में सफल रहे। लेबर पार्टी के उम्मीदवार के रूप में जोसेफ ने एशफोर्ड निर्वाचन क्षेत्र में जीत हासिल की। उन्होंने वरिष्ठ राजनीतिज्ञ डेमियन ग्रीन को हराया।

मूल रूप से केरल के कोट्टायम जिले के एक छोटे से गांव काइपुझा में जन्मे जोसेफ ने केंट की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा में मानसिक स्वास्थ्य नर्स के रूप में काम किया है। जोसेफ ने अपने संबोधन में कहा आप सभी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उससे मैं अभिभूत हूं और साथ ही मैं अपनी जिम्मेदारियों को भी जानता हूं।

उन्होंने कहा कि उन्हें एशफोर्ड और विल्सबोरो को अपना घर कहने में बहुत गर्व महसूस होता है। जोसेफ ने बेंगलुरु के बीआर आंबेडकर मेडिकल कॉलेज से नर्सिंग की पढ़ाई पूरी की थी। ब्रिटेन में उन्होंने स्वास्थ्य सेवा नेतृत्व में मास्टर डिग्री के लिए अध्ययन किया, जिसमें उन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में विविधता और समावेश पर ध्यान केंद्रित किया। ब्रिटेन में 4 जुलाई को हुए आम चुनाव में लेबर पार्टी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की थी और केअर स्टॉर्मर नए प्रधानमंत्री बने।

- केरल के रहने वाले जोसेफ 22 साल पहले ब्रिटेन पहुंचे थे